

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 220 | बुधवार, 23 सितंबर 2026 | भाद्रपद माह, शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


## एक नजर



### तेलंगाना हाई कोर्ट ने CAT का फैसला पलटा

**नई दिल्ली।** ब्रह्मोस एयरोस्पेस के महानिदेशक के पद पर डीआरडीओ वैज्ञानिक जयतीर्थ जोशी की नियुक्ति को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में बड़ा मोड़ आया है। तेलंगाना हाई कोर्ट ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण यानी कैट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें जोशी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर उनके खिलाफ फैसला दिया गया था। हाई कोर्ट के इस फैसले से जोशी की नियुक्ति को बड़ी राहत मिली है। जयतीर्थ जोशी की नियुक्ति को डीआरडीओ के ही वैज्ञानिक शिवसुब्रमण्यम नाम्बी नायडू ने चुनौती दी थी। नायडू ने कैट के समक्ष नियुक्ति प्रक्रिया और पद के लिए अपनी उम्मीदवारी से जुड़े कई मुद्दे उठाए थे। उनका कहना था कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस के महानिदेशक पद पर नियुक्ति के लिए उनकी वरिष्ठता और योग्यता को भी उचित महत्व दिया जाना चाहिए।

### वीर गार्जियन के बाद जोधपुर में मेगा एयर एक्सरसाइज



**नई दिल्ली :** भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को बताया कि 26 सितंबर से 12 अक्टूबर तक जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर आयोजित अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दूसरे संस्करण में सात देश अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हिस्सा लेंगे। बहुपक्षीय हवाई अभ्यास के दौरान भारत राफेल, मिराज-2000, जगुआर, तेजस, मिग-29 और एसयू-30 एमकेआई समेत अन्य हवाई संसाधनों का प्रदर्शन करेगा। इस अभ्यास का उद्देश्य देश की रक्षा क्षमता को प्रदर्शित करना और विभिन्न देशों की सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल एवं संयुक्त रूप से काम करने की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है। भारतीय वायुसेना ने कहा कि विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अमेरिका का बहुउद्देशीय 'स्टील्थ' लड़ाकू विमान एफ-35, फ्रांस का राफेल, यूएई का एफ-16 और बांग्लादेश का सी-130जे जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर दो सप्ताह तक अपने ''संयुक्त सामरिक युद्धाभ्यास'' का प्रदर्शन करेंगे।

# राज्यसभा चुनाव का ऐलान: उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की एक सीट पर 16 अक्टूबर को मतदान

जागरण मोर्चा कार्यालय




**दिल्ली/लखनऊ।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की 11 राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव कार्यक्रम घोषित किया है। इनमें उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की एक सीट शामिल है। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल की एक रिक्त राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव भी होगा। तीनों चुनावों के लिए मतदान 16 अक्टूबर 2026 को कराया जाएगा।

**29 सितंबर को जारी होगी अधिसूचना:** चुनाव आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना 29 सितंबर 2026 को जारी होगी। उम्मीदवार 6 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 अक्टूबर को होगी, जबकि उम्मीदवार 9 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे।

यदि मतदान की स्थिति बनती है तो 16 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोट डाले जाएंगे। मतदान खत्म होने के बाद उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 19 अक्टूबर 2026 तक पूरी कर ली जाएगी।

इन 10 सीटों में वर्तमान में आठ भाजपा, एक सपा और एक बसपा के पास है। डॉ. दिनेश शर्मा का कार्यकाल भी 25 नवंबर तक था, लेकिन अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का उपराज्यपाल नियुक्त होने के बाद उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनकी सीट पर भी चुनाव कराया जाएगा।

सपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव तथा बसपा के रामजी गौतम का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है।

**उत्तराखंड की एक सीट पर भी चुनाव:** उत्तराखंड में भाजपा के नरेश बंसल की राज्यसभा सीट का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इस सीट के लिए भी 16 अक्टूबर को मतदान होगा।

**पश्चिम बंगाल की खाली सीट पर उपचुनाव:** पश्चिम बंगाल की एक रिक्त राज्यसभा सीट पर भी इसी दिन उपचुनाव कराया जाएगा। दी गई जानकारी के मुताबिक टीएमसी की राज्यसभा सदस्य रुक्मिणी मल्लिक ने 16 जुलाई 2026 को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। उनकी सीट का कार्यकाल 2 अप्रैल 2032 तक था।

रुक्मिणी मल्लिक फरवरी 2026 में राज्यसभा के लिए नामित हुई थीं और अप्रैल 2026 में उन्होंने राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली थी। उनके इस्तीफे के बाद यह सीट रिक्त हुई।

**राज्यसभा चुनाव में कैसे होता है मतदान?:** राज्यसभा एक स्थायी सदन है और इसके करीब एक-तिहाई सदस्य हर दो वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं। राज्यसभा के निर्वाचित सदस्यों का चुनाव संबंधित राज्यों की विधानसभा के निर्वाचित सदस्य करते हैं। इसके लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सिंगल ट्रांसफरेबल वोट का इस्तेमाल होता है।

# बिहार विधान परिषद की 8 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव का ऐलान, 23 अक्टूबर को होगा मतदान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**नई दिल्ली।** विधान परिषद की 8 स्नातक और शिक्षक निर्वाचन सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनावों की घोषणा कर दी गई है, जिसके तहत आगामी 23 अक्टूबर को इन सभी सीटों पर मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इन सभी आठ सीटों पर वर्तमान में निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल आगामी 16 नवंबर 2026 को पूरा होने जा रहा है, जिस वजह से यह चुनाव कराए जा रहे हैं। जिन प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में यह चुनाव होने हैं, उनमें पटना स्नातक, दरभंगा स्नातक, तिरहुत स्नातक, कोसी स्नातक, पटना शिक्षक, दरभंगा शिक्षक, तिरहुत शिक्षक और सारण शिक्षक क्षेत्र शामिल हैं।

इस चुनाव प्रक्रिया के तहत पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार, दरभंगा स्नातक से सर्वेश कुमार, तिरहुत स्नातक से बंसीधर ब्रजवासी और कोसी स्नातक से एन. के. यादव का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। वहीं दूसरी ओर, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में पटना शिक्षक से नवल किशोर यादव, दरभंगा शिक्षक से मदन मोहन झा, तिरहुत शिक्षक से संजय कुमार सिंह और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से अफाक अहमद का कार्यकाल 16 नवंबर को पूरा होगा।

निर्वाचन आयोग ने इस पूरी चुनावी प्रक्रिया का विस्तृत कार्यक्रम भी जारी कर दिया है, जिसके अनुसार चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना आगामी 29 सितंबर को जारी की जाएगी। इस चुनावी कार्यक्रम के तहत उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर निर्धारित की गई है, जबकि अगले दिन यानी 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी। इसके बाद जो उम्मीदवार अपना नाम वापस लेना चाहें, वे 9 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्धारित तिथि यानी 23 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराया जाएगा। इसके ठीक कुछ दिनों बाद 27 अक्टूबर को वोटों की गिनती यानी मतगणना होगी और अंत में 31 अक्टूबर तक चुनाव से जुड़ी बाकी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी।

# ईरान की एयरलाइंस पर मंडराया सबसे बड़ा संकट, अमेरिका का प्लान तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**नई दिल्ली:** 7 महीने की जंग के बाद भी ईरान को कंट्रोल में नहीं ले पाए अमेरिका ने नया पैंतरा चला है। अब कोशिश यह है कि ईरान की एयरलाइंस पर ऐसा संकट लाया जाए, जिससे उनकी दुनिया भर की उड़ानें रुक जाएं। अमेरिका ने साफ संकेत दिया है कि अगर दूसरे देशों की कंपनियों ने ईरान की एयरलाइंस की मदद जारी रखी तो उन पर भी कार्रवाई हो सकती है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने चेतावनी दी है कि इसी हफ्ते से ईरान की सभी एयरलाइंस के लिए विदेशों में काम करना लगभग नामुमकिन हो सकता है।

अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग को करीब सात महीने होने वाले हैं। इसी बीच बेसेंट ने सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि दुनिया भर में ईरान की सभी एयरलाइंस को बंद कर दिया जाएगा। बेसेंट ने सिर्फ ईरान की एयरलाइंस को ही निशाना बनाने की बात नहीं की। उन्होंने ईरानी एयरलाइंस को जगह देने वाले एयरपोर्ट, टिकट बेचने वाली कंपनियां, फ्यूल देने वाली कंपनियां और एयरलाइंस को विदेशों में काम करने में मदद करने वाले दूसरे कारोबार को भी धमकी दी है।

बेसेंट ने कहा कि इस तरह ईरान की एयरलाइंस को 23 सितंबर तक दुनिया भर में अपना काम करने से लगभग बाहर किया जा सकता है। यह धमकी ईरान पर अमेरिका के आर्थिक दबाव को और बढ़ाने वाला नया कदम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध में आर्थिक कार्रवाई को भी एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे पहले अमेरिका ईरान के विमानन उद्योग पर बैन लगा चुका है। बेसेंट ने ईरान के खिलाफ "आर्थिक डी-डे" की चेतावनी भी दी थी और कहा था कि अमेरिका ईरान की आर्थिक व्यवस्था को पैसे की कमी से कमजोर करेगा।

बेसेंट की इस नई आर्थिक कार्रवाई पर ईरान की तरफ से अभी कोई जवाब नहीं आया है। हालांकि, कई देशों ने अमेरिकी धमकी के बाद ईरान की बैन एयरलाइंस के खिलाफ कदम उठाना शुरू कर दिया है। इराक के दो सूत्रों ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि अमेरिकी वित्त मंत्रालय की घोषणा के बाद बगदाद ईरान की एयरलाइंस की उड़ानों को रोक देगा। जॉर्जिया ने भी ईरान की एयरलाइंस को अपने देश में उड़ान भरने से रोक दिया है।

# हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी की मदद करने सामने आया ब्रिटेन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**नई दिल्ली।** यमन के हूती विद्रोहियों से लड़ते सऊदी अरब की जो मदद अमेरिका ने नहीं की है, वह ब्रिटेन करने को राजी हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम सऊदी अरब की मदद के लिए सैन्य सहायता देने पर सहमत हो गए हैं। यह मदद ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोहियों के हमलों से निपटने के लिए दी जाएगी। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के लिए जाते समय पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के प्लेन सऊदी अरब के लड़ाकू विमानों को हवा में ही फ्यूल भरने की 'रक्षात्मक' सुविधा देंगे।

ब्रिटेन का यह मिशन केवल सऊदी अरब के उन विमानों की मदद तक सीमित रहेगा, जो सऊदी को ड्रोन और मिसाइलों के हमलों से बचा रहे हैं। ब्रिटेन हूती विद्रोहियों पर हमला करने के लिए सऊदी अरब के विमानों की मदद नहीं करेगा। यह खास बात है।

वॉयजर टैंकर के जरिए हवा में सऊदी के लड़ाकू विमानों में फ्यूल भरने का काम कुछ ही दिनों में शुरू होने की उम्मीद है। यह मिशन सीमित समय के लिए होगा। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने संकेत दिया है कि यह "कुछ हफ्तों" तक चल सकता है। हवा में फ्यूल भरने का यह मिशन सऊदी अरब में पहले से तैनात ब्रिटेन के स्काई सेबर एयर डिफेंस सिस्टम के अलावा होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम बर्नहम ने पत्रकारों से कहा कि वह ब्रिटेन और पूरे क्षेत्र के हितों को सुरक्षित करने के लिए कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब पर लगातार हमले हो रहे हैं और आगे भी परेशानी बढ़ने की आशंका है। ऐसे में जरूरी है कि इन रास्तों को खुला रखा जाए। इसी वजह से ब्रिटेन ने सऊदी अरब के इस अनुरोध को स्वीकार किया है।

# वंदे मातरम् में 2 या 6 अंतरे तय करना सरकार का काम, 2 हफ्ते में मांगा जवाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



**नई दिल्ली।** वंदे मातरम् को राष्ट्रगान के समान दर्जा देने से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। जिसमें सर्वोच्च अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि राष्ट्रगान क्या होगा या राष्ट्रीय गीत में कितने पद दो या छह होने चाहिए, यह तय करना अदालत का काम नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक सरकार का विषय है। हालांकि, अदालत इस सवाल की जांच करेगी कि वंदे मातरम् नहीं गाना दंडनीय अपराध बनाया जा सकता है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिजॉय इमेनियुअल मामले में अदालत कानून स्पष्ट कर चुकी है कि किसी व्यक्ति को राष्ट्रगान नहीं गाने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता और यह कानूनी स्थिति आज भी कायम है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के संगीतकार टी.एम. कृष्णा की याचिका सुनवाई करते यह बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि कोई नागरिक अपने धार्मिक विश्वास या अंतरात्मा की आवाज के कारण वंदे मातरम् गाने से गुरेज करता है, तो उस पर कोई आपराधिक मुकदमा या दंडात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। बता दें कि कृष्णा ने राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 में 2026 के संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। इस संशोधन के जरिए राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को भी दंडात्मक संरक्षण दिए जाने को चुनौती दी गई है। इसके अलावा गृह मंत्रालय के उस निर्देश को भी चुनौती दी गई है , जिसमें आधिकारिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के सभी छह पद गाने की बात कही गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी। मोहना की पीठ ने मामले की सुनवाई की है।

# पंजाब में कांग्रेस और आप को साथ लाना चाहते हैं अखिलेश यादव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत पांच राज्यों के चुनाव फरवरी मार्च में होंगे। यूपी में कांग्रेस के समाजवादी पार्टी के साथ चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है लेकिन पंजाब को लेकर चित्र अलग है। यह गैर एनडीए शासित राज्य है और यहां पर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस है। इन दोनों राज्यों के साथ उत्तराखंड गांव और मणिपुर में भी चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनावों को लेकर सरगर्मी बढ़ने के साथ एक बड़ी चर्चा सामने आई है। यह चर्चा पंजाब में महागठबंधन को लेकर है।

राजनीतिक हलकों में ऐसी चर्चा है कि पंजाब में राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को साथ लाने की अंदरखाने कवायद चल रही है।पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का किला ढहने, बगावत में पार्टी के टूटने और अब पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह भी चला गया है। ममता बनर्जी की स्थिति को देखकर समाजवादी पार्टी बेहद सतर्क हैं। दावा किया जा रहा है कि बीजेपी के आक्रामक अभियान को देखते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को एक साथ लाने की कवायद अंदरखाने शुरू हो गई है।

दावा यहां तक किया जा रहा है कि इस पूरी रणनीति में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव मध्यस्थ की सबसे अहम भूमिका में हैं। उनके रिश्ते राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल दोनों के साथ बेहतर हैं। चर्चा है कि पंजाब में दोनों दल साथ आते हैं तो इसका लाभ 2027 में गुजरात और गोवा में मिलेगा। सूत्रों के मुताबिक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद अरविंद केजरीवाल से बात कर उन्हें गठबंधन के लिए राजी करने में जुटी हैं. जबकि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव भी इस एकजुटता के पक्ष में हैं। राजनीतिक विश्लेषक भी यह मान रहे हैं कि क्षेत्रीय दलों का अब बीजेपी से अकेले लड़ पाना संभव नहीं है। बीजेपी दिल्ली मॉडल को अब पंजाब में दोहराना चाहती है। बंगाल में जीत और बिहार में सत्ता हासिल करने के बाद बीजेपी के हौसल पूरी तरह से बुलंद हैं।

**चुनाव** | सात सीटों के बाद किसके खाते में जाएगी 10वीं सीट?

# उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर बढ़ी हलचल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों और विधान परिषद की 11 सीटों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। अगले दो महीनों में इन सीटों से जुड़ी चुनाव और चयन की प्रक्रिया पूरी होने की बात कही जा रही है। राज्यसभा की 10 सीटों का कार्यकाल 25 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इनमें बीजेपी की आठ, सपा की एक और बसपा की एक सीट शामिल है।

बसपा के राज्यसभा में भी खाली होने की स्थिति के बीच अब राजनीतिक दलों की नजर बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के पास मौजूद अतिरिक्त वोटों पर है। वहीं, मौजूदा विधानसभा संख्या के आधार पर सपा के खाते में दो सीटों का गणित बनता दिखाई दे रहा है।25 नवंबर को कार्यकाल पूरा करने वाले बीजेपी के राज्यसभा सदस्यों में पूर्व डीजीपी बृजलाल, सीमा द्विवेदी, नीरज शेखर, गीता शाक्य, हरदीप सिंह पुरी, अरुण सिंह और बीएल वर्मा शामिल हैं।डॉ. दिनेश शर्मा का कार्यकाल भी 25 नवंबर तक था, लेकिन अंडमान-निकोबार के उपराज्यपाल बनने के बाद उन्होंने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। ऐसे में उनकी सीट भी चुनाव के दायरे में आएगी।इसके अलावा सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव और बसपा के रामजी गौतम का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्यसभा चुनाव का कार्यक्रम अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में घोषित हो सकता है। आमतौर पर अधिसूचना जारी होने से लेकर मतगणना तक की पूरी प्रक्रिया में करीब 20 दिन का समय लगता है।उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। हालांकि, पिछले एक वर्ष में छह विधायकों के निधन के बाद मौजूदा संख्या 397 रह गई है। दिए गए मौजूदा गणित के अनुसार राज्यसभा की एक सीट के लिए करीब 37 विधायकों के वोट की जरूरत होगी।विधानसभा में बसपा के पास पहले ही कोई विधायक नहीं है। रामजी गौतम का कार्यकाल पूरा होने के बाद पार्टी राज्यसभा में भी प्रतिनिधित्व विहीन हो जाएगी।सपा के पास 101 विधायक बताए गए हैं। इस संख्या के आधार पर दो राज्यसभा सीटों के लिए उसका गणित बनता है और करीब सात वोट अतिरिक्त बचने की बात कही जा रही है।

**BJP-NDA के पास कितने वोट? :** दिए गए विधानसभा गणित के अनुसार बीजेपी के पास 256 विधायक हैं। सहयोगी दलों को मिलाकर एनडीए की संख्या करीब 289 बताई गई है। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायकों और राजा भैया की पार्टी के दो विधायकों के समर्थन से यह संख्या 294 तक पहुंचने का दावा किया गया है। हालांकि, सुभासपा के दो विधायकों के सपा की ओर झुकाव की चर्चा के चलते एनडीए की प्रभावी संख्या करीब 292 मानी जा रही है। इस गणित के मुताबिक बीजेपी और उसके सहयोगी दल सात सीटें जीतने की स्थिति में बताए जा रहे हैं। इसके बाद बचने वाले अतिरिक्त वोट दूसरी पसंद के वोटों के जरिए 10वीं सीट के समीकरण को प्रभावित कर सकते हैं।

**10वीं सीट पर नजर, दूसरी पसंद के वोट बनेंगे अहम :** राज्यसभा चुनाव की वोटिंग व्यवस्था में दूसरी पसंद के वोट भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे में सात सीटों के बाद एनडीए के पास बचने वाले वोट और अन्य दलों के अतिरिक्त वोट 10वीं सीट के समीकरण को प्रभावित कर सकते हैं। अक्टूबर और नवंबर में त्योहारों के साथ-साथ राजनीतिक गतिविधियां भी बढ़ने की संभावना है। ऐसे में राज्यसभा की 10 सीटों के साथ विधान परिषद की 11 सीटों को लेकर भी राजनीतिक दलों की रणनीति पर नजर रहेगी।

# दुबई के बुर्ज खलीफा पर दिखीं पीएम मोदी की तस्वीरें 'सेवा ही संकल्प है' संदेश से जगमगाई इमारत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर विश्व की सबसे ऊंची इमारत दुबई का बुर्ज खलीफा भी पीएम मोदी की तस्वीरों और बधाई संदेशों से जगमगा उठा। दुबई के समाजसेवी बू अब्दुल्ला ग्रुप के चेयरमैन डॉ. बू अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रोशनी से जगमगाते बुर्ज खलीफा का वीडियो साझा किया।

डॉ. अब्दुल्ला ने पोस्ट में बताया कि दुनिया की सबसे ऊंची इमारत प्रधानमंत्री मोदी के चित्रों, भारतीय तिरंगे और 'जन्मदिन मुबारक', '75 वर्ष', 'सेवा ही संकल्प है' और 'इंडिया फर्स्ट, द इंस्पिरेशन' जैसे संदेशों से जगमगा उठी, जिसे डाउनटाउन दुबई में हजारों लोगों ने देखा।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान सिर्फ जन्मदिन की शुभकामना नहीं है बल्कि कई महत्वपूर्ण बातों का प्रतीक भी है। यह उन गहरे संबंधों को दर्शाता है जो आपसी सम्मान, साझा विकास और भाईचारे की भावना पर आधारित हैं। यह रिश्ता यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि दुनियाभर के नेताओं की शुभकामनाओं के बीच, बुर्ज खलीफा का यह लाइट शो प्रधानमंत्री मोदी की एक सच्चे और सम्मानित वैश्विक नेता के रूप में प्रतिष्ठा का प्रतीक है। यह आयोजन दुनिया के मंच पर उभरते हुए भारत और दुनिया भर में बसे 140 करोड़ भारतीयों के गर्व का भी जश्न है। साथ ही, यूएई में रहने वाले बड़े और सक्रिय भारतीय समुदाय की भावनाओं को भी यह दर्शाता है। विश्व की सबसे ऊंची इमारत में एक वैश्विक हस्ती के रूप में प्रधानमंत्री मोदी का यह सम्मान भारत के लिए गर्व की बात है। भारत में स्लोवाकिया के राजदूत रॉबर्ट मैक्सियन ने भी पूरे स्लोवाकिया की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### खेल-खेल में गणित सिखाने पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**फतेहगंज पश्चिमी।** परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कस्बे के एक स्कूल में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के चौथे दिन शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों और पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में गणित जैसे विषयों को बच्चों को खेल-खेल में समझाने पर जोर दिया गया, ताकि वह विषय को आसानी से समझ सकें। एसआरजी धर्मवीर ने प्रशिक्षण स्थल का अकादमिक भ्रमण कर गतिविधियों का जायजा लिया और शिक्षकों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। बताया गया कि एफएलएन 2026-27 एनसीईआरटी की पुस्तकों पर आधारित है और विभाग के 'कैच अप प्लान' को प्रभावी बनाने में सहायक है। प्रशिक्षण में हिंदी की 'वीणा' और गणित की 'गणित मेला' पुस्तकों सहित राज्य स्तरीय पाठ्यपुस्तकों में हुए संशोधनों के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा हुई। एआरपी आशीष शर्मा, भगवान दास गंगवार, पूजा चौधरी, एलएलएफ कोऑर्डिनेटर कमरुद्दीन सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## बरेली में आकार लेगी सप्तनाथ इको सिटी, सात थीम पार्क होंगे पहचान

▶ 267 हेक्टेयर में जीरो वेस्ट मॉडल पर विकसित होगी टाउनशिप, नहर किनारे बनेगी ग्रीन बेल्ट, दीपावली से पहले रजिस्ट्रेशन शुरू करने की तैयारी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के विस्तार को पर्यावरण और स्थानीय सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। बरेली विकास प्राधिकरण 267 हेक्टेयर क्षेत्र में सप्तनाथ इको सिटी विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। प्रस्तावित टाउनशिप को जीरो वेस्ट और इको सिटी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। बीडीए की ओर से जरूरी प्रक्रिया पूरी कर दीपावली से पहले रजिस्ट्रेशन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। सप्तनाथ इको सिटी की सबसे खास पहचान यहां प्रस्तावित सात थीम पार्क होंगे। इन्हें बरेली के सात नाथ मंदिरों की थीम पर विकसित करने की योजना है। टाउनशिप के बीच से गुजरने वाली नहर के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी, जिससे आवासीय क्षेत्र के बीच हरियाली का दायरा बढ़ेगा। योजना में अलग-अलग जरूरतों के मुताबिक क्षेत्र निर्धारित किए जाएंगे। विभिन्न आय वर्ग के लोगों के लिए आवासीय भूखंड प्रस्तावित हैं। ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग के लिए भी भूखंड आरक्षित किए जाएंगे। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक गतिविधियों, स्कूल और अस्पताल के लिए अलग स्थान रखा जाएगा। इससे टाउनशिप में आवास के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों की सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। बीडीए के मुताबिक टाउनशिप की प्लानिंग पर काम जारी है। जमीन आपसी सहमति के आधार पर लेने की प्रक्रिया भी चल रही है। जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दीपावली से पहले रजिस्ट्रेशन खोलने का लक्ष्य है। इसी योजना से जुड़े शहर के प्रमुख मार्ग को भी नया स्वरूप देने की तैयारी है। सैटेलाइट बस अड्डे से त्रिशूल तिराहा होते हुए एयरपोर्ट तक सड़क के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव है। इस मार्ग को भी नाथ थीम से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडे ने बताया कि 267 हेक्टेयर में प्रस्तावित सप्तनाथ इको सिटी को जीरो वेस्ट और इको सिटी मॉडल के अनुरूप विकसित किया जाएगा। योजना में पर्यावरण संरक्षण के साथ आवासीय और सार्वजनिक सुविधाओं को भी शामिल किया गया है।

## रामलीला के लिए ध्वजा स्थापना



जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ ढोल-नगाड़ों के साथ मंदिर से रामलीला मैदान पहुंची ध्वजा यात्रा, 24अक्तूबर से रामलीला

**फतेहगंज पूर्वी।** मंगलवार को रामलीला मंचन की तैयारियों के तहत उमेश चंद्र शर्मा के मंदिर से विधि-विधान से पूजन के बाद राम ध्वजा यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के जयघोष के बीच ध्वजा यात्रा मंदिर से रामलीला मैदान पहुंची, जहां विधि-विधान से राम ध्वजा स्थापित की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। रामलीला कमेटी ने बताया कि 24 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा। 29 अक्टूबर को राम बारात और 6 नवंबर को रावण वध की लीला का मंचन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस दौरान नगर चेयरमैन संजय पाठक, मेला अध्यक्ष पवन राज मिश्रा, बिलपुर प्रधान प्रतिनिधि रवि प्रकाश मिश्रा, यशपाल सिंह, करणी सेना के दीपक ठाकुर, सुधीर सिंह, विशाल गुप्ता, ऋषभ मिश्रा, अनुज मिश्रा, रामू गुप्ता, अजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, हरीश गुप्ता, प्रमोद चक्रवर्ती, प्रभाकर मिश्रा समेत कमेटी के पदाधिकारी, कस्बे के संभ्रांत नागरिक और दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस टीम भी तैनात रही।

## शिक्षामित्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पश्चिमी।** विशेष टीईटी के शासनादेश में शिक्षामित्रों को जगह न दिए जाने से नाराज प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को कस्बे के यश कृष्णा वेंकट हॉल में शिक्षामित्रों की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें शिक्षामित्रों को विशेष टीईटी में शामिल करने के साथ-साथ टीईटी उत्तीर्ण शिक्षामित्रों को उनके शिक्षण अनुभव के आधार पर सुपर टेट में छूट देकर नियमित करने की मांग जोरशोर से उठाई गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि शिक्षामित्र लंबे समय से परिषदीय विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ऐसे में उनके अनुभव और सेवाकाल को नजरअंदाज करना कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि 27 सितंबर तक शिक्षामित्रों की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो 28 सितंबर से बीएसए कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार और प्रभा गंगवार ने भी शिक्षामित्रों से आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में दौलत राम, राजीव उपाध्याय, पूनम सिंह, रजनी श्रीवास्तव, राधा सिंह, कृष्णा कुमारी, रिजवाना, सुजाता, वंदना आर्य, नीलम कुमारी, प्रेमवती, धर्मवीर कश्यप, सत्यम गंगवार, जगतपाल, मुंशीलाल, चुन्नीलाल और मोहम्मद यूनुस अंसारी समेत सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भमोरा।** गल्ला मंडी परिसर में सोमवार को भगवान गणेश के पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ हुआ। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने भगवान गणेश का पूजन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

अयोध्या से आए वीर बजरंग रामलीला आदर्श कमेटी के कलाकार भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी लीलाओं का मंचन करेंगे। ब्लॉक प्रमुख आरती यादव ने राम, लक्ष्मण और सीता के स्वरूपों की आरती उतारी। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक आयोजनों से समाज को मर्यादा, प्रेम और भाईचारे की सीख मिलती है। भगवान राम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। उनके साथ भाई लक्ष्मण का वन जाना भाई के प्रेम और समर्पण का उदाहरण है। रामलीला का मंचन भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। मेला प्रबंधक भगवान दास गौरव ने बताया कि 21 सितंबर से 10 अक्टूबर तक कलाकारों द्वारा भगवान राम की लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

10 अक्टूबर को रावण वध और भगवान राम के राजतिलक की लीला के साथ रामलीला का समापन होगा। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश यादव, आचार्य विकास उपाध्याय, मेला अध्यक्ष सूरज पाल, गौरव प्रधान, प्रमोद सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, ओमवीर सिंह, भूरे गुप्ता, राजकुमार शर्मा समेत कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला का खोया पर्स-मोबाइल लौटाया

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** क्षेत्र स्थित सिरौली मार्ग जय माता दी गैस गोदाम के पास रास्ते में एक महिला का गुम हुआ कीमती मोबाइल और पर्स एक प्रोफेशनल सोशल वर्कर की सतर्कता और ईमानदारी के कारण सुरक्षित वापस मिल गया। मिली जानकारी के अनुसार महिला का नाम लीलावती पत्नी कृष्णपाल ग्राम धन्तिया मीरगंज , महिला बीते दिन सोमवार को मीरगंज घर का आवश्यक सामान लेने आई थीं। इसी दौरान उनका पर्स, जिसमें जरूरी दस्तावेज, कुछ नकदी और एक कीमती मोबाइल फोन था, कहीं गिर गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब पर्स नहीं मिला, तो महिला काफी परेशान हो गईं। इसी बीच, वहाँ से गुजर रहे प्रोफेशनल सोशल वर्कर नवनीत सिंह को यह लावारिस पर्स मिला। उन्होंने तुरंत पर्स को खोलकर उसमें से महिला की पहचान या संपर्क नंबर ढूंढने का प्रयास किया। मोबाइल की मदद से उन्होंने महिला के परिजनों से संपर्क साधा और उन्हें सामान सुरक्षित होने की सूचना दी। इसके बाद, नवनीत सिंह ने पूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला के बेटा को उनका मोबाइल और पर्स सौंप दिया। अपना खोया हुआ सामान और मोबाइल वापस पाकर महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने सोशल वर्कर नवनीत सिंह की ईमानदारी की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनका आभार व्यक्त किया।प्रोफेशनल सोशल वर्कर नवनीत सिंह ने इस मौके पर कहा कि एक प्रोफेशनल सोशल वर्कर होने के नाते दूसरों की मदद करना और संकट के समय ईमानदारी दिखाना उनका कर्तव्य है। इस सराहनीय कार्य की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है और लोग सोशल वर्कर की इस नेक दिली की तारीफ कर रहे हैं।



## शिव गंगा मंदिर परिसर में फलदार और छायादार पौधे रोपे गए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को वन विभाग आंवला रेंज की ओर से अलीगंज के ग्राम गैनी स्थित शिव गंगा मंदिर परिसर में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान लोगों को पौधों के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य मोरपाल, मंदिर के महंत बाबा रामदास, क्षेत्रीय वन अधिकारी आंवला हनुमान प्रसाद, उपक्षेत्रीय वन अधिकारी अवनेश गंगवार, वन दरोगा रामशरण, गौरव पाल समेत वन विभाग के कर्मचारी अमित राना, नितिन, अजय, प्रमोद और वीरेंद्र मौजूद रहे।

## चोरी की दो बैटरियों के साथ दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** थाना शाही पुलिस ने गोदाम से चोरी हुई दो बैटरियों के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई एक ल्यूमिनस 160 एएच और एक लिवमैक्स 240 एएच बैटरी बरामद की है। मामले में बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम दुनका निवासी नितिन गुप्ता ने 21 सितंबर को थाना शाही में तहरीर देकर बताया था कि उनके गोदाम से एक ल्यूमिनस और एक लिवमैक्स बैटरी चोरी हो गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी शाही के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विकास पुत्र हरिनंदन, निवासी ग्राम आनंदपुर, थाना शाही, उम्र करीब 20 वर्ष और संजीव पुत्र हरपाल, निवासी ग्राम दुनका, थाना शाही, उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने तीसरे साथी रोहताश पुत्र सियाराम, निवासी ग्राम आनंदपुर, के साथ 13 सितंबर की रात आनंदपुर-दुनका के बीच स्थित मिर्च के गोदाम से दोनों बैटरियां चोरी की थीं। चोरी के बाद बैटरियों को गन्ने के खेत में छिपा दिया गया था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के समय दोनों आरोपी बैटरियों को खेत से निकालकर बेचने के लिए ले जाने की तैयारी में थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ल्यूमिनस 160 एएच और लिवमैक्स 240 एएच की दो बैटरियां बरामद कीं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 331(4)/317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल हरिओम, कांस्टेबल दानवीर और कांस्टेबल राहुल शर्मा शामिल रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय परिसर में 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को महाविद्यालय में विद्यार्थियों को स्वच्छता, सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सेवा और श्रम की गरिमा के प्रति जागरूक करने हेतु श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीरज कुमार पाराशरी और एनसीसी एएनओ डॉ. रतन लाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स-रेंजर्स और राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों और कैडेट्स ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। महाविद्यालय के छात्र छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों की सफाई की और श्रमदान किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. रतन लाल ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होनी चाहिए। इस दौरान डॉ. पूनम सक्सेना, डॉ. अंशु सत्यार्थी और अब्दुल कादिर आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं व छात्राओं को दी हेल्पलाइन की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं की जानकारी देने के लिए मंगलवार को गुरु नानक खालसा इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला कल्याण विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की टीम ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में पात्र लोग इनका लाभ नहीं उठा पाते। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता और आवेदन की प्रक्रिया को समझना जरूरी है। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन के बारे में भी बताया गया। किसी तरह के उत्पीड़न या परेशानी की स्थिति में 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन सेवा पर संपर्क करने की जानकारी दी गई। बच्चों से जुड़ी समस्या में 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने छात्राओं और महिलाओं से कहा कि किसी भी तरह की परेशानी को छिपाने के बजाय समय रहते सहायता लें। उन्होंने कहा कि योजनाओं और अधिकारों की जानकारी होने से जरूरतमंद लोग सरकारी सुविधाओं का बेहतर तरीके से लाभ उठा सकते हैं। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के साथ उन्हें सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उपलब्ध सहायता तंत्र की जानकारी देना रहा।

## शिक्षकों ने किया नवागत बीईओ का स्वागत

**भमोरा।** विकासखंड आलमपुर जाफराबाद के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मंगलवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विवेक शर्मा का शिक्षकों, अनुदेशकों, एआरपी और बीआरसी स्टाफ ने स्वागत किया। कार्यक्रम विद्यालय समय के बाद आयोजित हुआ। अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक गजेंद्र पाल शर्मा और रामदास गुप्ता ने की। पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं ब्लॉक प्रमुख पति वेद प्रकाश यादव ने खंड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का ब्लॉक स्तर पर समाधान कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा और समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। विवेक शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की जायज समस्याओं को संज्ञान में लेकर तत्काल समाधान का प्रयास किया जाएगा।









**एक नजर**

### सात दिवसीय गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले का हुआ शुभारंभ

**बहेड़ी।** सहकारी गन्ना विकास समिति में मंगलवार से सात दिवसीय गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ हुआ। पहले दिन 512 किसानों ने मेले में पहुंचकर भाग लिया, जबकि 279 किसानों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें से 107 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी समिति सचिव राजीव सेठ ने किसानों से अपने-अपने क्षेत्रों में मेले का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने की अपील की, ताकि सभी किसानों की सट्टा सर्वे संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि समिति में नए सदस्य बनने और उपज बढ़ोतरी की रसीद कटवाने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा। उद्घाटन अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र गंगवार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय राव, समिति के निदेशक, वरिष्ठ कृषक मेजर सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# मंडी में ताला जड़ने पर भड़के दुकानदार

## शुल्क बढ़ाने की मांग का आरोप लगाकर निगम पहुंचे फड़ विक्रेता, ठेका निरस्त कर निगम से वसूली कराने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** एलन क्लब सब्जी मंडी में मंगलवार सुबह उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब ठेकेदार ने मंडी में ताला डाल दिया। दुकानें और फड़ बंद होने से नाराज सब्जी विक्रेता नगर निगम पहुंच गए। उन्होंने ठेका निरस्त करने और निगम कर्मचारियों के माध्यम से निर्धारित शुल्क की वसूली कराने की मांग की। दुकानदारों का आरोप है कि पहले उनसे करीब 160 रुपये प्रतिदिन लिए जाते थे, लेकिन अब 200 से 250 रुपये तक मांगे जा रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक, एलन क्लब सब्जी मंडी का ठेकेदार अब्दुल मुस्तफा मंगलवार सुबह कुछ लोगों के साथ मंडी पहुंचा और ताला लगा दिया। इसके बाद फड़ और सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी फैल गई। दुकानदारों का कहना है कि मंडी बंद होने से उनका रोज का कारोबार प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि निर्धारित शुल्क से ज्यादा रकम वसूलने का दबाव बनाया जा रहा है।

फड़ विक्रेताओं ने नगर निगम में बताया कि फिलहाल तहबाजारी यानी उपयोग शुल्क निगम की ओर से वसूला जा रहा है। उनका कहना है कि इस व्यवस्था में उन्हें राहत मिल रही है, जबकि ठेका व्यवस्था लागू होने पर रोजाना 200 रुपये या इससे अधिक की वसूली का दबाव पड़ सकता है। ठेला-फड़-खोखा परिषद की ओर से नगर निगम को दिए गए मांग पत्र में मंडी के ठेके की बढ़ती रकम का भी जिक्र किया गया है। परिषद के मुताबिक वर्ष 2019-20 में ठेका करीब 18 लाख रुपये से शुरू हुआ था, जो बाद के वर्षों में बढ़कर करीब 80 लाख रुपये तक पहुंच गया। इस बार 88.50 लाख रुपये की बोली लगने और जीएसटी व स्टांप शुल्क जोड़ने के बाद रकम एक करोड़ रुपये से अधिक होने का दावा किया गया है। दुकानदारों ने मांग की है कि ठेकेदार के बजाय नगर निगम के कर्मचारी ही मंडी में निर्धारित शुल्क की वसूली करें। उनका कहना है कि इससे कथित मनमानी वसूली पर रोक लग सकेगी। परिषद ने 18 अगस्त को हुई सब्जी मंडियों की नीलामी निरस्त करने की मांग भी की है। मांग पत्र में दुकानदारों ने यह भी दावा किया कि पहले रात सात बजे के बाद मंडी में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था। सब्जी चोरी और अवैध वसूली की शिकायतें भी सामने आती थीं। उनका कहना है कि निगम की ओर से वसूली शुरू होने के बाद इन समस्याओं में राहत मिली है। दुकानदारों ने निगम प्रशासन से हस्तक्षेप कर मंडी का ताला खुलवाने और शुल्क वसूली की व्यवस्था स्पष्ट करने की मांग की है।

# फतेहगंज पश्चिमी में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पश्चिमी।** फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला अंसारी में मंगलवार सुबह एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़कर शव बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ थाना क्षेत्र निवासी रवि गुप्ता उर्फ सोनू (38) पुत्र श्रीराम गुप्ता के रूप में हुई है। वह मोहल्ला अंसारी में शिशुपाल के मकान में किराए पर रहता था। मकान मालिक सुधीश सिंह के अनुसार सुबह करीब नौ बजे रवि के कमरे का गेट अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। चौकी प्रभारी आदेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गेट तोड़कर अंदर गए। रवि पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सूचना पर उसका भाई राजीव समेत अन्य परिजन भी पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि रवि की पत्नी रोशनी दो बच्चों आरव (9) और अवी (7) के साथ मायके गई थी। करीब दस दिन पहले उसकी मां शीला देवी का निधन हुआ था। रवि पहले पेस्टीसाइड की दुकान पर काम करता था और बाद में बरेली में कैटरिंग का काम करने लगा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने पहनाए पदक



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कर्तव्य के प्रति समर्पण और बेहतर पुलिसिंग के लिए बरेली पुलिस के चार अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 के लिए चयनित पुलिसकर्मियों को सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसएसपी अनुराग आर्य ने पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सम्मान पाने वालों में निरीक्षक संजय धीर को डीजी कमेंडेशन गोल्ड, जबकि उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न दिया गया। मुख्य आरक्षी मनवीर सिंह और मुख्य आरक्षी अजय चौधरी को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इस दौरान एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य को मिलने वाला सम्मान पूरे विभाग के लिए प्रेरणा का काम करता है और अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर ढंग से जिम्मेदारियां निभाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# अधिवक्ता आशिक की पैरवी से स्मैक आरोपी को जमानत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली की अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) कक्ष संख्या-1 की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी मैहबर को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आशिक हसीरी ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार चार सितंबर 2026 को उपनिरीक्षक नीरज कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ लोधीपुर चौराहे पर मौजूद थे। मुखबिर की सूचना पर लोधीपुर नहर के पास एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस ने उसकी पहचान मैहबर पुत्र मो. नैय्यर निवासी लाइनपार, बहेड़ी के रूप में बताई। तलाशी में उसके कब्जे से स्मैक बरामद होने का दावा किया गया। मामले में थाना बहेड़ी में मुकदमा अपराध संख्या 684/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। जमानत पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता आशिक हसीरी ने बरामदगी को झूठा बताते हुए पुलिस पर रंजिश कार्रवाई का आरोप लगाया। उन्होंने आरोपी के ई-रिक्शा चालक होने, कोई आपराधिक इतिहास न होने और स्थानीय निवासी होने समेत अन्य दलीलें दीं। अदालत ने केस डायरी और थाना आख्या का अवलोकन करने के बाद मामले के गुण-दोष पर राय व्यक्त किए बिना जमानत मंजूर कर ली। आरोपी को 50 हजार रुपये के निजी बंधपत्र और समान राशि के विश्वसनीय प्रतिभू पर रिहा करने का आदेश दिया गया।

# ओटीपी आया न लिंक, खाते से निकली रकम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सुभाषनगर क्षेत्र के करगैना में साइबर ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बीडीए कॉलोनी निवासी युवक के बैंक खाते से बिना किसी लिंक पर क्लिक किए और ओटीपी साझा किए बिना ही 99 हजार रुपये निकल गए। मोबाइल पर रकम कटने का मैसेज पहुंचा तो युवक के होश उड़ गए। आनन-फानन में बैंक से संपर्क कर खाता ब्लॉक कराया और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। करगैना बीडीए कॉलोनी निवासी अनिल कुमार चावला ने बताया कि 19 सितंबर की सुबह करीब 11:20 बजे उनके मोबाइल पर खाते से 99 हजार रुपये डेबिट होने का संदेश आया। उन्होंने जब मैसेज देखा तो हैरान रह गए। तत्काल बैंक से संपर्क कर खाते को ब्लॉक कराया, ताकि आगे किसी तरह का लेनदेन न हो सके। अनिल कुमार के मुताबिक, उन्होंने न तो किसी संदिग्ध लिंक को खोला था और न ही किसी व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा किया। इसके बावजूद खाते से इतनी बड़ी रकम निकल गई। इसके बाद उन्होंने साइबर ठगी की आशंका में 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने 20 सितंबर को सुभाषनगर थाने में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। साइबर टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि रकम खाते से किस तरीके से निकाली गई और उसे कहां ट्रांसफर किया गया। साइबर अपराध के मामलों में समय पर सूचना देना अहम माना जाता है। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलते ही बैंक को सूचना देने और 1930 पर शिकायत करने से रकम को आगे जाने से रोकने की कोशिश की जा सकती है।

# शीशम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**भमोरा।** भमोरा थाना क्षेत्र के सिरोही गांव में मंगलवार को शीशम के पेड़ पर दुपट्टे के फंदे से 22 वर्षीय युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के भाई ने प्रेम प्रसंग के विवाद में दो लोगों पर हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिरोही निवासी मदनपाल ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे चचेरे भाई ने सूचना दी कि गांव के पूर्व दिशा में चकरोड किनारे अली अहमद के खेत में शीशम के पेड़ पर उसके छोटे भाई मुरारी (22) पुत्र रामदास का शव लटका है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। मुरारी आठ भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। मदनपाल का आरोप है कि मुरारी का गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग था। दो दिन पहले युवती घर से चली गई थी, जिसे परिजनों ने तलाश कर बरामद किया था। आरोप है कि इसके बाद युवती के पिता और भाई मुरारी से रंजिश रखने लगे और उसे धमकी दी थी। मदनपाल ने दोनों पर हत्या का संदेह जताया है। घटना के दिन घर में नामकरण संस्कार की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन मुरारी की मौत से खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में पंचायत ने सुनाया शादी का फरमान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शीशगढ़ थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के आरोप के बाद पंचायत द्वारा मामले में हस्तक्षेप करने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि गांव में पंचायत बैठाकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया और परिवारों पर दबाव बनाकर आरोपी युवक व किशोरी का रोका-टीका करा दिया गया। पंचायत में यह भी तय किए जाने की बात सामने आई है कि किशोरी के बालिग होने के बाद उसकी शादी आरोपी युवक से कराई जाएगी। किशोरी की मां के मुताबिक, करीब एक साल पहले गांव के ही युवक ने उनकी बेटी को डराकर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें बना ली थीं। इसके बाद तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी देकर आरोपी करीब एक साल तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। किशोरी के व्यवहार में बदलाव आने पर पूछताछ की तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने युवक के घर पहुंचकर शिकायत की तो उन्हें धमकियां मिलीं। इसके बाद वे शीशगढ़ थाने पहुंचे। आरोप है कि मामला पुलिस तक पहुंचने की जानकारी के बाद गांव में पंचायत बुलाई गई। पंचायत में दोनों परिवारों को बुलाकर कानूनी कार्रवाई न करने को दबाव बनाया। सोमवार को पंचायत के फैसले के बाद युवक और किशोरी का रोका-टीका कराए जाने की बात सामने आई। साथ ही किशोरी के बालिग होने पर दोनों की शादी कराने का फैसला किए जाने का आरोप है। अधिवक्ता उमंग रावत के मुताबिक, पॉक्सो एक्ट के तहत नाबालिग से संबंधित यौन अपराध गंभीर प्रकृति के होते हैं। ऐसे मामलों में पंचायत स्तर पर किया गया समझौता कानूनी कार्रवाई को समाप्त नहीं करता। उन्होंने कहा कि मामले में पंचायत के जरिए दबाव बनाने या अपराध को छिपाने की भूमिका सामने आती है तो जांच के दौरान संबंधित लोगों की भूमिका भी देखी जा सकती है। वहीं शीशगढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र पाल ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया गया है और ग्रामीणों ने अपने स्तर पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत की थी। पुलिस को अभी तक इस संबंध में लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शादी के चार महीने बाद विवाहिता ने लगाई फांसी

**आंवला।** चार दिन पूर्व ससुराल से मायके आई 21 वर्षीय विवाहिता का शव मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। करूआताल गांव निवासी गंगा सिंह की बेटी धनवती की शादी करीब चार महीने पहले आंवला कस्बे के शांतिनगर मोहल्ला निवासी युवक से हुई थी। परिजनों के अनुसार, धनवती चार दिन पहले ससुराल से मायके आई थी। मंगलवार दोपहर घर के अंदर उसका शव छत में लगे कुंडे से दुपट्टे के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# मोबाइल हैक कर किसान के खाते से उड़ाए 1 लाख 5 हजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक किसान को उसके किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर उसका मोबाइल फोन हैक कर लिया और उसके खाते से रकम पार कर दी।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरीदपुर के ग्राम नवादा वन निवासी विजय उपाध्याय पुत्र नन्द राम उपाध्याय के पास 8 अगस्त को शाम करीब 5:30 बजे एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए उनके केसीसी कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर दिया। विजय जब तक उसकी बातों को समझ पाते, तब तक शातिर ठग ने तकनीक का इस्तेमाल कर उनका पूरा मोबाइल फोन ही हैक कर लिया। फोन हैक होते ही ठग ने उनके भारतीय स्टेट बैंक की फरीदपुर शाखा के खाते से जुड़े क्रेडिट कार्ड के जरिए दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 105008 रुपए उड़ा दिए। शाम को जब उनके मोबाइल पर पैसों के कटने का मैसेज आया, तब पीड़ित के होश उड़ गए और उन्हें अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ। पीड़ित विजय उपाध्याय ने फरीदपुर कोतवाली पहुंचकर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# अवैध रूप से चल रहा अर्बन हॉस्पिटल सील

जागरण मोर्चा कार्यालय




- 16 सितंबर को निरस्त हो चुका था पंजीकरण, आदेश के बावजूद नहीं रुका संचालन
- नोडल अधिकारी ने टीम के साथ पहुंचकर बंद कराया अस्पताल

**बरेली।** स्वाले नगर के अर्बन हॉस्पिटल पर आखिरकार स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए सील लगा दी। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निरस्त होने के बावजूद वहां गतिविधियां जारी रहने की जानकारी सामने आने के बाद मंगलवार को विभागीय टीम पहुंची। नोडल अधिकारी डॉ. लईक अंसारी के नेतृत्व में टीम ने अस्पताल को सील कर संचालन बंद करा दिया। अस्पताल का पंजीकरण सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने 16 सितंबर को निरस्त किया था।

स्वास्थ्य विभाग की जांच में अस्पताल में बिना अनुमति पैथोलॉजी संचालित किए जाने समेत कई अनियमितताएं सामने आई थीं। जांच के बाद सीएमओ ने रजिस्ट्रेशन निरस्त करते हुए तत्काल सभी चिकित्सकीय गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिए थे। अस्पताल में भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल या महिला अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए भी कहा गया था। इसके बावजूद अस्पताल का संचालन बंद नहीं हुआ। पंजीकरण रद्द होने के बाद भी अस्पताल खुला रहने की जानकारी सामने आने पर विभागीय कार्रवाई पर भी सवाल उठने लगे थे। जब इलाज की अनुमति ही खत्म हो चुकी थी तो आदेश के बाद भी अस्पताल में गतिविधियां कैसे चलती रहीं, यह सवाल भी खड़ा हुआ। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निरस्त किए जाने की सूचना एसएसपी कार्यालय और किला पुलिस को भी भेजी गई थी। संबंधित स्तर से कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए थे। इसके बावजूद संचालन जारी रहने की जानकारी के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती दिखाई और मंगलवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद अब अर्बन हॉस्पिटल में बिना वैध अनुमति चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकेंगी। इससे पहले अनियमितताएं मिलने पर पंजीकरण रद्द किया गया था, जबकि आदेश का पालन न होने पर अब अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गई है।

# दहेजलोभी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**आंवला।** आंवला कस्बे के मोहल्ला अनुपुरा निवासी नगमा बी ने ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर नवजात बेटे के साथ घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगमा के अनुसार, उसका निकाह 11 मई 2024 को गाजियाबाद के लोनी निवासी जफर अहमद से हुआ था। आरोप है कि ससुराल वाले 30 हजार रुपये और मोटरसाइकिल के लिए दो लाख रुपये की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। नगमा ने बताया कि 13 जनवरी 2026 को आरोपियों ने मारपीट कर उसे नवजात बेटे हमजा के साथ घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके आ गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

**एक नजर**

### शॉपिंग सेंटर में सर्राफ की दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश, सीसीटीवी में कैद

**उझानी।** उझानी नगर के मेन चौराहे स्थित शॉपिंग सेंटर में सर्राफा व्यापारी की दुकान को निशाना बनाने की कोशिश से बाजार में हड़कंप मच गया। 21 सितंबर की रात करीब 10 बजे एक अज्ञात व्यक्ति बिजली के मीटर और चैनल गेट के सहारे शटर पर चढ़ गया। आरोप है कि उसने करीब दो-तीन मिनट तक शटर से लटककर ताला तोड़ने का प्रयास किया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सर्राफा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृष्णाऔतार संजय कुमार मित्तल ने पुलिस को तहरीर दी है। मजबूत शटर के चलते आरोपी दुकान में प्रवेश नहीं कर सका और वहां से चला गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर आरोपी की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# रोडवेज बस की सामने से टक्कर दो बाइक सवारों की हुई मौत

**एक ने मौके पर तो दूसरे ने बरेली के निजी अस्पताल में तोड़ा दम, पुलिस बस की तलाश में जुटी**

जागरण मोर्चा कार्यालय


पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतकों के परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** एमएफ हाईवे पर सोमवार देर शाम रोडवेज बस ने बाइक सवार दो लोगों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे व्यक्ति ने मंगलवार को बरेली के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर निवासी राजमिस्त्री राजेश (40) सोमवार शाम अपने साथ बेलदार बद्रीप्रसाद के साथ ग्राम बावट से मकान की चुनाई का काम करके बाइक से घर लौट रहे थे। एमएफ हाईवे पर यूपी-24 ढाबे के पास सामने से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बद्रीप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और राजेश को इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने बद्रीप्रसाद के शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी में रखवा दिया। मंगलवार को इलाज के दौरान राजेश की भी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसओ अश्वनी कुमार ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। हादसे में शामिल रोडवेज बस का पता लगाया जा रहा है। बस की पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज प्रताड़ना: विवाहिता पर तलाक का दबाव

**सहसवान।** सहसवान थाना क्षेत्र के गांव बसौलिया निवासी विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट और तलाक के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। विवाहिता के अनुसार, उसकी शादी करीब आठ वर्ष पूर्व अलीगढ़ जिले के गांव पानेहरा निवासी दानिश से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने करीब 10 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करता रहा। पीड़िता के चार छोटे बच्चे हैं। आरोप है कि पति बच्चों के सामने भी मारपीट कर तलाक देने की धमकी देता था। डर के कारण वह बच्चों के साथ सहसवान में किराये के मकान में रहने लगी। आरोप है कि दो जून को पति समेत कई लोग वहां पहुंचे और मारपीट करते हुए तलाक का दबाव बनाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक की टक्कर से पांच वर्षीय मासूम की मौत, घर में कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिनावर।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पश्तोर में मंगलवार को बाइक की टक्कर से पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। वहीं, पुलिस को अभी तक मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

गांव पश्तोर निवासी सत्येंद्र सिंह का पांच वर्षीय पुत्र अनुराग मंगलवार को अपने घर के सामने सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान विजय नगला से कुंवरगांव की ओर जा रहे बाइक सवार ने तेज गति में बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार ने बाइक रोककर घायल बच्चे को गोद में उठाया और उसकी मदद की। सूचना पर बिनावर पुलिस मौके पर पहुंची और निजी एंबुलेंस की मदद से बच्चे को उपचार के लिए बरेली के हायर सेंटर भेजा गया। बताया गया कि बाइक सवार भी बच्चे के साथ बरेली पहुंचा था। इलाज के दौरान मंगलवार को अनुराग की मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। गांव में चर्चा है कि बाइक सवार और बच्चे के परिवार के बीच समझौता हो गया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिली थी। घायल बच्चे को उपचार के लिए बरेली भेजा गया था। अभी तक बच्चे की मौत की सूचना पुलिस को नहीं मिली है और न ही मामले में कोई तहरीर प्राप्त हुई है।

## आपात स्थिति में धैर्य न खोएं, हिम्मत से करें सामना : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय


आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग देते जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा साथ में प्रधानाचार्या श्रीमती वीरू, गाइड कैप्टन रजनी कुमारी।

**बदायूं।** नगर पालिका अशर्फी देवी कन्या इंटर कॉलेज उझानी में भारत स्काउट-गाइड संस्था की ओर से आयोजित शिविर के दूसरे दिन गाइड्स को आपदा प्रबंधन और आत्मरक्षा से जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। गाइड्स ने गगनचुंबी मीनारें बनाईं। इसके साथ ही प्राथमिक चिकित्सा, गांठ बंधन, तंबू निर्माण और गैजेट्स बनाने का अभ्यास कराया गया।

स्काउट संस्था के जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में युवाओं को धैर्य नहीं खोना चाहिए और हिम्मत से काम लेना चाहिए। स्वयं को हर परिस्थिति के लिए तैयार रखें और अफवाहों पर ध्यान न दें। केवल आधिकारिक सूचना स्रोतों पर भरोसा करें। मोबाइल फोन पूरी तरह चार्ज रखें और मॉक ड्रिल का नियमित अभ्यास करें। प्रधानाचार्या वीरू ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में देशभक्ति की भावना पैदा करने के साथ ही सीमित संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने की सीख देती है। शिक्षिका वसीम निगहत खानम ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में जीवन की सुरक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए और जरूरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए। गाइड कैप्टन रजनी कुमारी ने गाइड्स को आग में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, डूबते लोगों को बचाने, टेंट लगाने और भोजन तैयार करने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही डॉक्टरी गांठ, रीफ नॉट, शीट बेंड, फिशरमैन नॉट और चेयर नॉट का अभ्यास कराया। गाइड कैप्टन प्रेमलता शर्मा ने गैजेट्स निर्माण, मॉक ड्रिल, युद्ध जैसी आपात परिस्थितियों में बचाव और लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के तरीके बताए। इस दौरान सरिता शर्मा, शालिनी वार्ष्णेय, गुंजन, श्यामा शर्मा, शिल्पी गुप्ता, पूजा चौहान और अमीर बानो आदि मौजूद रहीं।

## बदायूं में रामलीला महोत्सव का चार अक्टूबर से आगाज

- 11 नवंबर तक चलेगा आयोजन, 15 अक्टूबर को निकलेगी श्रीराम बारात और 20 को होगा रावण वध

जागरण मोर्चा कार्यालय


रामलीला की तैयारी करते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** शहर में श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में चार अक्टूबर से महोत्सव का शुभारंभ होगा, जो 11 नवंबर तक चलेगा। श्रीरामलीला मैदान में साफ-सफाई, मंच, लाइटिंग, दुकानें, पार्किंग और मेले की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने की तैयारी चल रही है। झांकियों और दुकानों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। कमेटी पदाधिकारी अरविंद कांत ने बताया कि चार अक्टूबर को विधि-विधान के साथ श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। मैदान की साफ-सफाई के बाद लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। 30 सितंबर के बाद मंच तैयार करने का काम भी शुरू होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग और मेले की व्यवस्था की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। महोत्सव की शुरुआत चार अक्टूबर को श्रीकृष्ण जन्म की लीला से होगी। 15 अक्टूबर को श्रीराम बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 20 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर रावण वध की लीला का मंचन होगा और रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस बार रामलीला मंचन के लिए बिहार के मधुबनी से कलाकार बुलाए जा रहे हैं। कलाकार गीत-संगीत और मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम की लीलाओं का प्रस्तुतिकरण करेंगे। श्रीराम बारात और अन्य आयोजनों के लिए महाराष्ट्र के नासिक, गढ़वाल, गुजरात, असम, राजस्थान, हरियाणा और छत्तीसगढ़ के अलावा आगरा, हाथरस, बरेली और एटा से भी झांकियां मंगाई जा रही हैं। कमेटी की ओर से झांकियों की बुकिंग और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## दो भैंस चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय


भैंस चोरों को जेल भेजती थाना पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बिनावर।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव दियोरीजीत निवासी तोताराम के घर से करीब चार माह पूर्व चोरी हुई दो कीमती भैंसों के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से तमंचा, चाकू, स्प्लेंडर बाइक और 2400 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

तोताराम ने भैंस चोरी के मामले में थाना बिनावर में तहरीर दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उसकी निशानदेही के आधार पर अन्य आरोपियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने बाइक सवार दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर थाने लाकर तलाशी ली। पुलिस के मुताबिक उनके पास से एक नाजायज तमंचा, चाकू, स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और 2400 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम आमीन उर्फ आमिर पुत्र चांद मोहम्मद निवासी ग्राम नदरई, थाना कोतवाली, कासगंज और दिलशाद पुत्र वीरू निवासी ग्राम रीछपुरा, थाना कुरावली, मैनपुरी बताए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह समेत पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### स्कूटी वापस मांगने पर धमकी देने का आरोप

**अलापुर।** बरेली निवासी गौरव शुक्ला ने अलापुर थाने में तहरीर देकर रिश्तेदार पर स्कूटी वापस न करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। गौरव के अनुसार, वर्ष 2022 में उसने अपनी स्कूटी कड़कड़डूमा, दिल्ली निवासी बिल्ला पंडित को चलाने के लिए दी थी। बाद में बिल्ला ने स्कूटी खरीदने की इच्छा जताई, लेकिन न रकम दी और न वाहन अपने नाम कराया। आरोप है कि स्कूटी वापस मांगने पर वह टालमटोल करता रहा। 18 सितंबर को गौरव को उसके अलापुर आने की जानकारी मिली। रात करीब 10 बजे ककराला तिराहे पर मुलाकात के दौरान उसने स्कूटी वापस मांगी। आरोप है कि बिल्ला ने देने से इन्कार कर धमकी दी और स्कूटी लेकर मौके से भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कादरचौक में बिजली कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय


विद्युत निगम के खिलाफ धरने पर बैठे ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**कादरचौक।** थाना कादरचौक क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की ओर से मैसेज के माध्यम से करीब दो घंटे बिजली आपूर्ति का समय बताया जाता है, लेकिन निर्धारित समय पर भी बिजली नहीं मिल पाती। इससे ग्रामीणों को गर्मी के साथ-साथ रोजमर्रा के कामकाज और बच्चों की पढ़ाई में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली समस्या को लेकर मंगलवार को कादरचौक स्थित राधाकांत मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और आपूर्ति के अनियमित होने को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। विभाग की ओर से आपूर्ति को लेकर संदेश तो भेजे जाते हैं, मगर कई बार निर्धारित समय पर बिजली नहीं आती।

ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय बिजली कटौती होने से सबसे अधिक परेशानी होती है। स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा घरेलू कामकाज और अन्य जरूरी गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति का कोई निश्चित शेड्यूल दिखाई नहीं देता, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में ग्रामीणों ने बिजली विभाग से क्षेत्र में नियमित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उनका कहना था कि बिजली कटौती की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर एकजुट होकर बिजलीघर का घेराव किया जाएगा। बैठक में ग्राम प्रधान दिनेश कुमार धारा, भैया कौशल कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कादरचौक महेंद्र पाल शाक्य, अजीत शाक्य, विजय प्रकाश शाक्य, सूर्य श्रीवास्तव, संतोष कुमार जौहरी, राधे जौहरी, सतवीर वर्मा, विपिन ठाकुर, विवेक वर्मा, विद्याराम वर्मा, धर्मवीर, मनजीत, इस्तकार, वीरपाल शाक्य, राहुल शाक्य, नरेंद्र यादव, मनीष कुमार उर्फ नन्नू और राहुल सक्सेना समेत क्षेत्र के कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग को केवल आपूर्ति का संदेश जारी करने के बजाय जमीनी स्तर पर व्यवस्था सुधारनी चाहिए, ताकि लोगों को निर्धारित समय पर बिजली मिल सके।

### देवर-देवरानी पर मारपीट व धमकी का मुकदमा

**अलापुर।** ग्राम मई बूचन निवासी रेखा पत्नी साहिब सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर देवर और देवरानी पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। रेखा के अनुसार, देवर कप्तान पुत्र आशा सिंह और देवरानी अंजू पत्नी कप्तान आए दिन उसके साथ गाली-गलौज करते हैं। विरोध करने पर दोनों उसके साथ मारपीट करने लगते हैं। आरोप है कि 16 सितंबर को भी दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कप्तान और अंजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## 120 दिव्यांग बच्चों की जांच-चिन्हांकन

- एलिम्को कानपुर के सहयोग से वजीरगंज बीआरसी पर लगा उपकरण मापन कैंप

जागरण मोर्चा कार्यालय


उपकरणों के लिए एक चिन्हीकरण करण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** समग्र शिक्षा के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र वजीरगंज में उपकरण मापन कैंप आयोजित किया गया।

एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञों ने कैंप में 120 दिव्यांग बच्चों की जांच की और उनकी दिव्यांगता के अनुसार आवश्यक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया। कैंप में वजीरगंज के अलावा सलारपुर, बिसौली, आसफपुर, अम्बियापुर और इस्लामनगर ब्लॉक के बच्चे शामिल हुए। जांच के बाद 11 बच्चों को ट्राई साइकिल, 12 को सुनने की मशीन, 30 को व्हीलचेयर, 11 को कैलिपर और दो बच्चों को बैसाखी के लिए चिन्हित किया गया। चिन्हित बच्चों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। कैंप के संचालन में स्पेशल एजुकेटर तेज प्रताप, मनीषा देवी, संदीप राय, नरेंद्र प्रताप सिंह, रज्जन सिंह, प्रदन्या मिश्रा, सरिता, विपिन, मनोज सिंह, संजय, संतोष, परशुराम, आशीष सिंह और तरुण कुमार आदि ने सहयोग किया। समग्र शिक्षा की ओर से जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह ने कैंप का संचालन किया।

### पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप

**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 निवासी नियाज आलम ने अपने साले शान मोहम्मद पर पत्नी रिजवाना को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से नकदी व जेवर ले जाने का आरोप लगाया है। नियाज के अनुसार, उसका विवाह करीब सात वर्ष पहले रिजवाना से हुआ था। आरोप है कि शान मोहम्मद जुए का आदी है और उससे पहले करीब एक लाख रुपये उधार ले चुका है। 20 हजार रुपये मांगने को लेकर विवाद के बाद नियाज खेत की ओर चला गया। आरोप है कि इसी दौरान शान उसकी पत्नी को साथ ले गया और घर में रखे 50 हजार रुपये नकद तथा करीब दो तोले सोने के जेवर भी ले गया। नियाज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच, मुफ्त दवाएं


सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉक्टर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर पालिका परिषद की ओर से स्वच्छता ही सेवा और सेवा ही संकल्प अभियान के तहत सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने बड़ी संख्या में पहुंचे सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में सफाई मित्रों का ब्लड प्रेशर, शुगर और आंखों की जांच के साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह दी और आवश्यक दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराईं। अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने कहा कि सफाई मित्र नगर की स्वच्छता व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। नगर को स्वच्छ रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिविर में डॉ. शिवानी गुप्ता, नेत्र सहायक कौशल कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, मशकूर खान, राजीव कुमार, अजय बाबू, राजेश बाबू, सुशील, अरुण शिवम, अनित शारदा और लक्ष्मी आदि रहे।

## एक नजर

### 23 सितंबर को बदायूं पहुंचेगी पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम 23 सितंबर को बदायूं पहुंचेगी। आयोग की टीम दोपहर एक बजे जनपद में पहुंचेगी। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से प्रस्तुत आंकड़ों के संबंध में दोपहर एक से दो बजे तक चर्चा की जाएगी। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे से शाम पांच बजे तक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति को लेकर बैठक आयोजित होगी। इसमें संबंधित विषयों पर उपलब्ध जानकारी और आंकड़ों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के बाद आयोग की टीम शाम 5:30 बजे बदायूं से बरेली के लिए रवाना होगी। टीम में अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह के अलावा सदस्य बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया और एसपी सिंह शामिल रहेंगे। आयोग के दौरे को लेकर संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक तैयारियां पूरी की हैं।

# ललेई गांव के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के ललेई गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के बादल गांव निवासी 35 वर्षीय छविराम पुत्र सोवरन सिंह अपने दोस्त 32 वर्षीय बृजभान सिंह पुत्र प्यारेलाल निवासी ललेई गांव को उसके घर छोड़ने के लिए बाइक से जा रहे थे। दोनों दोस्त ललेई गांव के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से या पीछे से आए डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर कुंवरगांव थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। हादसे की सूचना दोनों मृतकों के परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। दो दोस्तों की एक साथ मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार, हादसे के संबंध में जांच की जा रही है। दुर्घटना किस कारण हुई और डंपर की गति कितनी थी, इसकी जानकारी जांच के बाद स्पष्ट होगी। पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित जानकारी जुटाने के साथ ही हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। डंपर चालक के संबंध में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।



रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

## नींव भरने के विवाद में मारपीट, 4 घायल

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बक्सर में मंगलवार सुबह नींव भरने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। घटना में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी सुघड़ सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सुबह करीब नौ बजे अपनी जगह पर नींव भरवा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान चार लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सुघड़ को बचाने पहुंचीं उनकी बेटियां गंगादेवी और रजनी तथा भाई के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव कराया। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाल नरेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है और प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट, बेटी को भी पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** दातागंज थाना क्षेत्र के ग्राम उदना उदतनया मुल्लापुर निवासी रीना पत्नी सहदेव ने दो भाइयों पर घर में घुसकर मारपीट, चाकू से हमला, छेड़छाड़ और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। महिला ने विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने और विवेचना की मांग की थी। अदालत के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार घटना पांच जुलाई 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे की है। रीना घर में चारपाई पर बैठी थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के लल्लू और रवि पुत्रगण शिवसिंह लाठी-डंडे और चाकू लेकर घर में घुस आए। दोनों ने महिला को पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोप है कि लल्लू ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया, जिससे उसके उल्टे हाथ में गंभीर चोट लग गई और खून निकलने लगा। रवि ने भी डंडे से मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि दोनों ने जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

शोर सुनकर पड़ोसी चिरौंजी और अरविंद मौके पर पहुंचे और बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान रीना की करीब 16 वर्षीय बेटी भी वहां पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप है। रीना के मुताबिक उसने 112 पर सूचना देने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं लगा। थाने पहुंचकर तहरीर देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। बाद में उसने जिला अस्पताल बदायूं में चोटों का मेडिकल कराया। अदालत के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# विवाद में युवक पर पिस्टल की बट से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

> ▸ गाली-गलौज का विरोध करने पर कई लोगों ने घेरा, मारपीट में सिर फटा, सोने की चेन भी टूटकर गिरी

**दातागंज।** पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए बुलाई गई बैठक में कहासुनी के बाद एक युवक के साथ मारपीट और पिस्टल की बट से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दातागंज थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

दातागंज के मोहल्ला सड़क, वार्ड नंबर 13 निवासी सौरभ गुप्ता पुत्र दिनेश चंद्र गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व उसका विवाह बरेली निवासी दीपिका गुप्ता से हुआ था। रक्षाबंधन पर वह अपनी पत्नी को मायके छोड़कर आया था। आरोप है कि इसके बाद उसकी पत्नी अपने भाइयों के साथ उसके घर पहुंची और उसकी मां से विवाद करते हुए गाली-गलौज तथा जान से मारने और झूठे दहेज के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर करीब एक वर्षीय बच्चे को छोड़कर चली गई। पीड़ित के अनुसार, पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए दातागंज में मध्यस्थ की मौजूदगी में बैठक रखी गई थी। बैठक में दोनों पक्षों के लोग और रिश्तेदार मौजूद थे।

आरोप है कि बातचीत के दौरान गोल्डी गुप्ता ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने कमर से पिस्टल निकालकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद अन्य आरोपियों ने एकराय होकर पीड़ित और उसके भाई को घेर लिया और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। तहरीर के मुताबिक, इसी दौरान गोल्डी गुप्ता ने पिस्टल की बट से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा। मारपीट के दौरान उसके गले में पहनी करीब 15 ग्राम सोने की चेन भी टूटकर कहीं गिर गई। आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए अपनी गाड़ी से मौके से चले गए। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्रामीण से मारपीट, मुंह में पेशाब का आरोप

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ज्वालापुर निवासी ग्रामीण ने गांव के ही युवक पर पुरानी कहासुनी को लेकर रास्ते में घेरकर मारपीट करने और गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार, 23 अगस्त को वह मजदूरी के लिए खेत जा रहा था। इसी दौरान प्रदीप कुमार ने उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान प्रदीप ने उसकी छाती पर बैठकर उसके मुंह में पेशाब कर दी। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराया। कोतवाल नरेश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना हुई थी और आरोपी के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई है। उन्होंने मुंह में पेशाब करने के आरोप को गलत बताया।

# स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 8,95,361 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। प्रत्येक विकासखंड में ऐसे 10 गांव चिह्नित किए गए हैं, जहां कार्ड बनाने की प्रगति कम है। इन गांवों में पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालयों पर शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाए जाएंगे। सीडीओ ने अभियान चलाकर अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में 1,400 और शहरी क्षेत्र में 1,000 रुपये की निर्धारित धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। सभी पात्र लाभार्थियों का ऑनलाइन भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। अम्बियापुर और उझानी विकासखंड में भुगतान की प्रगति कम मिलने पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को तीन दिन में इसे 85 प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि एक से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान और 12 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान में बुखार के मरीजों, कुपोषित बच्चों, कुष्ठ और क्षय रोगियों की सूची तैयार करने के साथ मच्छरों के प्रजनन की संभावना वाले घरों और स्थानों को भी चिह्नित किया जाएगा। नियमित टीकाकरण की समीक्षा में इस्लामनगर और बिल्सी की ड्यू लिस्ट की स्थिति अपेक्षाकृत कम मिली। सीडीओ ने टीकाकरण सेवाओं की लगातार निगरानी करने और लापरवाही मिलने पर संबंधित एएनएम के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित करती सीडीओ गामिनी सिंगला।

# पशु चिकित्साधिकारी को निलंबित करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**म्याऊं।** विकासखंड म्याऊं की ग्राम पंचायत नबीगंज स्थित गौशाला को लेकर विवाद गहरा गया है। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौशाला में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सोमवार को ब्लॉक कार्यालय के सामने धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम दातागंज को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और म्याऊं ब्लॉक की सभी गौशालाओं की जांच कराने की मांग की। संगठन के प्रांत महामंत्री पंकज गुप्ता के अनुसार, 18 अगस्त को सोशल मीडिया पर नबीगंज गौशाला की स्थिति का वीडियो सामने आया था। इसके बाद कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उनका दावा है कि वहां 25 गोवंश मिले, जबकि सरकारी अभिलेखों में 71 गोवंश दर्ज हैं और इसी आधार पर धनराशि प्राप्त किए जाने का आरोप लगाया गया है। पंकज गुप्ता ने मामले की शिकायत आईजीआरएस पर भी दर्ज कराई थी। संगठन का आरोप है कि शिकायत के निस्तारण में विकासखंड म्याऊं के पशु चिकित्साधिकारी ज्ञानवीर ने शिकायत को असत्य और निराधार बताते हुए शिकायतकर्ता पर गौशाला जाकर पैसे मांगने का आरोप लगाया। इससे कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। जिलाध्यक्ष करन दक्ष के नेतृत्व में धरना देकर कार्यकर्ताओं ने शिकायत की निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में पशु चिकित्साधिकारी के निलंबन और सभी गौशालाओं की जांच कराने की मांग की गई। धरने में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिजली लाइन ठीक करने पर किसान को पीटा

**बिल्सी।** बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी संजीव कुमार शाक्य ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट का आरोप लगाया है। संजीव के अनुसार, 13 सितंबर की शाम करीब 6:30 बजे वह अपने ट्यूबवेल की बिजली लाइन ठीक कर रहा था। इसी दौरान गांव के राहुल पुत्र सोमवीर और अर्जुन पुत्र मोहनलाल वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगे। आरोप है कि गाली देने से मना करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने घूंसों और लोहे के पाइप से उसकी पिटाई की। साथ ही दोबारा दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रजिस्ट्री कार्यालय में 'सुविधा शुल्क' और कमीशन का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** रजिस्ट्री कार्यालय में जमीन-जायदाद के बैनामे कराने को लेकर 'सुविधा शुल्क' वसूले जाने के आरोप सामने आए हैं। बैनामा कराने पहुंचे लोगों का आरोप है कि सरकारी स्टांप शुल्क और निर्धारित फीस जमा करने के बावजूद काम कराने के लिए अतिरिक्त रकम मांगी जाती है। आरोप है कि संपत्ति के मूल्य का करीब एक प्रतिशत बतौर सुविधा शुल्क मांगा जाता है।

शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, अतिरिक्त रकम देने से इन्कार करने पर कागजातों में तकनीकी या कानूनी कमी बताकर प्रक्रिया को लंबा खींचने की बात कही जाती है। इससे बैनामा कराने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। आरोप यह भी हैं कि कार्यालय में सक्रिय कुछ प्रलेखकों और कर्मचारियों के बीच कथित सांठगांठ के चलते अतिरिक्त रकम के लेनदेन की व्यवस्था चल रही है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इसमें प्रलेखकों को भी कथित तौर पर हिस्सा मिलने की चर्चा है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। विभागीय स्तर से आरोपों पर आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# रुपये मांगने पर किसान से मारपीट बेटियों को भी पीटा, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

> ▸ लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला करने का आरोप, जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार

**सहसवान।** थाना सहसवान क्षेत्र के गांव भगता नगला में खेत पर काम कर रहे एक किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही लोगों पर रंजिश के चलते लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और अन्य हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया है।

बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बेटियों के साथ भी मारपीट की गई। घटना में पीड़ित और उसकी बेटियों को चोटें आई हैं। गांव भगता नगला निवासी पूरन पुत्र नत्थू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव का सोहरी वहां पहुंचा। ट्यूबवेल के रुपये मांगने पर वह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर सोहरी ने साहब सिंह, हरी सिंह, रामवीर पुत्रगण मटेरू, किशनाल पुत्र राम सहाय और राजवीर पुत्र सोहरी को बुला लिया। पीड़ित के अनुसार सभी आरोपी लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर मौके पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। चीख-पुकार सुनकर उसकी बेटियां मंजू और राजमाला उसे बचाने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आरोप है कि भीड़ का दबाव बढ़ने पर आरोपी भविष्य में जान से मारने और गांव से भगाने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़ित ने बताया कि मारपीट में उसे और उसकी बेटियों को गंभीर चोटें आई हैं। इसके बाद वह घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना सहसवान पहुंचा। उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रुचिकर बनाएं कक्षा शिक्षण: दीपक




कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** बीआरसी आसफपुर पर एफएलएन एवं एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के तृतीय बैच का समापन हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कक्षा शिक्षण को प्रभावी, सरल और रुचिकर बनाने के तरीके बताए गए। एआरपी दीपक कुमार रस्तोगी ने कहा कि बच्चों को कहानी और खेल सहज रूप से पसंद आते हैं। इनके माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने 'विविधता में एकता' विषय पर कहानी सुनाकर उसका डेमो भी प्रस्तुत किया। एआरपी कृष्ण गोपाल ने आईकेएस (IKS) एवं अंग्रेजी शिक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। वहीं एआरपी सुमेश कुमार शर्मा ने गणितीय खेल और गणितीय बातचीत के माध्यम से बच्चों में गणितीय समझ विकसित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, सीनियर मोस्ट अध्यापक द्वारिका प्रसाद, प्रियांशु गौड़, विमलेश, कल्पना, शिवानी गुप्ता, गुड्डी, पवन कुमार, मनवीर, चारु पांडे, विपुल कुमार सहित अन्य शिक्षक रहे।

## गाली का विरोध करने पर किशोर को लाठी मारी

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा कस्बे में गाली देने का विरोध करने पर 14 वर्षीय किशोर से मारपीट का मामला सामने आया है। पिता जाहिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 सितंबर की रात सोहिल ने उसके बेटे समीम को गाली दी। विरोध करने पर समीम घर चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद फरजाना, भूरे, रफीक और ताहब्बर लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंच गए और समीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि भूरे ने समीम के सिर पर लाठी मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसका बरेली के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लंपी जांच को टीमें गठित, गांव-गांव पहुंच रहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** क्षेत्र में पशुओं में लंपी वायरस की आशंका को देखते हुए पशुपालन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर गांव-गांव पशुओं की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं। टीमें लगातार गांवों में पहुंचकर पशुओं की जांच कर रही हैं और पशुपालकों को बीमारी के लक्षणों के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। अब तक क्षेत्र के करीब 15 गांवों में पशु चिकित्सा विभाग की टीमों ने पहुंचकर पशुओं की जांच की है। जांच के दौरान किसी भी पशु में लंपी बीमारी के लक्षण नहीं मिले हैं। विभाग की ओर से एहतियात के तौर पर निगरानी जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। टीमों को विशेष रूप से ऐसे पशुओं की जांच करने के लिए कहा गया है, जिनमें शरीर पर गांठ, बुखार, त्वचा पर घाव या अन्य संदिग्ध लक्षण दिखाई दे रहे हों।

सीवीओ ने क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों को गांव-गांव जाकर नियमित जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पशुपालकों से कहा गया है कि किसी पशु में लंपी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल विभाग को सूचना दें। टीमों द्वारा पशुओं के रखरखाव, साफ-सफाई और बीमारी से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी जा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अभी तक जांच किए गए 15 गांवों में लंपी का कोई केस सामने नहीं आया है। इसके बावजूद संभावित संक्रमण को देखते हुए निगरानी में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जा रही है। टीमों को लगातार भ्रमण कर पशुओं की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।



जांच को पहुंचे अधिकारी मौके पर खड़े गोवंश।

## एक नजर

### छात्रा ने बहन के देवर और उसकी पत्नी पर लगाया बेहोश कर ले जाने आरोप

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के पटवाई स्थित जीजीआईसी की कक्षा 9वीं की छात्रा ने बड़ी बहन के देवर और उसकी पत्नी पर बेहोश करके अगवा करने के आरोप लगाए है। छात्रा का आरोप है कि कॉलेज से निकलने के बाद उसकी बड़ी बहन का देवर मुहं पर रुमाल लगाकर बेहोश कर चार पहिया गाड़ी में उठाकर ले आए और शाहबाद के रामगंगा पुल पर छोड़कर चले गए। छात्रा को इस हालत में रामगंगा पुल पर खड़ा देख राहगीरों ने तुरंत पुलिस को कॉल कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती से जानकारी की और युवती को मेडिकल के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। उधर शाहबाद के कस्बा इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि एक लड़की ने अपनी बड़ी बहन के देवर और उसकी पत्नी पर मुंह पर रुमाल लगाकर पटवाई के कॉलेज के बाहर से उठाकर लाने का आरोप लगाया है, छात्रा ने अपने घर पर भी फोन किया है, जिसके बाद उसकी बड़ी बहन भी पहुंची है।

# नगर पालिका में बिना जांच नहीं मिलेंगे टेंडर, एफडीआर हैसियत और चरित्र प्रमाण पत्र का होगा सत्यापन

## ठेकेदारों के फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए पालिका प्रशासन ने शुरू की कवायद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद में अब फर्जीबाडे और जालसाजी पर ब्रेक लगाने के लिए कड़े इंतजाम करने की कवायद शुरू हो गई है। टेंडर और वर्क आर्डर हासिल करने के लिए अब नगर पालिका परिषद तिलहर ठेके की नीलामी प्रक्रिया में शामिल होकर ठेके हासिल करने वाले ठेकेदारों की बैकग्राउंड, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र और बैक हिस्ट्री की पूरी जांच कर कर ही वर्क आर्डर जारी करेगी। प्रतिभूति के लिए लगाए जाने वाले एफडीआर का भी सत्यापन कराया जाएगा ताकि ठेका हासिल करने में फर्जीवाड़े की प्रवृत्ति पर रोक लग सके। उक्त जानकारी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने जागरण मोर्चा को दी।



नगर पालिका परिषद तिलहर। -जागरण मोर्चा

**नगर निगम में ब्लैक लिस्टिंग के बाद तिलहर पालिका अलर्ट मोड में :** बता दे विगत दिनों मथुरा कंस्ट्रक्शन द्वारा ठेके हासिल करने के लिए लगाए गए प्रमाण पत्रों में चरित्र प्रमाण पत्र का सत्यापन कराए जाने पर प्रमाण पत्र जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी न होने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी के आदेश पर तिलहर कोतवाली में फर्म प्रोपराइटर प्रदीप गुप्ता के खिलाफ अनेक गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसकी गतिमान है। जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण में संदिग्ध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने तथाठेका हासिल करने के मामले में अलग-अलग दो मुकदमे दर्ज कराए जाने का आदेश दिया था। एक मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है जबकि दूसरा प्रक्रिया में है। इसी बीच नगर निगम में भी भदोरिया कंस्ट्रक्शन तथा मथुरा कंस्ट्रक्शन के खिलाफ संदिग्ध प्रमाण पत्र पाए जाने पर नगर निगम में जांच के बाद दोनों फॉर्म को दोषी पाए जाने पर कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था और भदोरिया कंस्ट्रक्शन तथा मथुरा कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट करते हुए सभी नगर पालिकाओं नगर पंचायत तथा उच्च अधिकारियों और शासन को इसकी सूचना भेजी थी। तिलहर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया जांच प्रक्रिया में है जल्द ही जांच के बाद काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की माने तो नगर पालिका परिषद शहर में कराए गए कुछ अन्य काम भी शासन प्रशासन के रडार पर हैं ।गोपनीय जांच में कुछ अन्य कार्य भी लपेटे में आ सकते हैं। सूत्रों ने इसकी जानकारी विस्तार से देने से इनकार कर दिया।

# सुपोषित भारत अभियान में 450 मरीजों की जांच

## छह बच्चे और 10 गर्भवती एनीमिया से ग्रसित मिले

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सेवा भारती शाहजीपुर महानगर की ओर से सोमवार को वन स्टॉप सेंटर में सुपोषित भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत 21 से 30 सितंबर तक महानगर में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और कुपोषण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों को तुलसी के पौधे भी भेंट किए गए। स्वास्थ्य शिविर में करीब 450 मरीजों की जांच की गई। इसमें छह बच्चे एनीमिया से ग्रसित मिले, जबकि 10 गर्भवती महिलाओं में भी एनीमिया की पुष्टि हुई। 22 लोगों की शुगर की जांच की गई। जिला अस्पताल की टीम ने जांच के साथ आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। बच्चों को अल्पाहार भी वितरित किया गया बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव मिश्रा ने बच्चों में कुपोषण के कारण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदु ने महिलाओं को स्त्री रोग, गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य देखभाल और पोषण संबंधी सावधानियों के बारे में बताया। जिला अस्पताल से डॉ. निषाद और उनकी टीम ने स्वास्थ्य शिविर में सहयोग किया। कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सत्यानंद अस्पताल में निश्शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा भी की गई। आयोजकों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सुविधाएं पहुंचाना है। इस दौरान सेवा भारती की विभागाध्यक्ष सीमा बाजपेयी, मुख्य संरक्षक सोनिया राठौर, अल्पना श्रीवास्तव, प्रांत सह सेवा प्रमुख चंदन जी, विभाग प्रचारक रवि जी, विशिष्ट अतिथि पार्षद मनीष गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र जी, उपाध्यक्ष सोनल त्रिपाठी व वंदना मिश्रा, कोषाध्यक्ष उदयवीर जी, सहकोषाध्यक्ष मुरारी लाल गुप्ता, एडवोकेट दीपा जी, विनीता जी और परमेश जी मौजूद रहे। अध्यक्षता श्यामदेव जी ने की। वन स्टॉप सेंटर की हेड नमिता जी के साथ आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सहयोग रहा।



शाहजहांपुर में मातृ शिशु पोषण कार्यक्रम। -जागरण मोर्चा

# लोहे की रॉड से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त रॉड भी बरामद

- इलाज के दौरान हुई थी मौत, दोनों के खिलाफ पहले से भी मुकदमे दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** कांट थाना पुलिस ने मारपीट के दौरान लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर घायल करने और उपचार के दौरान उसकी मौत हो जाने के मामले में दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित रोहित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 26 अगस्त को आरसी मिशन थाना क्षेत्र के नई बस्ती रेती निवासी अरुणेश कुमार ने कांट थाने में तहरीर दी थी। इसमें बताया गया था कि हटीपुर कुर्रिया गांव निवासी रोहित और गौतम ने उनके चाचा विनोद कुमार मिश्रा के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। गंभीर हालत में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान विनोद की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा 103(1) समेत अन्य धाराएं बढ़ाई थीं। मंगलवार शाम पुलिस वांछित आरोपितों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी।

इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर जिन्दो वाली पुलिया से करीब 100 मीटर पहले रोहित पुत्र अखिलेश और गौतम पुत्र राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, रोहित की निशानदेही पर जिन्दो वाली पुलिया से हटीपुर कुर्रिया जाने वाले मार्ग पर करीब 400 मीटर दूर सड़क किनारे झाड़ियों से लोहे की रॉड बरामद की गई ।पुलिस के अनुसार पूछताछ में रोहित ने बताया कि 25 अगस्त को उसने विनोद मिश्रा के साथ मारपीट की और लोहे की रॉड से उनके सिर पर प्रहार किया था। इसके बाद रॉड को वह खुद घटनास्थल से ले जाकर झाड़ियों में छिपा आया था। वहीं गौतम ने पुलिस को बताया कि घटना में इस्तेमाल रॉड रोहित ही अपने साथ ले गया था और उसे उसके बारे में जानकारी नहीं थी। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के मुताबिक रोहित के खिलाफ पहले से पांच मुकदमे दर्ज हैं, जबकि गौतम के खिलाफ भी एक मुकदमा दर्ज है। दोनों के खिलाफ कांट थाने में इसी वर्ष दर्ज मुकदमे में भी कार्रवाई चल रही थी।



आरोपी पुलिस कस्टडी में। -जागरण मोर्चा

# बाइक को बनाया कार, यातायात पुलिस ने की कार्रवाई



पांच लोगों को बैठाकर चलते बाइक सवार पर कार्रवाई करती यातायात पुलिस।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** यातायात पुलिस ने मंगलवार को नगर क्षेत्र में यातायात नियमों को तोड़कर चल रहे वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 35 वाहनों के चालान किए। इनमें नाबालिग द्वारा बाइक चलाने, बाइक पर कई सवारी बैठाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने के मामले शामिल रहे। टीएसआई प्रेमचंद्र ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग के दौरान नाबालिग बाइक सवार का चालान कर बाइक को उसके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया। अभियान के दौरान कांस्टेबल आरपी तोमर,कुशल ढिल्लों समेत यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### ससुराल आए युवक के साथ मारपीट , केस दर्ज

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में ससुराल आए युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित अर्जुन सिंह की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, मुरादाबाद निवासी अर्जुन सिंह शाहबाद नगर क्षेत्र स्थित अपनी ससुराल आया था। आरोप है कि खेमपाल निवासी मोहल्ला बरवालान ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### शाहबाद में दुकान में घुसा सांप , अफरातफरी का माहौल

**शाहबाद।** मंगलवार को नगर के रामलीला मैदान के निकट एक दुकान में अचानक सांप निकल आने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सांप को दुकान के अंदर बैठा देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों ने सावधानी बरतते हुए लोगों को दुकान से दूर किया। इसी दौरान नगर के सपेरे ने मौके पर पहुंचकर पर काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। सांप पकड़े जाने के बाद दुकानदारों और आसपास मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। सपेरा सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ आया।

### चौदह वर्ष से फरार आरोपी को शाहबाद पुलिस ने दबोचा



पुलिस की गिरफ्त में 14 साल फरार हरप्रसाद। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाया जा रहे अभियान के तहत शाहबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। नाबालिग को अगवा कर ले जाने के मामले में 14 सालों से फरार चल रहे आरोपी को शाहबाद पुलिस ने गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने पिछले 14 वर्षों से लगातार फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चले कि मंगलवार को शाहबाद पुलिस ने आरोपी हरप्रसाद उर्फ रिंकू निवासी ग्राम ऊंचागांव कोतवाली शाहबाद के ठिकाने पर दबिश देकर उसे दबोच लिया। कोतवाल धनंजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ 14 वर्ष पूर्व शाहबाद में मामला दर्ज किया गया था। मामले में मुख्य आरोपी हरप्रसाद चौदह सालों से फरार चल रहा था। जिसको गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ़्तार करने वाली टीम में एसआई अंकित कुमार, कांस्टेबल नफासत अली, कांस्टेबल राहुल कुमार आदि रहे।

### ट्रक की टक्कर के बाद कार में लगी आग, बाल-बाल बचे कार सवार

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के हथौड़ा बुजुर्ग गांव में मंगलवार सुबह ट्रक की टक्कर के बाद कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार दंपती और उनका 13 वर्षीय बेटा बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। हादसा मंगलवार सुबह करीब 5 :45 बजे गंगा देवी नर्सिंग होम के पास हुआ। पुलिस को पीआरवी-8384 के माध्यम से कार संख्या UP27BZ9282 में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को कार स्वामी धीरेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव ने बताया कि वह अपनी पत्नी और 13 वर्षीय बेटे उज्जवल श्रीवास्तव के साथ हुंडई वर्ना कार से जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक संख्या UP27CT5152 ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग लग गई। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की सहायता से आग बुझाई। हादसे में धीरेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव और उनके बेटे उज्जवल को चोट नहीं आई। पुलिस ने घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वरिष्ठ लिपिक मिलिंद शर्मा की पत्नी कला शर्मा का निधन



कलश शर्मा।

**शाहजहांपुर।** शिक्षा विभाग के सेवानिवृत वरिष्ठ लिपिक टाउन हाल रेलवे लाइन निवासी मिलिंद शर्मा की पत्नी श्रीमती कला शर्मा का मंगलवार को निधन हो गया वह लगभग 80 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार वैदिक रीति रिवाज के साथ कर दिया गया। इस दौरान अनेक शिक्षक शिक्षा विभाग के कर्मचारी सहित माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री गौरव पांडे भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अरुण यादव चैनू आदि लोग मौजूद रहे

### वाटर कूलर बने सफेद हाथी, राहगीरों को नहीं मिल रहा पानी

**शाहजहांपुर।** गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने लाखों रुपये खर्च कर वाटर कूलर बूथ तो स्थापित कर दिए, लेकिन इनमें पानी पहुंचाना जिम्मेदार भूल गए। खिरनीबाग चौराहे और पक्का पुल पर लगाए गए वाटर कूलर पिछले एक माह से अधिक समय से बिना पानी के खड़े हैं। ऐसे में राहगीरों को इनका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगर निगम की ओर से शहर के प्रमुख स्थानों पर लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए बाकायदा बजट भी खर्च किया गया, लेकिन वाटर कूलर चालू न होने से पूरी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। राहगीर बूथ तक पहुंचते हैं, लेकिन पानी न मिलने पर उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ता है। स्थिति यह है कि जिम्मेदारों की सुस्ती से लाखों रुपये की लागत से तैयार यह व्यवस्था अब महज शोपीस बनकर रह गई है। इसे नगर निगम की लापरवाही कहें या जिम्मेदारों की हीलाहवाली, सवाल यह है कि जब वाटर कूलर लगाए गए हैं तो उनमें पानी की व्यवस्था क्यों नहीं हो पा रही है। जिस गति से व्यवस्था को चालू करने का काम चल रहा है, उससे तो यही लगता है कि राहगीरों को ठंडा पानी गर्मी में नहीं, बल्कि सर्दी में नसीब होगा

# कुश्ती में पहलवानों ने दिखाया दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खुदागंज।** खुदागंज के गांव अकबरी में हुए दंगल में दूर-दूर से पहुंचे पहलवानों ने दमखम दिखाया जहां बड़ी संख्या में दर्शक कुश्ती देखने पहुंचे क्षेत्र के ग्राम अकबरी में 100 वर्षों से अधिक समय से अखाड़े पर दंगल का आयोजन होता रहा है जहां कार्यक्रम में मंगलवार को सर्वप्रथम रथ यात्रा निकालने के उपरांत पूजा अर्चना की गई जिसके बाद ही दंगल में कुश्ती का शुभारंभ हुआ जहां शाहजहांपुर के चंद्रसेन गुर्जर व काशीपुर के गुल्ला चौधरी में कुश्ती हुई जिसके बाद फरीदपुर के पारुल हसन और आगरा के दीपक की कुश्ती बराबर पर छूटी कासगंज के पहलवान प्रवेश को हसनापुर के हरिश्चंद्र ने पटकनी दी बदायूं के सत्यवीर को टेहरा के राजपाल ने हराया कासगंज के पहलवान राजू को टेहरा के केशव पाल ने सिकस्त दी काशीपुर के गुल्लू पहलवान को बदायूं के सत्यवीर ने हराया बदायूं के रत्नेश को पच्चड के दीपक ने पीलीभीत के सानू को दिल्ली के रेहान ने काशीपुर के देवेंद्र को एटा के अनुज ने काशीपुर के बल्लू पहलवान को कलियर शरीफ के अरमान ने पटकनी दी बदायूं के ताज मोहम्मद को कमलापुर के दीन वीर ने काशीपुर के गुल्लू को पीलीभीत के सानू ने पटखनी दी दंगल में बड़ी संख्या में पहुंचे पहलवानों को पुरस्कृत किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में दूर दराज ब ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए दर्शकों ने हिस्सा लिया।



दंगल में भिड़ते पहलवान। -जागरण मोर्चा

# शिक्षक एमएलसी चुनाव का बजा बिगुल, 23 अक्टूबर को मतदान

## 27 अक्टूबर को होगी मतगणना, 31 तक पूरी होगी निर्वाचन प्रक्रिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचित सदस्य हरी सिंह ढिल्लो का कार्यकाल छह दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए निर्वाचन आयोग ने शिक्षक एमएलसी के चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके साथ ही शाहजहांपुर में चुनावी गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 सितंबर को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि छह अक्टूबर निर्धारित की गई है। सात अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि नौ अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद 27 अक्टूबर को मतगणना होगी। निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में शामिल शाहजहांपुर में निर्वाचन कार्यक्रम घोषित होते ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने राजनीतिक दलों और संबंधित अधिकारियों को चुनाव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।



जिलाधिकारी शाहजहांपुर। -जागरण मोर्चा

## पितृपक्ष

### 27 सितंबर से शुरू होगा पितृ पक्ष, 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या

# इस बार 14 दिन के होंगे श्राद्ध, एक ही दिन होगा पंचमी-षष्ठी का श्राद्ध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** इस बार पितृ पक्ष 15 नहीं, बल्कि 14 दिन का होगा। आश्विन कृष्ण पक्ष में नवमी तिथि का क्षय होने के कारण एक अक्टूबर को पंचमी और षष्ठी दोनों तिथियों का श्राद्ध किया जाएगा। पंचमी का श्राद्ध मध्याह्न और षष्ठी का श्राद्ध अपराह्न में होगा। पितृ पक्ष की शुरुआत 27 सितंबर से होगी और 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ पितृ विसर्जन होगा। ज्योतिषाचार्य पं. अश्वनी शुक्ला के अनुसार आश्विन कृष्ण प्रतिपदा तिथि 26 सितंबर की रात 10:05 बजे शुरू होकर 27 सितंबर की रात 9:21 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के विधान के अनुसार प्रतिपदा का श्राद्ध 27 सितंबर को किया जाएगा। वहीं पूर्णिमा का श्राद्ध 26 सितंबर को ही होगा। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार मनुष्य पर देव, ऋषि और पितृ तीन प्रकार के ऋण माने गए हैं। माता-पिता और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने के लिए पितृ पक्ष में श्राद्ध और तर्पण का विधान है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि संतानहीन स्त्री भी अपने पति का श्राद्ध उनकी मृत्यु तिथि पर कर सकती है। चार अक्टूबर को मातृ नवमी का श्राद्ध होगा। इस दिन उन सौभाग्यवती महिलाओं का श्राद्ध करने का विधान है, जिनकी मृत्यु तिथि ज्ञात न हो। वहीं 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या पर उन पितरों का श्राद्ध किया जा सकेगा, जिनकी मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है या किसी कारण से निर्धारित तिथि पर श्राद्ध नहीं हो सका।



- पूर्णिमा – 26 सितंबर
- प्रतिपदा – 27 सितंबर
- द्वितीया – 28 सितंबर
- तृतीया – 29 सितंबर (भरणी श्राद्ध)
- चतुर्थी – 30 सितंबर
- पंचमी-षष्ठी – 1 अक्टूबर
- सप्तमी – 2 अक्टूबर
- अष्टमी – 3 अक्टूबर
- नवमी – 4 अक्टूबर (मातृ नवमी)
- दशमी – 5 अक्टूबर
- एकादशी – 6 अक्टूबर (इंदिरा एकादशी व्रत)
- द्वादशी – 7 अक्टूबर (संन्यासी, वैष्णव और यति श्राद्ध)
- त्रयोदशी – 8 अक्टूबर
- चतुर्दशी – 9 अक्टूबर (शस्त्र, दुर्घटना आदि से मृतकों का श्राद्ध)
- सर्वपितृ अमावस्या – 10 अक्टूबर (पितृ विसर्जन)

# किसानों की मांगों का भाकियू टिकैत ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों से जुड़ी कई समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई। किसान नेताओं ने मांग की कि जिले के किसानों का धान सरकारी क्रय केंद्रों पर नियमानुसार खरीदा जाए। धान कटाई में प्रयुक्त मशीनों में एसएमएस लगाने की व्यवस्था से किसानों को राहत दी जाए तथा पराली जलाने को लेकर किसानों पर कार्रवाई न की जाए। इसके अलावा गन्ने के बकाया भुगतान का तत्काल निस्तारण कराने और गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग रखी गई ।ज्ञापन में जिले में अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशालाओं में भेजने, गेहूं और आलू की बुवाई के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय होने वाली बिजली कटौती बंद कराने की मांग भी शामिल रही ।भाकियू नेताओं ने पुवायां तहसील के बड़ागांव स्थित गाटा संख्या 339, जो सरकारी तालाब बताया गया है, को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसकी खुदाई कराने की मांग की। किसानों ने कहा कि एसडीएम द्वारा दो बार टीम गठित किए जाने के बावजूद अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं पुवायां तहसील के जंगलपुर गांव में सरकारी चक मार्ग को कब्जामुक्त कराने के लिए एसडीएम पुवायां को निर्देशित करने की मांग की गई।

### एक नजर

#### प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**चंदौसी।** एफआर इंटर कॉलेज में संकल्प सेवा माह के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता संपन्न कराई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल रहे। उन्होंने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सरकार की कल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से छात्र-छात्राओं को बताया एवं उच्च शिक्षा के लिए मामूली ब्याज पर लोन, कौशल विकास, विश्वकर्मा योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं से प्रश्न- उत्तर किये। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने विद्यालय में पधारने के लिए नगर अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल जाहिद ने किया। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में भावना गुप्ता कला अध्यापक मोहम्मद यामीन, मोहम्मद गौस, रिजवान अहमद खान आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# एकल नृत्य प्रतियोगिता में मिशिका को प्रथम स्थान

## गणेश चौथ मेले में वैश्य एकता समिति द्वारा एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी के गणेश चौथ मेले पर नृत्य करती बच्ची एवं कार्यक्रम में शामिल अतिथि व अन्य लोग।

**चंदौसी।** गणेश चौथ मेले के अवसर पर वैश्य एकता समिति की ओर से एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40 बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनन गुप्ता, अशुल टनाटन एवं राहुल टनाटन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मिशिका अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर पूर्वी सक्सेना, तृतीय स्थान पर अनन्या चंद्रा, चतुर्थ स्थान पर निहारिका वार्ष्णेय, पंचम स्थान पर सान्वी वार्ष्णेय रहे। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी लवित वार्ष्णेय, दीपेश वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, प्रथम, हेमंत एवं आशीष तूफानी सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### युगल नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत श्री गणेश मेला परिषद द्वारा मेला ग्राउंड स्थित भूपाल रंगमंच पर सिल्क म्यूजिकल एकेडमी के माध्यम से बाल युगल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 30 युगल जोड़ियों ने जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में बदायूं के प्रसिद्ध डांसर राहुल एलेक्स आर्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास वार्ष्णेय बहजोई ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के संयोजक लकी वार्ष्णेय एवं बिट्टू दयाल रहे, जबकि संचालन सर्वेश चीनी एवं नित्या वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिल्क म्यूजिकल एकेडमी से सौरभ बाबू, गुलशन वार्ष्णेय, गौरव सरन एवं हर्ष कठेरिया का सहयोग रहा। इस अवसर पर श्री भूपाल गणेश मंदिर ट्रस्ट एवं श्री गणेश मेला परिषद से मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार लालू, शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र कुमार, मुकेश वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, प्रतीक कुमार, शुभम अग्रवाल, हाजी इशतयाग बेग, मो. फईमुद्दीन, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा आदि पदाधिकारी एवं सहयोगी उपस्थित रहे।



**इंसानों जैसी चाहत:** *मंगलवार की दोपहर में चंदौसी के आवास विकास पार्क का नजारा तब खास हो गया, जब यह बंदर इंसानों की तरह मजे से आइसक्रीम के चटकारे लेता नजर आया।* फोटो - अर्पित मेहरोत्रा, चंदौसी

## लंबित ऋण आवेदनों के निस्तारण को विशेष शिविर लगाने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में जनपद के बैंकों के जिला समन्वयकों, आरएम और संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति एवं ऋण स्वीकृति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के लंबित, स्वीकृत और अस्वीकृत ऋण आवेदनों की बैंकवार समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी), पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने बैंकों के आरएम से लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों की स्थिति पूछी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से जुड़े ऋण आवेदनों को गंभीरता से लिया जाए। आवेदन मिलने के एक सप्ताह के भीतर कमी मिलने पर संबंधित विभाग को तत्काल जानकारी दी जाए, ताकि आवेदक से समन्वय कर कमियां दूर कर आवेदन दोबारा बैंक को भेजा जा सके। डीएम ने अधिक लंबित आवेदन वाले बैंकों को कार्ययोजना बनाकर विशेष शिविर लगाने और आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। आरएम को नियमित समीक्षा करने को कहा गया। बैठक में सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, एलडीएम ललित रॉय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता मतदाता सूची जल्द प्रकाशित करेगी एल्डर कमेटी

जागरण मोर्चा कार्यालय




चंदौसी के बार रूम एल्डर कमेटी की बैठक में शामिल पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** एल्डर कमेटी बार एसोसिएशन चंदौसी की एक आवश्यक बैठक बार रूम में मंगलवार की दोपहर 2 बजे सम्पन्न हुई, बैठक में बार के चुनाव सम्पन्न कराने व बार के नये बनाये गये सदस्य अधिवक्ता व चुनाव में भाग लेने वाले अधिवक्ता की सूची बनाये जाने की प्रक्रिया पर विचार किया गया और सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किये गये।

जिसमें हर वर्ष एल्डर कमेटी द्वारा बनाये गये द्वितीय वर्ष अर्थात दो वर्ष में अधिवक्तागण की सदस्यता के आधार पर उनसे उनका सीओपी नम्बर लेकर नये सदस्य मतदाता अधिवक्ता के रूप में उनको सम्मलित करती थी परन्तु इस वर्ष एल्डर कमेटी द्वारा अपने द्वितीय दो वर्ष से कार्य कर रहे अधिवक्तागण की सूची तथा बार के सक्षम पदाधिकारीगण के द्वारा द्वितीय वर्ष (दो वर्ष) की सदस्यता पत्र (रसीद) के आधार पर उनके सीओपी लेकर उनको सदस्य मतदाता बनाया है। इस वर्ष बार के सक्षम पदाधिकारीगण द्वारा जो प्रथम व द्वितीय वर्ष के सदस्य बनाये गये हैं, उनका सम्मान भी रखा गया है। अब भविष्य में एल्डर कमेटी प्रथम व द्वितीय वर्ष अधिवक्ता के अधिवक्तागण की कोई सूची नहीं बनायेगी, बल्कि जो सूची मतदाता अधिवक्तागण की बार के सक्षम पदाधिकारीगण व सचिव बार एल्डर कमेटी को देंगे, उसी के अनुरूप चुनाव सम्पन्न कराया जायेगा, क्योंकि चुनाव में भाग लेने वाले अधिवक्तागण की सूची बार के सचिव, एल्डर कमेटी को देते हैं यही वायलोज में प्रावधान है। अब तक बार के अनुरोध पर उनकी सहयोगार्थ एल्डर कमेटी अधिवक्तागण की सूची बनायी गयी थी, अब भविष्य में कोई सूची अधिवक्तागण की एल्डर कमेटी नहीं बनायेगी। एल्डर कमेटी के समक्ष जो अधिवक्ता अपने दो वर्ष की सदस्यता पर्ची सीओपी लेकर आकर मतदाता बने हैं, उनकी सूची यथाशीघ्र प्रकाशित करा दी जायेगी। नये मतदाता अधिवक्ता की सूची प्रकाशित कराने के बाद सभी अधिवक्ताओं से सूची पर आपत्ति आमंत्रित की जायेगी, जिसके लिए मात्र 3 दिन का समय प्रदान किया जायेगा। मतदाता सूची अधिवक्तागण की सूची प्रकाशित कराने के बाद यथाशीघ्र चुनाव प्रक्रिया का समस्त विवरण की सूचना यथाशीघ्र सूचना पट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। जिसकी अध्यक्षता एल्डर कमेटी के चेयरमैन अनिल कुमार गुप्ता एडवोकेट द्वारा की गयी, जिसमें शकील अहमद वारसी एडवोकेट, श्री मी० सगीर सैफी एडवोकेट, श्री राजबहादुर एडवोकेट व श्री लोकेन्द्र शर्मा एडवोकेट एल्डर कमेटी के सम्मानित सदस्य मौजूद थे।

## सुंदरकांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी मे सुंदर काण्ड का पाठ करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को आजाद रोड स्थित श्री-सेठ गणेश पण्डाल में संगतिमय सुन्नकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया जिसमें अनिल कुमार शर्मा ने विधि विधान से पूजन सम्पन्न कराया। तदोपरान्त केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वन्दना, सरस्वती वन्दना, हनुमान चालीसा व बजरंग वाण का मनोहारी वाचन किया।

इसके पश्चात अजय सक्सेना व रमेश ग्रेवाल ने सुन्दरकाण्ड की चौपाईयों' का विस्तार से वर्णन किया सुन्दरकाण्ड के उपरांत मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने शतावरण को भाक्तमय बनाया भजनों की श्रृंखला में केजी शर्मा ने राम-नाम के हीरे मोती, मैं बिखराऊँ गली-गली, अजय सक्सैना ने श्री राम-जानकी, बैठे हैं, मेरे सीने में सुनाकर सभी श्रदालुओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। राजू शर्मा ने दोलक पर संगत दी। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में संजीव काका, रतन बाबू, रमेश ग्रेवाल अतुल सत्सैना, ओमप्रकाश चावला, नवीन यादव, प्रवीण यादव, शोभित लखानी, संजय लखानी, सौरभ चावला, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, राकेश चौबे, सुरेशचन्द्र शर्मा, साच्चीदानन्द शर्मा, संजीव शर्मा, गुलशन अरोरा, पीएन शर्मा, मनोज शर्मा, सर्वेश गुप्ता, सचिन शर्मा, अशोक पाठक, मयंक, पवन आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

## पुलिस ने धोखाधड़ी के दो आरोपियों को दबोचा

**चन्दौसी।** कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामलों में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से संबंधित सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कंपनी खोलने का झांसा देकर दुकानदारों से सामान लिया और भुगतान नहीं किया। गोपाल शर्मा की दुकान से 40,750 रुपये का पुट्टी, पॉलिमर, सीमेंट, पीओपी और प्राइमर लिया गया था। इसके अलावा अंकुर ग्रोवर की दुकान से 42,074 रुपये, मनीष कुमार की दुकान से 55,200 रुपये और राहुल गुप्ता की दुकान से 70 हजार रुपये का माल लेकर धोखाधड़ी का आरोप है। मंगलवार को पुलिस ने वांछित रजत जैन उर्फ राजेश निवासी गुजरात और सतवीर सिंह सरदार निवासी अलीगढ़ को मथुरा रोड स्थित महेश्वरी इंटर कॉलेज के गेट के पास से गिरफ्तार किया।

## गणेश पंडाल में गूंजा सुंदरकांड का पाठ



चंदौसी के स्टेशन रोड स्थित गणेश पंडाल में सुंदरकांड का पाठ करतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गणेशोत्सव के पावन अवसर पर स्टेशन रोड स्थित गणेश पंडाल में मंगलवार को भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन भूमानन्द जी द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5:30 बजे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके बाद सुंदरकांड के पाठ से पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ कर भगवान गणेश और हनुमान जी की आराधना की, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस से सराबोर हो गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपू राजोरिया, जितेंद्र, शालू, विक्की जी, शेखर, राजू, सोनू, अनिल, हर्ष, यश, शंभू और लवी मौजूद रहे। वहीं मातृशक्ति में गोरी, राधा रानी, ज्योति, आरती, बबीता और कविता सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## हादसे में पिता, पुत्र, पुत्री घायल, पिता रेफर

**चंदौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर गांव जनेटा के पास सोमवार रात सड़क के गड्ढे में स्कूटी गिरने से पिता-पुत्र और पुत्री घायल हो गए। गांव भमरोआ निवासी सुनील अपने भाई राजीव के घर आयोजित मुंडन कार्यक्रम में पत्नी सागर, पुत्र दीपक और पुत्री गोरी के साथ गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात करीब 11 बजे सुनील, दीपक और गोरी स्कूटी से घर लौट रहे थे। जनेटा के पास स्कूटी का अगला पहिया सड़क के गड्ढे में चला गया, जिससे संतुलन बिगड़ने पर स्कूटी पलट गई। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। सुनील की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**सेवा सप्ताह** | स्वच्छता के साथ नेत्र परीक्षण और प्लास्टिक मुक्त समाज का दिया संदेश

## जायंट्स ग्रुप द्वारा सेवा सप्ताह के तहत चलाया गया स्वच्छता जागरुकता अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय




जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर प्राइड के कार्यक्रम में बच्चों का नेत्र परीक्षण करते डॉक्टर।



ठेले खोमचे वालों को कपड़े के थैले वितरण करतीं जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर के पदाधिकारी।

**चंदौसी।** जायंट्स सेवा सप्ताह के तहत सोमवार और मंगलवार को विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्य आयोजित किए गए। सोमवार को जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की सदस्यों ने महाजन मोहल्ला स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डॉ. हिमांशु ने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य गलियों और सड़कों को साफ-सुथरा तथा कूड़ामुक्त बनाना है। उन्होंने बच्चों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने व्यक्तिगत, मानसिक और सामाजिक स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित स्नान, स्वच्छ कपड़े पहनना और शरीर की सफाई व्यक्तिगत स्वच्छता का हिस्सा हैं। मानसिक स्वच्छता के लिए अच्छे और सकारात्मक विचार जरूरी हैं। डीओए मीना वाष्णेय ने कचरा प्रबंधन की जानकारी देते हुए गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कपड़े और जूट के थैलों के इस्तेमाल पर जोर दिया। इस दौरान यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी, डीओएफ रेखा रस्तोगी, शैलेश, अलका और अंजू अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

मंगलवार को जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, प्राइड, एरा एवं संगिनी ने संयुक्त रूप से जारई रोड स्थित गुरुकुल में बच्चों का नेत्र परीक्षण कराया। डॉ. कपिल मल्होत्रा ने बच्चों की दृष्टि, फोकस क्षमता और आंखों से संबंधित समस्याओं की जांच की। दृष्टिदोष, संक्रमण, सूखापन और एलर्जी से पीड़ित बच्चों को आवश्यक दवाइयां व आई ड्रॉप्स भी दिए गए। उन्होंने बच्चों को हरी सब्जियां, गाजर, शकरकंद, अंडे, खट्टे फल, अखरोट, बादाम और अलसी जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ लेने की सलाह दी। साथ ही मोबाइल, कंप्यूटर और टीवी की स्क्रीन का उपयोग सीमित रखने को कहा।

सेवा सप्ताह के पांचवें दिन जायंट्स ग्रुप वुमेन, शिखर संकल्प और जीवन धारा ग्रुप ने पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े के थैलों का वितरण किया। दुकानदारों और लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग छोड़कर कपड़े के थैले अपनाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर नूतन अग्रवाल, सुजाता शर्मा, शीनू शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल और शिखा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

## पूरे जनपद में 55,330.33 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं प्रवर्तन को लेकर निगरानी समिति की बैठक हुई। जिला कृषि अधिकारी ने रबी 2026 के लिए उर्वरक की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 24,771.55 मीट्रिक टन यूरिया, 7,855.73 मीट्रिक टन डीएपी और 19,582.83 मीट्रिक टन एनपीके समेत कुल 55,330.33 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी उर्वरक की कमी नहीं है।

डीएम ने निर्देश दिए कि किसानों को उर्वरक खरीदने के लिए किसी प्रकार की टैगिंग के लिए बाध्य न किया जाए। अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए और किसानों को निर्धारित मूल्य पर समय से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष की तुलना में यूरिया की बिक्री में सात प्रतिशत और एनपीके में 14 प्रतिशत कमी आई है, जबकि डीएपी की बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी है। डीएम ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य और फसल की आवश्यकता के अनुसार संतुलित उर्वरक प्रयोग के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। अधिक उर्वरक खरीदने वाले किसानों की जांच और सहकारी समितियों पर पर्याप्त स्टॉक रखने को भी कहा। बैठक में सीडीओ गोरखनाथ भट्ट समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जो आयोग चाहे, वो वोटर

करीब 98 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी देश के उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रहे हैं। वह नई दिल्ली से लोकसभा सांसद भी चुने गए थे। उन्हें, बेटी प्रतिभा और बहू को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल हैं, लिहाजा उन्हें चुनाव आयोग ने नोटिस भेजा है। देश के मौजूदा विदेश मंत्री एस. जयशंकर, उनकी जापानी पत्नी और विदेश सचिव विक्रम मिसरी को भी नोटिस भेजे गए हैं। दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल के मतदाता होने पर भी चुनाव आयोग को संदेह है। बहरहाल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का मामला किसी तरह निपटा लिया गया है, लेकिन केजरीवाल, उनके 85 वर्षीय माता-पिता, उनकी आईआरएस रहीं और सरकारी पेंशनधारी पत्नी और बेटे के दिल्ली में मतदाता होने पर आयोग के सवाल हैं, लिहाजा उन्हें नोटिस के जवाब देने ही पड़ेंगे। देश के कानून मंत्री रहे, चांदनी चौक के पूर्व सांसद, मौजूदा राज्यसभा सांसद एवं सर्वोच्च अदालत के प्रख्यात अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मतदाता होने पर आयोग को क्या आपत्तियां हैं, कमोबेश हमारी समझ के बाहर है। यहां तक कि मौजूदा चुनाव आयुक्त एसएस संधू, जो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के समकक्ष ही हैं, को भी नोटिस भेजा गया है कि उनके नाम की स्पेलिंग (वर्तनी) 2002 के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाती, लिहाजा वह स्पष्ट करें। बेहद हास्यास्पद है कि सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद, थलसेना प्रमुख रहे जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, सर्वोच्च अदालत की न्यायाधीश रहीं जस्टिस रंजना देसाई, सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला आदि अति विशिष्ट चेहरों को भी चुनाव आयोग ने नोटिस भेजे हैं, तो आम मतदाता की कराहें, चीखें, गुहार कौन सुनेगा? कैग प्रमुख के. संजय मूर्ति के माता-पिता के नाम भी नहीं हैं। बेशक चुनाव आयोग द्वारा नोटिस भेजना एक सामान्य प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन हमारा पक्का यकीन है कि अंततः इन सभी नामों को दिल्ली की मतदाता-सूची में जोड़ा जाएगा। क्या चुनाव आयोग अपनी नालायकी पर माफी मांगेगा? दरअसल हमारा बुनियादी और गंभीर सवाल 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) के प्रारूप पर है। यह अभियान चलाने वाले अधिकारियों की मेधा, सामान्य बुद्धि, पर भी तरस आता है। ज्ञानेश कुमार भी सामूहिक तौर पर 'खलनायक' हैं। क्या संविधान के अनुच्छेद 324 और 325 में चुनाव आयोग को यही विशेष शक्तियां दी गई हैं कि मतदाता वही होगा, जिसे चुनाव आयोग चाहेगा? लेकिन अनुच्छेद 326 में यह प्रावधान भी है कि देश का प्रत्येक 18 वर्षीय वयस्क नागरिक 'अधिकृत मतदाता' होगा। यह मताधिकार क्यों छीना जा रहा है? एसआईआर के तहत करीब 13 करोड़ मतदाताओं के नाम अभी तक काटे जा चुके हैं। उनके अलग-अलग कारण हो सकते हैं। लोग 'दिवंगत' भी हुए होंगे, तो नए मतदाता भी जुड़े होंगे! मताधिकार गंवाने वालों की यह कोई सामान्य संख्या नहीं है और एसआईआर अभी जारी है। यह सवाल लगातार अनुत्तरित क्यों है कि आयोग काटे गए नामों का खुलासा, वर्गीकरण समेत, सर्वोच्च अदालत को दे और वहां से देश को अवगत कराया जाए। ज्ञानेश कुमार गुप्ता संविधान के भी 'सुप्रीम' नहीं हैं। संविधान के तहत ही उन्हें इस पद का दायित्व और विशेषाधिकार दिए गए हैं। दरअसल हमने जिन अति विशिष्ट चेहरों का उल्लेख किया है, उन्हें निर्वाचित भी घोषित किया जा चुका है और यह काम आयोग ने ही किया और ये लोग दशकों से मतदाता भी रहे हैं। आडवाणी और केजरीवाल के माता-पिता की जो उम्र है, उसके मुताबिक वे 60-70 साल से मतदान कर रहे होंगे, अचानक उस पर सवाल किए जा रहे हैं! क्या अब मतदाता की परिभाषा बदल गई है और वे 2002 की मतदाता-सूची के आधार पर ही तय किए जाएंगे? यह कोई 'ब्रह्म-ग्रंथ' है क्या? यह पुनरीक्षण उसी आधार पर किया जाना चाहिए, जो मतदाता ने फॉर्म भरा है। मतदाता ही अपने बारे में ब्यौरा देने को स्वतंत्र और अधिकृत है। 2002 में कोई गलती रह गई होगी, तो उसके आधार पर आप किसी का मताधिकार छीन लेंगे? माता-पिता का नाम देने की स्वतंत्रता भी मतदाता की होनी चाहिए और उनका मिलान करना ही गलत है। यह अधिकार भी मतदाता का होना चाहिए। कोई मतदाता किसी काम से या व्यवसाय के कारण अथवा पारिवारिक कारणों से स्थानांतरित हो गया है, तो उसे फोन कर पुष्टि करनी चाहिए और फिर आयोग कोई अंतिम निर्णय ले। अराजकता खत्म होनी चाहिए। आयोग की इस प्रक्रिया के कारण आम आदमी ही नहीं, बल्कि खास लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आयोग का कर्त्तव्य नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, न कि उन्हें परेशान करना।

# सुखोई के स्वदेशी निर्माण से बदल सकती है तस्वीर



पिछले सप्ताह नयी दिल्ली में संपन्न ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन में रूस द्वारा अत्याधुनिक पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट 'सुखोई-57' की तकनीकी, उत्पादन और निर्यात से जुड़ी सुविधाएं भारत को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव देश के सामरिक और कूटनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। रूस ने यह प्रस्ताव फरवरी, 2025 में एयरो इंडिया में सार्वजनिक रूप से रखा था, पर 2026 में इस पर तकनीकी चर्चा आगे बढ़ी और ब्रिक्स सम्मेलन में इसे अंतिम रूप दिया गया। भविष्य में जिस हल्के लड़ाकू विमान 'तेजस' को भारतीय वायुसेना की रीढ़ के रूप में निर्माण करने की योजना थी, उसके इंजन के लिए भारत अमेरिका पर आश्रित है। कावेरी इंजन बनाने के प्रयत्नों के बावजूद देश में अब तक लड़ाकू जेट इंजन बनाने की क्षमता विकसित नहीं हो पायी है। इसीलिए वायुसेना के विमानों के निर्माण का एकाधिकार रखने वाली एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) अपेक्षित गति से उत्पादन नहीं कर पा रही। एक तरफ वायुसेना में लड़ाकू विमानों की इकाइयों में मिग 21 की विदाई से उपजी कमी चिंता का विषय है, दूसरी तरफ एचएएल के लिए जनरल इलेक्ट्रिक इंजन की आपूर्ति में हो रहा विलंब और वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला की सुस्त चाल चिंता का सबब है। ट्रंप के तेवर भी ऐसी व्यवस्था के प्रति नयी चिंता पैदा कर रहे हैं। ऐसे में सुखोई-57 विमान के भारत में निर्माण का प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण सामरिक विकल्प के रूप में उभरा है। एडवांस मल्टीपल रोल कॉम्बैट विमान (एमसीए) प्रोजेक्ट की पहली उड़ान और उसके बाद के चरणों के बीच लंबा समय लगना स्वाभाविक है। जब तक देश का स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का विमान एएमसीए पूरी तरह बनकर तैयार होता है, तब तक चीन, पाकिस्तान जैसे हमारे पड़ोसियों द्वारा जे-20 और जे-35 जैसे स्टील्थ विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने से एक बड़ा सामरिक फासला पैदा हो रहा है, पर सुखोई-57 को केवल एएमसीए आने तक के अंतरिम समाधान के रूप में देखना उसकी संभावित उपयोगिता को कम करके आंकना है। भारत ने फ्रांस की दसॉल्ट कंपनी से राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद कर फिलहाल वायुसेना को राहत जरूर दी है। राफेल चौथी श्रेणी का उन्नत बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है, पर वह पांचवीं श्रेणी के स्टेल्थ फाइटर की श्रेणी में नहीं आता यानी शत्रु के रडार को चकमा देकर उसकी सीमा में प्रवेश करने की क्षमता उसमें नहीं है। ऐसे में लंबी दूरी से प्रहार करने वाले मिसाइल का प्रयोग वह अपनी सीमा में रहकर कर सकता है, पर एंटी मिसाइलों की बढ़ती क्षमता ऐसे उपयोग को सीमित करेगी। इसी अंतराल को पाटने के लिए वायुसेना को एक ऐसे अंतरिम और भरोसेमंद विकल्प की जरूरत है, जो रडार को चकमा देने में माहिर हो। सुखोई-57 में यह क्षमता है। इस दृष्टि से अमेरिकी एफ-35 विमान भी बहुत अच्छा लड़ाकू विमान है, लेकिन उसका मूल्य भी बहुत है और रखरखाव पर होने वाला खर्च भी। वर्तमान भू-राजनीतिक दबावों और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच मॉस्को के लिए भारत एक ऐसा भरोसेमंद साझीदार है, जो उसके हथियारों का बड़ा खरीदार होने के साथ रक्षा उत्पादन में संयुक्त भागीदारी का माद्दा भी रखता है। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध से लेकर आज तक रूस भारत को सामरिक क्षेत्र में लगातार सहयोग देता आया है। रूस का यह प्रस्ताव, कि सुखोई-57 को भारत में ही एचएएल के माध्यम से लाइसेंस के तहत निर्मित किया जाये, भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' नीति के अनुकूल है। भारतीय वायुसेना के दृष्टिकोण से सुखोई-57 के अधिग्रहण और स्थानीय उत्पादन का प्रस्ताव कई मायनों में 'गेम-चेंजर' साबित हो सकता है। भारत की यह मांग रही है कि उसे केवल तैयार विमान नहीं, बल्कि तकनीकी संरचना तक पहुंच चाहिए। यदि रूस भारतीय घरेलू प्रणालियों, जैसे कि उत्तम एइएसए रडार और स्वदेशी अस्त्र मिसाइलों को सुखोई-57 के साथ एकीकृत करने की अनुमति देता है, तो यह भारत की तकनीकी संप्रभुता को मजबूत करेगा। यदि एचएएल, नासिक या और कहीं सुखोई-57 का निर्माण शुरू होता है, तो भारत न केवल अपनी वायुसेना की पांचवीं पीढ़ी की जरूरत पूरी कर पायेगा, बल्कि भविष्य में मित्र देशों को इस विमान का निर्यात कर वैश्विक रक्षा बाजार में नया मुकाम हासिल कर सकेगा। अलबत्ता अतीत के अनुभवों को देखते हुए फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। लगभग एक दशक पहले भारत एफजीएफए (फिफ्थ जेनरेशन फाइटर एयरक्राफ्ट) सह-विकास कार्यक्रम से अलग हो गया था। तब मुख्य विवाद तकनीकी हस्तांतरण, विमान के स्टेल्थ गुणों के स्तर और लागत को लेकर था। इस बार भारत यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि रूस उसे केवल असेंबली लाइन न दे, बल्कि मूल डिजाइन और कोड्स तक सार्थक पहुंच प्रदान करे। यह भी जरूरी है कि रूसी निर्माण सहयोग और पूरी तकनीकी जानकारी मिलने से हमारे अपने पूर्णतः स्वनिर्मित एएमसीए प्रोजेक्ट से कहीं हमारा ध्यान हट न जाये। फिर सुखोई-57 का निर्माण भारत में होता है, तो इसके कलपुर्जे स्वदेशी रूप से बनने चाहिए, ताकि युद्ध के समय सप्लाई चेन बाधित न हो। यदि भारत और रूस रक्षा सहयोग के इस नये शिखर पर पहुंचते हैं, तो यह भारत के एएमसीए कार्यक्रम के लिए भी 'लिफ्टिंग पैड' का काम कर सकता है।

# पाठ्यक्रम में शामिल हो हमारी विरासत



प्राचीन भारत में नालंदा, विक्रमशिला और तक्षशिला ने दर्शन, खगोल विज्ञान, गणित और चिकित्सा के क्षेत्र में ज्ञान का प्रसार किया। भास्करचार्य की पुत्री लीलावती ने बीजगणित की नींव रखी, जबकि ब्रह्मगुप्त ने ऋणात्मक संख्याओं के नियम का प्रतिपादन किया। 'सुश्रुत संहिता' शल्य चिकित्सा, प्लास्टिक शल्य चिकित्सा और मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा पर प्रथम चिकित्सा ग्रंथ है, जबकि 'चरक संहिता' आंतरिक विकारों का एक विश्वकोश है। नागार्जुन द्वारा रचित 'रसायन शास्त्र' औषधियों के निर्माण की विधि सिखाता है। वराहमिहिर की 'पंचसिद्धांतिका' में पांच खगोलीय प्रणालियों का संश्लेषण किया गया है। इक्कीसवीं सदी में चैटजीपीटी और जेनरेटिव एआइ, निजी अंतरिक्ष उड़ानें, एआर और वीआर जैसी इमर्सिव तकनीक, स्मार्ट फोन, 5जी, सोशल मीडिया, ड्रोन, ह्यूमनॉइड रोबोट, गेमिंग, मशीन लर्निंग, 3-डी प्रिंटिंग ने मानव जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। वहीं यह सदी पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और नैतिक मूल्यों के अभाव से जूझ रही है। यह स्थिति हमें प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर पुनः विचार करने को प्रेरित करती है। जैसे, आयुर्वेद, भारतीय चिकित्सा विज्ञान की पारंपरिक प्रणाली है, जिसमें मन और शरीर से संबंधित ज्ञान सम्मिलित है। इसकी प्रासंगिकता 21वीं सदी में भी उतनी ही है। प्राचीन भारत में आहार भी विज्ञान पर आधारित था। यह दोषों को संतुलित करने के लिए षड् रस के उचित सेवन की शिक्षा देता है। आयुर्वेद में मानसिक स्वास्थ्य का भी वर्णन है। आज लाखों लोग मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और हृदय रोग जैसी जीवन शैली संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं, जो देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली पर गंभीर दबाव डाल रही हैं। भारत में मधुमेह से पीड़ित वयस्कों का स्थान वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे अधिक है। ऐसे में, आयुर्वेद सिद्धांतों की शिक्षा, स्वस्थ जीवन शैली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयुर्वेद में जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों का समाधान दोष संतुलन द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या और त्रयोपस्तंभ के जरिये किया जाता है। आयुर्वेद को आज राष्ट्रीय व वैश्विक मान्यता प्राप्त है। भारत में डब्ल्यूएचओ के ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन का गठन समकालीन महामारियों में आयुर्वेद के योगदान का प्रमाण है। वर्ष 2017 से एम्स, ऋषिकेश जैसे संस्थानों के आयुष विभाग त्रिदोष सिद्धांतों पर आधारित आयुर्वेद के साथ समकालीन चिकित्सा को सम्मिलित कर जीवनशैली संबंधी विकारों का उपचार कर रहे हैं। उसी वर्ष से नयी दिल्ली स्थित अखिल एम्स मॉडल के अनुरूप शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देते हुए पूरी तरह से कार्यरत है। आजकल बच्चे कई प्रकार के तनाव से गुजर रहे हैं। इनमें परीक्षाओं और सोशल मीडिया का दबाव मुख्य हैं। महर्षि पतंजलि के द्वितीय सूत्र, 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' के अनुसार चित्त का निरोध ही योग है। योग शिक्षा शारीरिक रूप से लचीलापन और शक्ति बढ़ाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत कर तथा श्वसन एवं पाचन तंत्र में सुधार कर स्वास्थ्य में वृद्धि करती है। मानसिक स्तर पर यह तनाव और चिंता कम करती है, एकाग्रता, स्मृति, भावनात्मक संतुलन और आत्मविश्वास बढ़ाती है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को 177 देशों का समर्थन मिलना योग की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में असीम सफलता के बावजूद आज हम पर्यावरण संकट और जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों से संघर्ष कर रहे हैं। प्राचीन भारत में पर्यावरण को सजीव और चेतन के रूप में देखा जाता था। अतः पृथ्वी की सुरक्षा हमारा आध्यात्मिक और नैतिक कर्तव्य है। प्राचीन भारत में कृषि, मिश्रित खेती, जैविक खाद आदि के आधार पर जाती थी, जबकि रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के दुष्प्रभाव आज चुनौती बन गये हैं। जलवायु परिवर्तन और जल, वायु तथा भूमि प्रदूषण वैश्विक संकट हैं। ऐसे में, हमारे वैदिक, पौराणिक तथा लोक-परंपरागत मान्यताओं को शिक्षा में पुनः शामिल करने की जरूरत है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण की ओर ले जायेगा। इसरो की उपलब्धियां, जैसे-मंगलयान, चंद्रयान-1, चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 पारंपरिक भारतीय गणित और खगोल विज्ञान के प्रेरक प्रभाव के जीवंत उदाहरण हैं। शिक्षा पाठ्यक्रम में प्राचीन खगोलशास्त्र के साथ आधुनिक खगोल विज्ञान का समावेश-जैसे, 12 राशियों की खगोलीय गति का पारंपरिक सिद्धांत एवं आधुनिक केप्लर नियम छात्रों में जहां गणितीय-खगोलीय चेतना जागृत करेगा, वहीं यह भविष्य में इसरो जैसे राष्ट्रीय संस्थानों का हिस्सा बनने के लिए भी प्रेरित करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप स्टेम शिक्षा के साथ भारत की वैदिक-शास्त्रीय वैज्ञानिक विरासत को एकीकृत कर पुनर्स्थापित किया जायेगा, जो अगली पीढ़ी को स्वदेशी गौरव और वैश्विक नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रेरित करेगा।

## संजा - मिट्टी की खुशबू का पर्व

हाँ, कच्ची दीवारों पर जब, संजा मुस्कुराती थी,
मिट्टी-गोबर-फूलों से बेटियाँ दुनिया सजाती थीं।
नन्ही-सी उँगलियों में पूरा "गाँव" उतर आता था,
हर दिन आकृति में मन का सपना मुस्काता था।

सहेलियाँ गीत सुनातीं, हँसी आँगन में गूँजती थी,
नानी-दादी "लोककथाओं" से शाम महकाती थी।
संजा केवल चित्र नहीं, यह रिश्तों की पहचान थी,
बेटियों के कोमल मन में लोक संस्कृति जान थी।

सोलह दिन तक हर संध्या एक नया उत्सव होता,
मिट्टी के अदने आँगन में बड़ा-सा संसार संजोता।
फिर आती अमावस बेला, संजा "विदा" हो जाती,
जाते-2 घर-आँगन में यादों की खुशबू छोड़ जाती।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011
(मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

# जेल से बाहर की राह : कितनी होगी स्वीकार्यता



रवि शंकर शर्मा
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

जेल का नाम सामने आते ही मस्तिष्क में एक ऐसी जगह का चित्र उभरता है, जहां चारों ओर ऊंची दीवारें, बंद दरवाज़े और कड़ी निगरानी होती है। अपराध करने वाले व्यक्ति को समाज से अलग कर उसे कानून के अनुसार सजा देना न्याय व्यवस्था का आवश्यक हिस्सा है, लेकिन क्या सज़ा का उद्देश्य केवल व्यक्ति को जेल में रखना ही होना चाहिए ? निश्चित रूप से नहीं। सजा का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य अपराधी को उसके किए का अहसास कराना, उसके व्यवहार में सुधार लाना और उसे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनने का अवसर देना भी है। इसी सोच के साथ जेलों को सुधारगृह के रूप में विकसित करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में झारखंड सरकार ने जेल सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करने की तैयारी की है। राज्य कैबिनेट से मंजूर योजना के तहत योग्य कैदियों को दिन में जेल से बाहर जाकर काम करने, रोजी-रोटी कमाने और शाम को वापस जेल लौटने की अनुमति देने की व्यवस्था की जा रही है। ओपन और सेमी-ओपन बैरक व्यवस्था के माध्यम से कैदियों के पुनर्वास, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर यानी मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाएगी। इसी प्रक्रिया के आधार पर यह तय होगा कि किन कैदियों को इस सुविधा का लाभ दिया जा सकता है। प्रारंभिक चरण में यह व्यवस्था चार जेलों में लागू की जाएगी। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार चयनित कैदी सुबह छह या सात बजे के आसपास काम के लिए जेल से बाहर जा सकेंगे और उन्हें निर्धारित समय के भीतर, अधिकतम 12 घंटे के अंदर, जेल वापस लौटना होगा।

यह व्यवस्था इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जेल की चारदीवारी और समाज के बीच एक नियंत्रित पुल बनाने का प्रयास है। कैदी को अचानक पूरी तरह स्वतंत्र नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे जिम्मेदारी, अनुशासन और विश्वास के साथ समाज के बीच काम करने का अवसर मिलेगा। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो जेल सुधार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण मॉडल बन सकता है।

हालांकि झारखंड का प्रस्तावित मॉडल चर्चा का विषय इसलिए बन रहा है, क्योंकि इसमें कैदियों को जेल से बाहर जाकर आम लोगों के बीच काम करने की अनुमति देने की बात है, लेकिन ओपन जेल की अवधारणा भारत के लिए नई नहीं है। आजाद भारत में 1949 में लखनऊ के मॉडल जेल के साथ ओपन एयर कैंप की शुरुआत हुई थी। इसके बाद 1953 में वाराणसी में चंद्रप्रभा नदी पर बांध निर्माण के लिए एक बड़ा ओपन जेल कैंप बनाया गया। राजस्थान ने भी इस दिशा में उल्लेखनीय काम किया। वहां 1963 में सांगानेर, जयपुर में पहला ओपन जेल कैंप शुरू हुआ था और आज राज्य में बड़ी संख्या में ओपन जेल संचालित हैं। भारत में प्रचलित अधिकांश ओपन जेल मॉडलों में कैदियों को जेल परिसर अथवा उसके आसपास बने बड़े परिसर में रहने और निर्धारित कार्य करने की सुविधा दी जाती है। उन्हें नियंत्रित वातावरण में काम करने का अवसर मिलता है, लेकिन आम तौर पर बाहरी कंपनियों या खुले बाजार में जाकर सीधे रोजगार करने की अनुमति सीमित रहती है। झारखंड का प्रस्तावित मॉडल इस मायने में अलग दिखाई देता है। इसमें डे-रिलीज यानी दिन में बाहर जाकर काम करने और शाम को वापस जेल आने की व्यवस्था पर जोर है। इससे कैदी रोजगार के साथ-साथ अपने परिवार से भी संपर्क बनाए रख सकेंगे। परिवार से मिलने और सामाजिक संबंध बनाए रखने का अवसर किसी व्यक्ति के मानसिक और सामाजिक पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उत्तराखंड में भी ओपन जेल की अवधारणा दशकों पुरानी है। 16 फरवरी 1960 को ऊधम सिंह नगर जिले के सितारगंज में खुली जेल की स्थापना की गई थी, जिसे संपूर्णानंद शिविर के नाम से जाना जाता है। इसका उद्देश्य भी कैदियों में सुधार लाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।अच्छे आचरण वाले आजीवन कारावास के कैदियों को यहां रखने की व्यवस्था है। यहां कैदी अपेक्षाकृत स्वतंत्र वातावरण में रहते हैं, खेती-किसानी जैसे कार्य करते हैं और अपनी झोपड़ियों में रहकर जीवन बिताते हैं। यह मॉडल इस बात का उदाहरण है कि उचित चयन, अनुशासन और निगरानी के साथ जेल की कठोर व्यवस्था के बाहर भी कैदियों के पुनर्वास का प्रयोग किया जा सकता है। देहरादून की सुद्धोवाला जेल में भी कैदियों के लिए ओपन जेल सिस्टम शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि देश में जेलों को केवल बंदीगृह के बजाय सुधार और पुनर्वास के केंद्र के रूप में देखने की सोच मजबूत हो रही है। जेलों में बंद कैदी पहले से ही अपनी क्षमता और कौशल के अनुसार अनेक प्रकार के काम करते हैं। कोई रसोई में खाना बनाने और परोसने का काम करता है तो कोई जेल परिसर की साफ-सफाई, वार्डों की धुलाई और पानी की व्यवस्था जैसे दैनिक कार्यों में योगदान देता है। जिन जेलों में कृषि भूमि या बगीचे उपलब्ध हैं, वहां कैदी खेती करने, सब्जियां उगाने और पेड़-पौधों की देखभाल का काम भी करते हैं। इसके अलावा कैदी फर्नीचर बनाने, कपड़े सिलने, हस्तशिल्प और दूसरे हुनर से जुड़े काम करते हैं। इन कार्यों के बदले उन्हें निर्धारित मजदूरी भी मिलती है। ऐसे में यदि किसी कैदी को उसके कौशल के अनुरूप जेल से बाहर काम करने का अवसर मिलता है तो यह केवल उसकी आर्थिक स्थिति सुधारने की पहल नहीं होगी, बल्कि उसके भीतर आत्मविश्वास और आत्मसम्मान पैदा करने का माध्यम भी बन सकती है। आखिर किसी व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए केवल जेल की सजा पूरी करवा देना पर्याप्त नहीं है। उसे यह भी महसूस होना चाहिए कि समाज में लौटने के बाद उसके पास सम्मानपूर्वक जीवन जीने और अपनी आजीविका कमाने का रास्ता मौजूद है।

# युद्ध की राख से शांति का नया संसार कैसे बने?

21 सितम्बर का अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस इस वर्ष ऐसे समय में आया है, जब दुनिया को शांति की सबसे अधिक जरूरत है। रूस-यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच चुका है, पश्चिम एशिया में इजराइल-गाजा संघर्ष की मानवीय त्रासदी समाप्त नहीं हुई है और 2026 में अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष ने पूरे क्षेत्र की सुरक्षा एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। ऐसे वातावरण में शांति केवल एक आदर्श या कूटनीतिक शब्द नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त बन गई है। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की थीम रखी है-"शांति में निवेश करें-सभी के लिए, हर जगह, हर दिन।" संयुक्त राष्ट्र के अनुसार शांति का अर्थ केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि सुरक्षा, गरिमा, अवसर और सहयोग का ऐसा वातावरण है जिसमें मनुष्य भयमुक्त होकर जीवन जी सके। इस वर्ष विशेष रूप से उन 'रोजमर्रा के शांति-निर्माताओं' को रेखांकित किया जा रहा है, जो अपने परिवार, समुदाय, विद्यालय और समाज में संवाद तथा विश्वास की नींव मजबूत करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भी शांति की खोज एवं शांति की स्थापना में होना चाहिए। ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के महत्व को ही रेखांकित किया है। दुनिया की वर्तमान स्थिति इस संदेश को और महत्वपूर्ण बनाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के साढ़े चार वर्ष से अधिक समय बाद भी हिंसा समाप्त नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जुलाई 2026 में यूक्रेन में कम-से-कम 437 नागरिक मारे गए और 2,610 घायल हुए-मार्च 2022 के बाद किसी एक महीने में दर्ज सबसे अधिक नागरिक क्षति में से एक है। मिसाइलों, ड्रोन और हवाई हमलों ने शहरों, ऊर्जा ढांचे और सामान्य नागरिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

# जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com






# नंदा-सुनंदा की भक्ति में सराबोर हुआ नैनीताल

## मुख्यमंत्री धामी ने की प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना, धार्मिक पर्यटन से युवाओं को रोजगार, मातृशक्ति को अवसर और स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बाजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नैनीताल में आयोजित माँ नंदा-सुनंदा महोत्सव में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने माँ नंदा-सुनंदा के श्रीचरणों में नमन कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने महोत्सव में उपस्थित माताओं-बहनों, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं बच्चों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ नंदा-सुनंदा की छत्रछाया में उपस्थित होना उनके लिए परम सौभाग्य की बात है। मंगलवार के अवसर पर उन्होंने पवनपुत्र हनुमान जी को भी नमन किया और कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी ने माता सीता का संदेश प्रभु श्रीराम तक पहुंचाया, उसी प्रकार वे सभी का प्रणाम प्रभु श्रीराम के चरणों तक पहुंचाएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह के साथ "जय श्रीराम" का जयघोष भी किया।





### समान नागरिक संहिता से महिलाओं के अधिकारों को मिली मजबूती

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्गों की महिलाओं को उनके अधिकार प्रदान करने तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू की गई है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता 27 जनवरी 2025 से प्रभावी हुई।

### 35 हजार युवाओं को सरकारी सेवाओं में मिला अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे मेहनत करने वाले युवाओं के अधिकार सुरक्षित रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब तक 35 हजार युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार का अवसर मिला है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से संवाद करते हुए पूछा कि पिछले पांच वर्षों में कितने युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं, जिस पर जनसमूह ने जोर से "35 हजार" का उत्तर दिया।

### लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसी गतिविधियों पर सख्ती, देवभूमि की पहचान और जमीन की सुरक्षा पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के साथ-साथ देवभूमि की जमीन, संसाधनों और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य में भूमि संबंधी कानूनों को मजबूत किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2025 के संशोधन के तहत 11 पर्वतीय जिलों में बाहरी राज्यों के लोगों द्वारा कृषि एवं उद्यान श्रेणी की भूमि खरीद पर रोक का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार देवभूमि की संस्कृति, पहचान और संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है तथा उनके संबोधन के अनुसार लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसी गतिविधियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा तो युवाओं और स्थानीय लोगों के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। धार्मिक पर्यटन बढ़ने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, मातृशक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलेगा और उत्तराखंड की संस्कृति देश-दुनिया तक पहुंचेगी।

### महिलाओं के उत्पादों को मिलेगा बेहतर बाजार, आत्मनिर्भर बनेगी मातृशक्तिः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की माताओं और बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जो भी महिलाएं अपने उत्पाद तैयार करती हैं, चाहे वे स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कार्य कर रही हों अथवा एकल महिला स्वरोजगार या किसी अन्य माध्यम से अपने उत्पाद तैयार कर रही हों, उनके उत्पादों की बिक्री के लिए उचित स्थान और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को ऐसा केंद्र उपलब्ध कराया जाएगा, जहां वे अपने उत्पादों को अधिक से अधिक और उचित मूल्य पर बेच सकें। इससे मातृशक्ति को अपने हुनर को व्यवसाय में बदलने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में माताओं और बहनों ने स्वरोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय की आधिकारिक जानकारी में भी लखपति दीदी योजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक के ब्याजमुक्त ऋण का उल्लेख है।

### धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को मिल रही नई पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संवारने का कार्य हो रहा है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक तथा केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में हुए विकास कार्यों ने आस्था के प्रमुख केंद्रों को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ उत्तराखंड सरकार भी "विकास भी और विरासत भी" के मंत्र के साथ देवभूमि को आगे बढ़ा रही है।

**नंदा देवी महोत्सव हमारी आस्था, संस्कृति और परंपराओं का उत्सवः मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल का नंदा देवी महोत्सव कोई सामान्य मेला अथवा उत्सव नहीं है। यह हमारी आस्था, उत्तराखंड की संस्कृति और पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं का उत्सव है। माँ नंदा-सुनंदा के स्वागत की परंपरा, लोकगीत, झोड़ा-चांचरी, ढोल-दमाऊं सहित लोक संस्कृति की विविध परंपराएं इस महोत्सव के माध्यम से जीवंत होती हैं। उन्होंने कहा कि जिस समाज को अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति पर गर्व होता है, वही समाज आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है।

**नैनीताल केवल पर्यटन नगरी नहीं, आस्था और अध्यात्म की भी भूमि**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल को दुनिया उसकी खूबसूरत झील, पहाड़ों और हरी-भरी वादियों के लिए जानती है, लेकिन नैनीताल केवल पर्यटन नगरी नहीं है। यह आस्था और अध्यात्म की भी भूमि है। उन्होंने कहा कि यहां माँ नैना देवी का पावन धाम है, हनुमानगढ़ी में बजरंगबली विराजमान हैं, कैंची धाम बाबा नीब करौरी महाराज की तपोभूमि है और मुक्तेश्वर में देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद है। प्रकृति और अध्यात्म का यह अद्भुत संगम नैनीताल को विशिष्ट पहचान प्रदान करता है।

**मानसखंड मंदिर माला मिशन से कुमाऊं के धार्मिक स्थलों का कायाकल्प**

मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारखंड की तरह कुमाऊं में भी मानसखंड मंदिर माला मिशन के माध्यम से प्रमुख पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य धार्मिक स्थलों का विकास करते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और हमारी प्राचीन विरासत के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि माँ नैना देवी, कैंची धाम, मुक्तेश्वर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी।

**नैनीताल के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और कनेक्टिविटी पर जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक विकास के साथ नैनीताल जनपद के समग्र विकास के लिए भी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पर्यटन और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पहाड़ में रहने वाले व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा, अच्छी शिक्षा और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए अनावश्यक रूप से दूर न जाना पड़े। विकास का वास्तविक अर्थ यही है कि विकास की रोशनी समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

**स्थानीय उत्पादों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही मातृशक्तिः मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं के हुनर और मेहनत को बाजार से जोड़ना आवश्यक है। स्थानीय उत्पादों को उचित बाजार एवं उचित मूल्य मिलने से महिलाओं की आय बढ़ेगी और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ-साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हो।

**माँ नंदा-सुनंदा की आरती में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी माँ नंदा-सुनंदा की आरती में भी शामिल हुए। उन्होंने विधिवत आरती कर माँ नंदा-सुनंदा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

**"विकल्प रहित संकल्प" के साथ श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में कार्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि युवाओं को अवसर मिलें, मातृशक्ति सशक्त हो, हमारी संस्कृति सुरक्षित रहे और उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों को छुए। इसी उद्देश्य के लिए सरकार अपने "विकल्प रहित संकल्प" के साथ उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस संकल्प को सिद्ध करने में नैनीताल जनपद की जनता का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा।

**माँ नंदा-सुनंदा से प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना**

मुख्यमंत्री ने माँ नंदा-सुनंदा से प्रार्थना करते हुए कहा कि माँ सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करें और सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लाएं। उन्होंने प्रार्थना की कि माँ की कृपा उत्तराखंड पर सदैव बनी रहे और हमारी देवभूमि सदैव खुशहाल रहे। मुख्यमंत्री ने महोत्सव के भव्य एवं दिव्य आयोजन के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को हृदय से बधाई दी तथा सभी प्रदेशवासियों को माँ नंदा-सुनंदा महोत्सव की पुनः हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अंत में मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से दोनों हाथ उठाकर "माँ नंदा देवी की जय, माँ सुनंदा देवी की जय और भारत माता की जय" का जयघोष करने का आह्वान किया। जयघोष से पूरा महोत्सव स्थल गूंज उठा।

इस कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैडा, विधायक सरिता आर्या, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्ज़ा राज्यमंत्री डॉ.अनिल कपूर डब्बू, शांति मेहरा, शंकर कोरंगा, महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, मंडलायुक्त दीपक रावत, आईजी निवेदिता कुकरेती, डीएम ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी, एसपी मनोज कत्याल, डॉ.जगदीश चंद्रा, एडीएम विवेक राय, सौरभ असवाल, सहित मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, डीएसए सचिव मनोज जोशी, श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज शाह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, मनोज जोशी मंटू, प्रोफेसर ललित तिवारी, दया किशन पोखरिया, पण्डित भगवती प्रसाद जोशी, विमल चौधरी,कमलेश ढोंढियाल आदि उपस्थित थे।

# भाजपा करती है एसटी, एससी व मुस्लिमों की उपेक्षाः नईम कुरैशी

▶ आजाद समाज पार्टी काशीराम के कार्यकर्ताओं ने तहसील कैंपस पर किया प्रदर्शन दिया धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते आसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा



तहसील में पुलिस और आसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के बीच नोकझोंक। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के कार्यकताओं ने तहसील परिसर पर सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने तहसील परिसर पर धरना भी दिया। उनका आरोप था कि डबल इंजन की सरकार समाज में वैमस्यता फैलाने का काम कर रही। मदरसों एवं शिक्षण संस्थानों को बंद कर आने वाली पीढ़ी को शिक्षा से वंचित रखने का कार्य किया जा रहा है। सरकार नहीं चाहती है कि युवा पीढ़ी शिक्षित होकर देश के नेताओं से सवाल करें। प्रदर्शनकारियों में तहसील परिसर में अचानक बैरिकेड लगाए जाने से खासा आक्रोश रहा। पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकर्ताओं को रोकने के विरोध में पुलिस से नोक झोक, हाथापाई व तनातनी की नौबत बनी रही। इस दौरान तहसील परिसर छावनी में तब्दील रहा।

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता नईम कुरैशी ने शासन प्रशासन सहित प्रदेश सरकार की बड़ी आलोचना की। उन्होंने अकस्मात तहसील कैंपस पर लगी वैरीकेटिंग का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। धामी सरकार आम जनता एवं विपक्षियों को आतंकित कर राज करने लगी है। आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के जिला अध्यक्ष जयवीन्दर सिंह के नेतृत्व में एकत्रित पार्टी कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर पर हंगामा काटा और धरना दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था सरकार पिछड़े वर्ग एवं मुस्लिम समुदाय की अपेक्षा कर रही है। एससी समाज के लोगों को मंदिर में प्रवेश से रोकती है। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र की विकास के क्षेत्र में उपेक्षा कर रही है। यहां खासी गंदगी की स्थिति बनी रहती है। मुस्लिम व्यापारियों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। एसआईआर के नाम पर एक अकेले इस्लामनगर गौटिया से 10,000 नाम काटे गए हैं। एससी एसटी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाता है। अंत में उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण को सौंपते हुए बिन्दुवार कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय प्रवक्ता नईम कुरैशी, प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष जसविन्दर सिंह, राजा गौतम, टोनी पठान, शाहनवाज अहमद, सतीश कुमार तथा जितेंद्र सहित अन्य आस्था कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शक्ति समूहः स्वरोजगार से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लालकुआं, नैनीताल।** लालकुआं क्षेत्र में शक्ति स्वयं सहायता समूह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार की प्रेरणादायी मिसाल बनकर उभर रहा है। नाबार्ड के सहयोग से प्रगतिशील संस्था द्वारा वर्ष 2018 में गठित यह समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। समूह द्वारा नाबार्ड के आर्थिक सहयोग से पिछले तीन वर्षों से रूरल मार्ट संचालित किया जा रहा है। यहां स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प उत्पाद, अचार, जैम-जेली, देसी घी, दालें, अनाज और बुरांश का जूस सहित विभिन्न स्थानीय उत्पादों की बिक्री की जाती है।

उत्पादों की मार्केटिंग के लिए समूह की महिलाएं नाबार्ड के सहयोग से उत्तराखंड समेत देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित मेलों और प्रदर्शनियों में स्टॉल लगाकर बिक्री करती हैं। इसके अलावा गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित किसान मेले में भी नियमित रूप से स्टॉल लगाया जाता है। उत्कृष्ट बिक्री और प्रदर्शन के लिए समूह को विश्वविद्यालय द्वारा हर वर्ष सम्मानित किया जाता है। समूह की महिलाओं का कहना है कि इससे उनका उत्साह बढ़ा है। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# खटीमा गौशाला का लोकार्पण 24 को

जागरण मोर्चा कार्यालय



भ्रमण कर जायजा लेते दर्जा राज्य मंत्री एवं भाजपा नेता। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र खटीमा के हल्दी घेरा में लगभग आठ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बहुप्रतीक्षित गौशाला का 24 सितंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोकार्पण कर जनता को समर्पित करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य की निगरानी में गौशाला परिसर में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वह लगातार गौशाला का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

गौरतलब है कि खटीमा में निर्मित इस गौशाला में करीब 2,000 पशुओं के रहने की क्षमता है। गौशाला के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को आवारा पशुओं की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। वहीं दर्जा राज्य मंत्री मोहिनी पोखरिया, गंभीर सिंह धामी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रंदीप पोखरिया, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा जीवन धामी, किशोर जोशी गौशाला का भ्रमण कर जायजा लिया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने बताया कि गौशाला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि इसके लोकार्पण के बाद क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों और आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं दर्जा राज्य मंत्री मोहनी पोखरिया ने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गौशाला के लोकार्पण को लेकर क्षेत्र की जनता में उत्साह है और इसके संचालन से आवारा पशुओं की समस्या के समाधान में मदद मिलेगी।

# बमोरी स्कूल को दो इलेक्ट्रिक कूलर भेंट

**हल्द्वानी।** उमस भरी गर्मी से स्कूली बच्चों को राहत दिलाने के लिए सारथी फाउंडेशन समिति ने मानवीय पहल करते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय बमोरी नगर को दो इलेक्ट्रिक कूलर भेंट किए। यह सहयोग डॉ. सुरेश टम्टा के विशेष सहयोग से किया गया। 22 सितंबर को संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत और सचिव ज्ञानेद्र जोशी ने विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्या चम्पा पुरोहित को दोनों कूलर सौंपे। अध्यक्ष नवीन पंत ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण बच्चों को कक्षाओं में बैठने में परेशानी हो रही थी। सचिव ने बताया कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। प्रधानाचार्या ने संस्था का आभार जताया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी में चला 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026'

जागरण मोर्चा कार्यालय




**हल्द्वानी।** हल्द्वानी शहर में सोमवार को *'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026' के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम एवं जिला प्रशासन की टीमों द्वारा अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, पर्यटन स्थलों, बाजार एवं हाट, मोहल्लों, कार्यालयों तथा सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में विशेष रूप से साफ-सफाई की गई।

अभियान के तहत रेलवे स्टेशन हल्द्वानी, रोडवेज बस एवं टैक्सी स्टैंड, मिनी स्टेडियम व खेल परिसर, सार्वजनिक पार्क, मुख्य बाजार, सड़कों एवं अन्य प्रमुख भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाकर कूड़ा-कचरा एकत्रित किया गया तथा लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा नहीं फैलाने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। बाजार एवं हाट क्षेत्रों में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, रेहड़ी-ठेली व्यवसायियों और ग्राहकों* को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नागरिकों को प्लास्टिक का उपयोग कम करने, कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में ही डालने तथा 'अपना बैग स्वयं लाएं' के संदेश के प्रति जागरूक किया गया। दुकानदारों को भी अपने प्रतिष्ठानों के सामने दो डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही *गुटखा, पान मसाला के पैकेट, बहुस्तरीय प्लास्टिक (MLP) और सिगरेट के टुकड़े सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फेंकने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थलों, दीवारों एवं सड़कों पर लगे लाल एवं पीले धब्बों को समाप्त करने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। लोगों को स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम, 2026 के संबंध में भी नागरिकों को जागरूक किया गया। लोगों से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, कूड़ा निर्धारित स्थान व निर्धारित समय पर डालने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की गई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न थीम पर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## एक नजर

### करंट लगने से एक वर्षीय मासूम की मौत

**निघासन।** गर्मी से राहत के लिए चल रहे पंखे के बिजली कनेक्शन से खेलना एक वर्षीय मासूम के लिए जानलेवा साबित हुआ। बिजली बोर्ड में लगा पंखे का प्लग मासूम ने हाथ में पकड़ लिया और उसे मुंह में ले लिया। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की मां शालिनी ने बताया कि सुबह करीब 11बजे खाना बनाने में व्यस्त थे।तभी घर में आदित्य खेल रहा था। उसने बोर्ड से जुड़े प्लग को पकड़कर मुंह में रख लिया। करंट लगने से वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे लेकर तत्काल सीएचसी पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना ने घरों में छोटे बच्चों की मौजूदगी के दौरान बिजली के खुले या आसानी से पहुंच में आने वाले कनेक्शन को लेकर सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# शोपीस बने यात्री शेड, बसें भी नहीं रुकती

## शहर के छह स्थानों में एक-दो जगह ही यात्री शेड, लाखों खर्च के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालत बदतर

जागरण मोर्चा कार्यालय



डिग्री कॉलेज चौराहे पर कूड़े में पड़ी बेंच। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक यात्रियों की सुविधा के लिए लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए यात्री शेड अब महज शोपीस बनकर रह गए हैं। ऐसे में यात्री शेड होने के बावजूद लोगों को सड़क किनारे खड़े होकर रोडवेज बसों का इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों में भी सांसद और विधायकों की निधि से बनाए गए कई यात्री शेड उपयोग के अभाव में बेकार पड़े हैं। संवाद न्यूज एजेंसी ने जब इसको लेकर पड़ताल की तो यह स्थिति सामने आई।

शहर के विभिन्न मार्गों पर यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री शेड बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य यात्रियों को धूप और बारिश से बचाव के साथ बसों का सुरक्षित ठहराव उपलब्ध कराना है। निर्माण के समय इन स्थानों पर यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद जताई गई थी, मगर रोडवेज बसों के निर्धारित ठहराव नहीं होने से यात्री शेड का उद्देश्य ही पूरा नहीं हो रहा है। शहर में करीब छह स्थानों पर यात्री शेड बनाए गए हैं, लेकिन इनमें भी सुविधाएं आधी-अधूरी है। शहर के कई यात्री शेड के आसपास यात्रियों की भीड़ तो नजर आती है, लेकिन बसें वहां रुकने के बजाय आगे निकल जाती हैं। बस पकड़ने के लिए यात्रियों को सड़क तक पहुंचना पड़ता है। इससे खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों को परेशानी होती है। कई बार बस चालक सड़क पर ही यात्रियों को उतारते या बैठाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

ग्रामीण इलाकों में भी जनप्रतिनिधियों की निधि से जगह-जगह यात्री शेड बनवाए गए हैं। इनमें कई यात्री शेड ऐसे स्थानों पर हैं, जहां बसों का नियमित ठहराव नहीं है। नतीजतन, लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए यात्री शेड यात्रियों के काम नहीं आ रहे हैं। कई जगह इनका इस्तेमाल दूसरे कार्यों में भी होता दिखाई देता है।

**शहर के इन स्थानों पर बसों का है ठहराव :** शहर के असम चौराहा, टाइगर तिराहा, ट्रांसपोर्ट नगर, नौगवां चौराहा, छतरी चौराहा, टाइगर तिराहा, गौहनिया चौराहा, अस्पताल तिराहा, नकटादाना चौराहा, कलेक्ट्रेट तिराहा, एकता सरोवर पार्क पर बस रोके जाने का प्रावधान है। इसके बाद इन स्थानों पर यात्री दिखने पर ही बसों को रोका जाता है, लेकिन ठहराव नहीं किया जा रहा है।

**सीट को लगवाया, भूल गए अन्य सुविधाएं देना :** शहर के डिग्री कॉलेज चौराहे पर बस का ठहराव होने का एक प्वाइंट है। इस प्वाइंट पर यात्रियों की सुविधाएं के महज एक बेंच को डाला गया है, जबकि बरसात से बचने के लिए वहां पर कोई भी सुविधा नहीं की गई। यहां पर बसों का ठहराव भी नहीं किया जा रहा है।

# अगले महीने से राज्यसभा में शून्य हो जाएगी बसपा, राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा भी खतरे में

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अगले माह लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी हिस्सेदारी शून्य हो जाएगी। पार्टी के एकमात्र राज्यसभा सांसद रामजी गौतम का कार्यकाल अगले माह समाप्त हो रहा है। बसपा के पास इतने विधायक नहीं हैं, जो उसके किसी उम्मीदवार को राज्यसभा भेज सकें। इन हालात में बसपा राज्यसभा चुनाव में अपना कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारने का फैसला भी ले सकती है।

बता दें कि बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के निधन के बाद विधानसभा में भी बसपा की उपस्थिति समाप्त हो चुकी है। राज्यसभा में उनके किसी प्रत्याशी को जाने के लिए कम से कम 37 वोटों की दरकार होगी। इतनी बड़ी संख्या में वोट जुटा पाना फिलहाल बसपा के लिए असंभव है। इन हालात में पार्टी का लोकसभा, राज्यसभा के साथ यूपी की विधानसभा और विधान परिषद में कोई सदस्य नहीं बचेगा।

दरअसल, बीते करीब डेढ़ दशक से बसपा का सियासी सफर संकट भरा रहा है। वर्ष 2019 में बसपा के 10 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने थे हालांकि तब बसपा ने सपा के साथ गठबंधन किया था। इसके बाद वर्ष 2022 के चुनाव में बसपा के उमाशंकर सिंह बलिया की रसड़ा सीट से जीत हासिल कर पाए थे। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। चुनाव दर चुनाव बसपा का वोट प्रतिशत भी घटने से पार्टी को दोहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है। राज्यसभा चुनाव के बाद बसपा का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा फिर खतरे में पड़ जाएगा। बसपा की स्थापना वर्ष 1984 में कांशीराम ने की थी। पार्टी को वर्ष 1997 में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला था। हालांकि चुनाव आयोग ने पिछले साल बसपा का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बरकरार रखा था। अब अगले वर्ष होने वाले यूपी समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव बसपा के राष्ट्रीय पार्टी होने का भविष्य तय कर सकते हैं।

# युवती का फोन उड़ाने वाले रेलवे टेक्नीशियन समेत दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बरहा फाटक के पास फल खरीद रही युवती का मोबाइल चोरी करने के मामले में सुनगढ़ी पुलिस ने रेलवे टेक्नीशियन समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बाइक से पहुंचकर ठेले पर रखा युवती का मोबाइल फोन पार कर दिया था। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार करने के बाद उनकी निशानदेही पर चोरी का फोन बरामद किया। सोमवार को न्यायालय में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

सीओ सिटी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि ग्राम बरहा निवासी राजेंद्र कुमार की बेटी प्रियंका 20 सितंबर की शाम करीब छह बजे बरहा फाटक के पास ठेले से फल खरीद रही थी। इस दौरान उसने अपना मोबाइल ठेले के ऊपर रख दिया। आरोप है कि तभी ग्राम बरहा निवासी रोहित वर्मा अपने साथी के साथ बाइक से वहां पहुंचा। मौका पाकर ठेले पर रखा मोबाइल चोरी कर दोनों भाग गए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रोहित वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके साथी बरखेड़ा के ग्राम इगरा निवासी आरोपी राजकुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, राजकुमार रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर तैनात हैं। दोनों आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।

# नोटिस के बाद भी चलते मिले अवैध विद्यालय बीईओ ने दस्तावेज जब्त कर बंद कराया शिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



मॉर्डन गुरुकुल एकेडमी में दस्तावेजों को जब्त करते बीईओ। -जागरण मोर्चा

**निघासन।** क्षेत्र में बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार ने क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान नोटिस दिए जाने के बावजूद दो विद्यालय संचालित मिले। बीईओ ने दोनों विद्यालयों के अभिलेख जब्त कर शिक्षण कार्य बंद करा दिया।बीईओ धर्मेश कुमार ने बताया कि बिना मान्यता विद्यालय संचालित किए जाने के मामले में संबंधित संचालकों को पूर्व में नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। इसके बावजूद संचालकों की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया। निरीक्षण में विद्यालयों का संचालन पूर्व की तरह जारी मिला, जिस पर विभाग ने कार्रवाई की।निरीक्षण के दौरान कस्बे के मॉर्डन गुरुकुल एकेडमी बच्चों के आवागमन के लिए अवैध वाहनों के प्रयोग का मामला भी सामने आया। बीईओ ने विद्यालय प्रबंधन से संबंधित जानकारी और अभिलेखों की जांच की। वहीं बल्लीपुर में संचालित संकटा प्रसाद श्यामकली सरस्वती विद्यालय में बिना मान्यता कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने की बात सामने आई।बीईओ ने विद्यालय के आवश्यक अभिलेख जब्त कर लिए और मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी है। उन्होंने बताया कि बिना मान्यता विद्यालयों का संचालन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दोनों विद्यालयों में शिक्षण कार्य बंद कराने के लिए निघासन थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए अवगत कराया गया है।शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से बिना मान्यता विद्यालय संचालकों में खलबली मची हुई है। निघासन में भले ही शिक्षा विभाग ने अवैध ढंग से संचालित प्राइवेट विद्यालयों के खिलाफ मोर्चा छेड़ा हो लेकिन लंबे क्षेत्रफल में दर्जनों बगैर मान्यता के विद्यालय आज भी संचालित है। निघासन कस्बे के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले अदलाबाद, मूड़ा बुजुर्ग, तारानगर, छेदुईपतिया, दुबहा, बम्हनपुर, लोधपुरवा, पिरथीपुरवा, सलीमाबाद समेत तिकुनिया क्षेत्र में दर्जनों विद्यालय बगैर मान्यता के धड़ल्ले से संचालित है। हालांकि दो विद्यालयों में कार्रवाई होने के बाद शिक्षा का व्यापार करने वाले संचालकों में कुछ हद तक शिक्षा विभाग का खौफ जरूर बरकरार है।

## संक्षेप समाचार

### जुलूस-ए-गौसिया को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



पीस कमेटी बैठक में मौजूद अधिकारी व संभ्रांत नागरिक। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आगामी पर्व जुलूस-ए-गौसिया को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर एवं सिटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में नगर के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की तथा जुलूस के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी समस्या की स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना दें।

### अलीगंज अग्निकांडः सुप्रीम कोर्ट में एसआईटी रिपोर्ट दाखिल, विशेष टीम ने 51 अवैध बिल्डिंगों की रिपोर्ट भी सौंपी

**लखनऊ।** अलीगंज अग्निकांड मामले की सुनवाई मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई। इस दौरान अग्निकांड की एसआईटी जांच रिपोर्ट भी बंद लिफाफे में कोर्ट में दाखिल की गई। करीब दो सप्ताह पहले शहर में अवैध निर्माणों की जांच के लिए आई सुप्रीम कोर्ट की विशेष टीम ने भी अपनी रिपोर्ट सौंप दी। टीम ने अलीगंज में चिह्नित 51 अवैध निर्माणों का मौके पर जाकर सर्वे पूरा किया है। अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी। 22 जून को अलीगंज के सेक्टर-डी में आवासीय भूखंड पर बने अवैध व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में आग लग गई थी। हादसे में 15 लोगों की मौत हुई थी। घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए अवैध निर्माणों की जांच के निर्देश दिए थे। कोर्ट के आदेश पर विशेष टीम पांच सितंबर को लखनऊ पहुंची थी और छह सितंबर को वापस गई थी। इन दो दिनों में टीम ने अलीगंज की 51 चिह्नित इमारतों के अलावा गोमतीनगर की कुछ इमारतों का भी निरीक्षण किया था। मंगलवार को टीम ने मौके पर मिले तथ्यों की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी। इसी रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे सुनवाई होगी। अलीगंज अग्निकांड की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में पहले से चल रही जनहित याचिका लोकनाथन बनाम तमिलनाडु राज्य सरकार के साथ की जा रही है। दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी हॉस्टल की पांच मंजिला इमारत गिरने की घटना के बाद इस मामले को भी उक्त जनहित याचिका के साथ जोड़ दिया गया है। अलीगंज में जिस अवैध इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत हुई थी, उसकी प्रारंभिक जांच में एलडीए के कई अधिकारियों और इंजीनियरों की भूमिका का उल्लेख किया गया था। इनमें विहित प्राधिकारी दुर्गेश श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता अवनींद्र सिंह, बीपी मौर्या, पीसी पांडेय और आनंद मिश्रा, सहायक अभियंता सुनील कुमार, गिरीश चंद्र शर्मा, अमर कुमार मिश्रा, आरएस सिंह, अनिल कुमार और संजय शुक्ला तथा अवर अभियंता जय प्रकाश नारायण, रवींद्र कुमार श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, प्रमोद पांडेय, अंबरीश कुमार शर्मा, शिवानंद शुक्ला और हेमंत कुमार के नाम शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, संजय शुक्ला, प्रमोद पांडेय समेत कई इंजीनियर निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त कर चुके हैं। अब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसआईटी और विशेष टीम की रिपोर्ट के बाद मामले में नामजद अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# बाढ़ के बाद बीमारियों ने बढ़ाई चिंता अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

## वायरल बुखार, खांसी-जुकाम और त्वचा संबंधी रोगों के मरीजों की संख्या बढ़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय



मरीजों को देखते सीएचसी के डाक्टर। -जागरण मोर्चा

**निघासन।** बाढ़ के पानी से घिरे और प्रभावित गांवों में अब बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। वायरल बुखार,खांसी-जुकाम समेत त्वचा संबंधी रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने से मंगलवार को सरकारी अस्पताल में भीड़ रही। सुबह पर्चा बनवाने के लिए मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतार लगी रही। ओपीडी के बाहर भी गहमागहमी का माहौल बना रहा।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव और गंदगी के बीच रहने से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में सबसे अधिक मरीज बुखार और सर्दी-जुकाम की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बदलाव और बाढ़ के बाद बने हालात के बीच वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके साथ ही खुजली, फंगल संक्रमण और अन्य त्वचा संबंधी रोगों से पीड़ित लोग भी उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।मंगलवार सुबह अस्पताल खुलते ही मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। पर्चा काउंटर से लेकर चिकित्सकों के कक्ष तक मरीजों की भीड़ दिखाई दी। कई मरीजों को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ा। चिकित्सकों ने मरीजों को साफ-सफाई रखने, दूषित पानी से बचने और आसपास गंदगी जमा न होने देने की सलाह दी है।बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निगरानी और चिकित्सा व्यवस्था बढ़ाए जाने की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

# फर्जी फास्टैग मामले में एसटीएफ का इटौंजा टोल प्लाजा पर छापा, सर्वर-डीवीआर जब्त, सात महीने पहले खुला खेल

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** फर्जी फास्टैग और वाहन नंबर के सहारे टोल चोरी और चालान से बचने के मामले की जांच में एसटीएफ ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। एसटीएफ ने लखनऊ-सीतापुर एक्सप्रेसवे के इटौंजा टोल प्लाजा पर छापा मारकर सर्वर, सीसीटीवी के डीवीआर समेत टोल से जुड़े तमाम दस्तावेज जब्त कर लिए। कार्रवाई के बाद टोल का सर्वर उपलब्ध नहीं होने से वहां टोल वसूली बंद हो गई। टोल का संचालन लखनऊ सीतापुर एक्सप्रेसवे लिमिटेड के पास है। जांच की जद में कंपनी के कई अधिकारी और कर्मचारी भी हैं।

एसटीएफ की यह कार्रवाई सोमवार को फर्जी फास्टैग के जरिए टोल और ऑनलाइन चालान से बचने वाले गिरोह के एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद हुई है। सीतापुर निवासी मुनीश को गिरफ्तार किया गया था। उसके साथी रियाज और सिराज की तलाश जारी है।

**सात महीने पहले दर्ज हुई थी एफआईआर :** फर्जी फास्टैग के इस खेल का मामला करीब सात महीने पहले सामने आया था। एआरटीओ लखनऊ दक्षिणी की शिकायत पर सरोजनीनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में मामले की विवेचना एसटीएफ को ट्रांसफर कर दी गई। तभी से एसटीएफ इस मामले की जांच कर रही थी।

**एसटीएफ को रिकॉर्ड नहीं दे रही थी कंपनी :** जांच के दौरान एसटीएफ ने टोल संचालन करने वाली कंपनी से टोल से संबंधित रिकॉर्ड कई बार मांगा। इसमें फास्टैग से जुड़े लेन-देन और वाहनों की आवाजाही समेत जांच के लिए जरूरी रिकॉर्ड शामिल थे। एसटीएफ के मुताबिक कंपनी की ओर से रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। रिकॉर्ड नहीं मिलने पर एसटीएफ ने अदालत का रुख किया। कोर्ट से वारंट लेने के बाद मंगलवार को टीम टोल प्लाजा पहुंची। यहां जांच टीम ने टोल से जुड़े सर्वर को अपने कब्जे में लिया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग वाला डीवीआर और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए गए।

**मौसम** 23 सितंबर से सक्रिय होगा चक्रवात, एक सप्ताह तक चलेगा बारिश का दौर

# मानसून की विदाई के बीच प्रदेश में मौसम का यू-टर्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी में बन रहे नए मौसम तंत्र से बुधवार से उत्तर प्रदेश में मौसम फिर करवट लेगा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 22 से 28 सितंबर के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। इसका असर पूर्वांचल, तराई और मध्य यूपी में ज्यादा देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह में बारिश के साथ अधिकतम तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। 25 से 27 सितंबर के बीच यूपी के कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है, जबकि 26 सितंबर को पूर्वी तराई के जिलों में अति भारी बारिश की संभावना है।

इधर मंगलवार को भी बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव क्षेत्र के असर से प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहे। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में मध्य क्षोभमंडल स्तर पर ऊपरी चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके प्रभाव से बुधवार से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां शुरू होंगी और 28 सितंबर तक इसका असर बना रह सकता है।

# लोहिया संस्थान के टॉयलेट में नवजात का शव मिलने की सूचना देने पर दो सफाईकर्मियों को बंधक बनाकर पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रशासनिक भवन पर धरना देते साथी की पिटाई से आक्रोशित कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। अस्पताल के शौचालय में नवजात का शव मिलने की सूचना देने वाले सफाईकर्मियों को ही पीटा गया है। पीटने का आरोप सहायक सुरक्षा अधिकारियों डॉ. राजेश कुमार यादव और सुरजीत सिंह पर लगा है। हालांकि संस्थान प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के लिए समिति का गठन कर दिया है। साथ ही सहायक सुरक्षा अधिकारियों डॉ. राजेश कुमार यादव और सुरजीत सिंह को काम करने से रोक दिया गया है।

दरअसल, सोमवार को अस्पताल के शौचालय में एक नवजात बच्चे का शव मिला था, जिसकी सूचना रामचन्दर और मोहन ने अधिकारियों को दी। आरोप है कि इसके बाद सुरजीत सिंह और राजेश यादव ने दोनों को कई घंटों तक बंधक बनाकर रखा और पीटा भी। मोहन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि प्रशासनिक भवन स्थित 16 नम्बर कमरे में लात-घूंसों और प्लास्टिक के पाइप से उनकी बेरहमी से पिटाई की गई है। इतना ही नहीं जातिसूचक गालियां देते हुए नौकरी से निकालने की धमकी दी और जबरन वीडियो भी बनवाया गया है।

मंगलवार सुबह जैसी ही घटना की जानकारी अन्य कर्मचारियों को हुई वह आक्रोशित हो उठे, करीब 400 सफाईकर्मियों और यूनियन के पदाधिकारियों ने संस्थान में कामकाज ठप कर दिया। इतना ही नहीं देखते ही देखते जोरदार प्रदर्शन भी शुरू हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम. सिंह ने सुरजीत सिंह और राजेश यादव को काम करने से रोक दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि जिस अधिकारी सुरजीत सिंह को काम से रोका गया है वह पहले ही रिटायर्ड हो चुके हैं, लोहिया संस्थान में वह संविदा पर तैनात हैं। कर्मचारियों ने मंगलवार को सीएमएस से मुलाकात कर बताया कि आरोपित अधिकारी सुरजीत सिंह खुद को आपका का (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (CMS)) खास बताते थे। आईकार्ड, ड्रेस और पर्चा बनवाने जैसी छोटी-छोटी बातों पर वे कर्मचारियों को डराते-धमकाते थे। कमरा नंबर 16 को उन्होंने टॉर्चर रूम बना रखा था, जहां पहले भी कई कर्मचारियों की पिटाई की जा चुकी थी और झूठे आरोप लगाकर कई को नौकरी से निकाला जा चुका था।

## बिजली कटौती के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** बिजली कटौती की समस्या से लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। शिकायतें करने के वावजूद समस्या का समाधान नही हो पा रहा है। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बिजली की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। घुंघचाई बिजली उपकेंद्र क्षेत्र में विभाग की ओर से जारी शेड्यूल और धरातल पर हो रही सप्लाई में काफी अंतर नजर आ रहा है। रात्रि का शेड्यूल उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। लोगों के मुताबिक कई बार बिजली कुछ देर के लिए आती है और फिर अचानक चली जाती है, सोमवार की रात करीब आठ बजे बिजली मिली जो नौ बजे तक रही,नौ बजे बिजली जाने के बाद रात्रि के करीब 11 बजकर 45 मिनट तक बिजली ठप रही। कुछ देर बाद सप्लाई ठप हो गई। इसके बाद रात्रि करीब एक बजे बिजली मिली, कुछ ही देर बाद फिर बिजली काट दी गई, जो मंगलवार को सुवह पांच बजे बिजली मिली, पूरी रात्रि बिजली की कटौती जा रही है। भीषण गर्मी के चलते पूरी रात लोग छतों पर ही घूमते दिखे, पूरी रात अंधेरे में गुजर जाती है। बच्चों की पढ़ाई भी वाधित हो रही है। मंगलवार को रात्रि में हो रही बिजली कटौती से परेशान गांव घुंघचाई के ग्रामीणों ने बस अड्डे पर एकत्र होकर बिजली बिभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर बिजली कटौती पर रोक लगाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली कटौती से बिजली चलित उपकरण शौपीस वने रहते है। बिजली का शैडयूल ताक पर रखकर मात्र एक दो घंटे ही बिजली मिल रही है। जिससे ग्रामीण रात्रि अंधेरे में काटनी पड रही है। ग्रामीणों ने बिजली कटौती पर रोक लगाए जाने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान कृष्णपाल, वेनीराम, रामरतन पासबान, रवि कुमार सहित कई मौजूद रहे।

# डंपर की चपेट में आकर पशु की मौत हिन्दु संगठनों ने जताई नाराजगी

### खनन की निगरानी पर उठे रहे सवाल, खनन में लगे डंपर

जागरण मोर्चा कार्यालय



मौके पर मौजूद हिन्दु संगठन के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** पूरनपुर-खुटार आसाम हाईवे पर सोमवार शाम मिट्टी लदे डंपर की चपेट में आने से पशु की मौत हो गई थी। हादसे के बाद राष्ट्रीय बजरंग दल और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर नाराजगी जताई। उन्होंने मिट्टी खनन और भारी वाहनों के संचालन की जांच कराने की मांग की। कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों खनन का धंधा जमकर फल फूल रहा है। बताया जाता है कि कढ़ेरचौराहा की ओर मिट्टी लेकर जा रहा डंपर रुरिया गांव के मोड़ के पास पहुंचा था। इसी दौरान सड़क पर मौजूद पशु उसकी चपेट में आ गया। हादसे में पशु की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रामसेवक, धनजयं मिश्रा, गौरक्षा प्रमुख शिवम सिंह भदौरिया समेत अन्य कार्यकर्ता पहुंच गए।कार्यकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र में मिट्टी से भरे डंपर लगातार आवागमन कर रहे हैं,उन्होंने खनन की अनुमति, परिवहन से जुड़े दस्तावेज और वाहनों की जांच की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और जांच शुरू कर दी। वहीं सुखदासपुर के पास प्लॉट पटान के लिए मिट्टी डाले जाने की सूचना भी प्रशासन को दी गई हालांकि मंगलवार दोपहर तक भी तहसील प्रशासन की टीम मौके पर नही पहुंची जबकि एसडीएम मयंक गोस्वामी के सीओजी फोन पर फोटो भेजा गया था। इस पर उन्होंने जाँच कराने की बात कहीथी। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि छोटे वाहनों पर कार्रवाई होती है, जबकि डंपरों के संचालन पर निगरानी जरूरी है और अधिकारी अंजान है। क्षेत्र में बडे पैमाने पर अवैध मिट्टी का खनन धडल्ले से किया जा रहा है। नाममात्र की परमीशन लेकर कई दिनों तक खनन किया जा रहा है।

## संक्षेप समाचार

### फौजी पति ने पत्नी को पीटा, पुलिस ने दर्ज नहीं किया मुकदमा

**बीसलपुर।** फौजी पति ने घर में दहेज का सामान लेने आई पत्नी को परिवार की मदद से हेलमेट से पीट कर घायल कर दिया। बीसलपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की बजाय घायल महिला के भाई के खिलाफ की शांति भंग की धारा के तहत कार्रवाई कर दी। पीड़ित महिला ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने को सिविल जज जूनियर डिवीजन तिलहर के न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। न्यायालय ने 24 सितंबर को पति सहित सात लोगों को न्यायालय में पेश होने के आदेश जारी किए हैं। शाहजहांपुर जनपद के कस्बा तिलहर निवासी स्वर्गीय बुद्ध सेन गंगवार की पुत्री प्रीति गंगवार ने तिलहर के सिविल जज जूनियर डिवीजन के न्यायालय मे बाद दायर कर आरोप लगाया कि उसकी शादी 22 जनवरी 2017 को बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम बढैरा निवासी पातीराम गंगवार के पुत्र पुरुषोत्तम के साथ हुआ था। शादी में उनके पिता ने बोलोरो गाड़ी व समर्थ अनुसार लाखों का दहेज दिया था। परंतु इससे ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया। 7 नवंबर 2017 को तिलहर थाने में ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। समझौत होने पर पति के घर चली गई। उसके पति सुरक्षा बल में तैनात है। ससुराल में उसके दो बच्चे हुए परंतु पति का व्यवहार नहीं बदला। वह अपने बच्चों के साथ मायके में आकर रहने लगी। पति ने दहेज में दी गई बोलेरो गाड़ी बिक्री कर ली। 20 जून 2026 को अपने भाई प्रदीप के साथ ससुराल मे पिता द्वारा दिया गया दहेज का सामान लेने गई तो पति ने हेलमेट से सिर में प्रहार किया। देवर श्रवण कुमार,संजीव कुमार, अशोक कुमार व उनकी पत्नी मधु व ऋषभ ने उसे मारा पीटा। भाई ने बचाने का प्रयास किया तो इन लोगों ने उसे भी पीटा। आरोप लगाया कि बीसलपुर कोतवाली पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। बल्कि उसके भाई के खिलाफ ही शांति भंग की धारा के तहत मुकदमा कार्यवाही कर दी। न्यायालय ने इस मामले में महिला के पति सहित आरोपी पक्ष को नोटिस भेज कर 24 सितंबर को न्यायालय में पेश होकर अपना पक्ष रखने के आदेश जारी किए हैं।

### अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार, जेल भेजा

**पूरनपुर।** घुंघचाई पुलिस और आबकारी बिभाग की टीम ने संयुक्त रुप से अवैध कच्ची शराब को लेकर छापा मारा। पुलिस ने घुंघचाई क्षेत्र के उदरहा गांव से आगे दियूरियाकला रोड पर स्थित मटैहना चौराहे पर छापामारी करने के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बीस लीटर अवैध कच्ची शराब वरामद की,पकडे गए आरोपी से पुलिस ने जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम संतोष कुमार निवासी ग्राम दिलावरपुर थाना घुंघचाई जिला पीलीभीत बताया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पकडे गए युवक को जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शराव बनाने वालों पर सख्त कार्यवाही कि जाएगी।

### पूरनपुर पहुंचे सपा के प्रदेश अध्यक्ष का सपा नेता राजकुमार "राजू" ने किया भव्य स्वागत




सपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते राजू। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के पूरनपुर आगमन पर घुंघचिहाई चौराहे पर सपा नेता राजकुमार "राजू" के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने फूल–मालाओं से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं विधायक अताउर रहमान भी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। सपा नेता राजकुमार "राजू" ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का पूरनपुर आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह का अवसर है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता से लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यकर्ता गांव–गांव और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी, भगवान दीन वर्मा, अनिल शर्मा, नौशाद गाजी, ठाकुर, रजनीश पांडेय, खुर्शीद अहमद, इमरान वली खां, अरशद रफीकी, बसंत भारती, ओम शर्मा, नरेश सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती और समाजवादी विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

### पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी को तीन साल की सजा

**अमरिया।** पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते पॉक्सो एक्ट के मामले में न्यायालय ने एक अभियुक्त को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 14 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार, 11 नवंबर 2019 को अमरिया थाने में धारा 354 भादवि और 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद अभियुक्त कौशल कुमार पुत्र मंगली प्रसाद निवासी हैदराबाद डिंगा, थाना अमरिया के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मामले में अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के बाद 22 सितंबर 2026 को न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास तथा कुल 14 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# हरियाणा में शटरिंग की बल्ली टूटने से बड़ा हादसा पूरनपुर के 30 वर्षीय राजमिस्त्री रबी खान की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।

**पूरनपुर।** रोजी-रोटी की तलाश में घर से दूर हरियाणा गए उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के पूरनपुर देहात क्षेत्र वार्ड नंबर 2 निवासी 30 वर्षीय रबी खान की एक दर्दनाक हादसे में जान चली गई। रविवार दोपहर इमारत निर्माण के दौरान शटरिंग की बल्ली अचानक टूट जाने से वे काफी ऊंचाई से सीधे जमीन पर आ गिरे। इस हादसे में उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। सहकर्मियों द्वारा तत्काल अस्पताल ले जाने के बावजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस प्रक्रिया के बाद जब उनका शव देर रात सोमवार पूरनपुर स्थित उनके घर पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरनपुर के वार्ड नंबर 2 निवासी रबी खान पुत्र स्व. रियासत खान पेशे से राजमिस्त्री थे। वे अपने परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 20 दिन पहले ही हरियाणा के पटौदी इलाके में मजदूरी करने गए थे। रविवार दोपहर करीब 2 बजे वे एक निर्माणाधीन मकान में लिंटर (छत) की शटरिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक छत के नीचे लगाई गई लकड़ी की बल्ली टूट गई, जिससे संतुलन बिगड़ने पर रबी खान सीधे नीचे फर्श पर आ गिरे। हादसा होते ही निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। साथ काम कर रहे अन्य साथी मजदूर और स्थानीय लोग आनन-फानन में रबी खान को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए। हालांकि, सिर में अत्यधिक अंदरूनी चोट आने के कारण डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद रबी खान का शव जब पूरनपुर स्थित निवास स्थान लाया गया तो घर में चीख पुकार मच गई। रबी खान अपने पीछे अपनी वृद्ध मां पत्नी और चार छोटे छोटे मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। बच्चों में सबसे बड़ी पुत्री तबस्सुम 7 वर्ष आयत नूर 5 वर्ष आयजा बी 3 वर्ष और सबसे छोटा पुत्र अब्दुल खान 2 वर्ष शामिल हैं। अपने पिता के साये से बेखबर मासूम बच्चों और बिलखती मां को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि रबी खान कुल दो भाई थे जिनमें वे छोटे थे। रबी खान के पिता रियासत खान का निधन लगभग 20 वर्ष पहले ही हो चुका था। पिता के चले जाने के बाद से रबी खान ही अपनी वृद्ध मां पत्नी और चारों बच्चों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। शादी के बाद वे मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे और वृद्ध मां के लिए बुढ़ापे की लाठी थे।

## महिला पर लोहे की रॉड से हमला कर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पानी सार्वजनिक रास्ते पर जाने को लेकर हुए विवाद में महिला से मारपीट और उसकी भाभी पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। माधोटांडा पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव आसपुर निवासी रामगोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 सितंबर की सुबह करीब सात बजे उसके नल का पानी सार्वजनिक रास्ते पर चला गया था। इसी बात को लेकर गांव के वेदप्रकाश और उसके बेटे आदर्श ने उसकी पत्नी चित्रा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर वेदप्रकाश ने उसकी पत्नी को जमीन पर गिरा दिया। शोर सुनकर रामगोपाल की भाभी कमला देवी मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव किया। आरोप है कि इसके बाद दोनों आरोपी घर से लाठी और लोहे की रॉड लेकर आए और कमला देवी पर हमला कर दिया। हमले में उनके दोनों हाथों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित पक्ष ने बताया कि आरोपियों से पहले भी विवाद हो चुका है।शोर मचाने पर कई लोग मौके पर पहुंच गए। वमुश्किल विवाद को शांत कराया। रामगोपाल ने परिवार को जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी गई है।

# मांगें पूरी न होने पर लेखपालों ने अतिरिक्त हल्के का कार्य छोड़ा, कार्यालय में जमा किए दस्तावेज

जागरण मोर्चा कार्यालय



मौजूद लेखपाल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** लंबित मांगों का समाधान न होने पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील पूरनपुर इकाई ने मंगलवार से अतिरिक्त हल्के के कार्य का बहिष्कार शुरू कर दिया। लेखपालों ने अतिरिक्त हल्के से संबंधित दस्तावेज और बस्ता संबंधित कार्यालय में जमा कर दिए। इससे पहले संघ ने 19 सितंबर को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की थी।तहसील अध्यक्ष शिशुपाल सिंह और मंत्री आकांक्षा राजपूत के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में अंतर्मंडलीय स्थानांतरण, चयन वर्ष 2025-26 की लंबित पदोन्नति सूची जारी करने, प्रशिक्षण परीक्षा का परिणाम और प्रमाणपत्र घोषित करने समेत कई मांगें उठाई गई थीं। लेखपालों ने स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 500 रुपये, मोटरसाइकिल भत्ता 1500 रुपये करने तथा विशेष भत्ते में वृद्धि की मांग भी रखी है।संघ ने भूलेख कार्यालयों में संबद्ध लेखपालों को मूल कार्य पर वापस भेजने, ग्राम सचिवालयों में पर्याप्त सुविधाएं मिलने तक रोस्टर का बहिष्कार करने, 2800 ग्रेड पे की वेतन विसंगति दूर करने तथा लेखपाल पद को तकनीकी पद घोषित कर लैपटॉप और मोबाइल उपलब्ध कराने की मांग की थी। उसके भी मांगे पूरी नहीं हुई और लेखपालों ने अतिरिक्त कार्य का आज से बहिष्कार कर दिया है।

# गन्ना विकास समिति में किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



गन्ना विकास समिति के कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व किसान।

**पूरनपुर।** गन्ना विकास समिति में किसानों की समस्याओं के समाधान एवं गन्ना संबंधी कार्यों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने किसानों को संबोधित किया। गन्ना विकास समिति के सचिव मनीष सिंह ने किसानों को समिति की कार्यप्रणाली और गन्ने से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया तथा उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में किसानों ने गन्ना समिति से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव रखे। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। किसानों द्वारा की गई 416 शिकायतों का मौके पर ही निष्करण कर दिया गया समिति की ओर से किसानों को शासन की योजनाओं और गन्ना संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**कार्रवाई** छोटे दुकानदारों ने लगाया भेदभाव करने का आरोप

# पूरनपुर में अतिक्रमण हटाने के लिए चला बुलडोजर

जागरण मोर्चा कार्यालय




पूरनपुर में बुलडोजर से हटाया अतिक्रमण। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** पूरनपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला गया। बुलडोजर से अतिक्रमण हटाकर कब्जा हटाया गया। हाईवे किनारे अतिक्रमण कर लिया गया। इसके खिलाफ एनएचआई की टीम ने मंगलवार को अभियान चलाकर कई अस्थायी दुकानों को हटवा दिया। टीम की कार्रवाई से सड़क किनारे दुकान लगाने वाले फल-सब्जी विक्रेताओं में खलबली मच गई। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई में भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया। दुकानदारों का कहना है कि हाईवे की जमीन के आसपास कई बड़े कारोबारी लंबे समय से दुकानें और प्रतिष्ठान संचालित कर रहे हैं। इनमें बाइक एजेंसी, मोरंग-बजरी की दुकानें समेत अन्य बड़े कारोबार शामिल हैं। आरोप है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में इन प्रतिष्ठानों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि छोटे फल और सब्जी विक्रेताओं की दुकानों को बुलडोजर से हटा दिया गया। दुकानदारों ने मांग की कि यदि हाईवे की जमीन पर अतिक्रमण है तो सभी के खिलाफ समान रूप से कार्रवाई की जाए। उनका कहना था कि छोटे दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।अभियान के दौरान एनएचआई के आमीन, आमीन अहमद, जेई सुमनलता, सहायक अभियंता विजय राज, नायब तहसीलदार दीपक कुमार, कानूनगो सहित पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों की मौजूदगी में हाईवे किनारे से अतिक्रमण हटाया गया। इसको लेकर दुकानदारों में खलवली मची रही। भेदभाव का भी आरोप लगाया गया है।

## रास्ता रोककर युवक पर फायरिंग, हाथ में लगी गोली

**पीलीभीत।** दियोरिया कलां थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया संजरपुर निवासी दुर्विजय सिंह उर्फ कपिल के बाएं हाथ में गोली लगने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार 21 सितंबर की रात करीब 10 बजे घायल को परिजन उपचार के लिए सीएचसी बीसलपुर ले गए थे, जहां उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य बताई गई। घायल की तहरीर पर ग्राम महेशपुर निवासी दानवीर के खिलाफ थाना दियोरिया कलां में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि दानवीर ने मोटरसाइकिल से रास्ता रोककर फायरिंग की, जिसमें गोली उसके हाथ में लगी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दहेज में नगदी न लाने पर विवाहिता की हत्या करने की कोशिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप**

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को मार पीटकर प्रताडित करना शुरु कर दिया। आरोप है कि देवर ने कमरे में घुसकर छेंडछाड कर जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने बताया कि उसका निकाह पांच माह पहले एक युवक के साथ हुई थी। जिसमे मायके वालों ने अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नही थे। आरोप है कि शादी के वाले दिन ही ससुरालियों ने पचास हजार रुपये कम देने की बात कहने लगे और विवाद करने लगे, रिस्तेदारों के समझाने पर उसका निकाह हुआ और वह अपनी ससुराल पहुंची, आरोप है कि पचास हजार रुपये को लेकर मारपीट कर प्रताडित करना शुरु कर दिया, सात सितंबर को विवहिता घरेलू काम निपटाकर कमरे में वेड पर लेटी थी। पति बाहर खेत गए थे। आरोप है कि देवर गलत नीयत से कमरे में घुस आया। आरोप है कि वेड पर लेटी विवाहिता को दवोच लिया। और छेडछाड कर जबरन कपडे फाड दिए और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। वमुश्किल उसने किसी तरह से अपने आपको बचाया। देवर ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इस घटना के वारे में वताया तो सभी ने एक राय होकर विवाहिता को बहरेमी से मारा पीटा। जान से मारने की नीयत से गला दबाया, शोर मचाने पर आस पास के लोगों ने वमुश्किल बचाया। सूचना पर उसके पिता ससुराल पहुंचे और उसको मायके लेकर आए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी गई है।

# एशियन गेम्स : स्वर्ण पदक का खाता खुला, भारतीय बेटियों ने क्रिकेट में जीता लगातार दूसरा गोल्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**निशिन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 में भारत के लिए स्वर्ण पदक का खाता खोल दिया। फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 147 रन से हराकर लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 216/3 का विशाल स्कोर बनाया, जवाब में श्रीलंकाई टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर सिमट गई।

भारत का स्वर्ण पदक का खाता खुल गया है। भारत की बेटियों ने क्रिकेट में स्वर्ण पदक दिलाया। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में टीम इंडिया ने 147 रन से विशाल जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन बनाए। 217 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने मुकाबला 147 रन से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट लेकर श्रीलंका की पारी को संभलने का मौका नहीं दिया।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता है। भारत ने इससे पहले 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी महिला क्रिकेट का स्वर्ण पदक जीता था। इस बार भी टीम ने अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारत के एशियन गेम्स 2026 में कुल पदकों की संख्या सात हो गई है और टीम पदक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है।



**मंधाना और शेफाली की तूफानी बल्लेबाजी :** स्मृति मंधाना ने शानदार 79 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। उनके साथ शेफाली वर्मा ने भी अहम योगदान दिया और 48 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने भारतीय पारी को शुरुआती ओवरों में मजबूती दी और श्रीलंका के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। इसके बाद भारत ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बटोरे।

**ऋचा घोष ने अंत में मचाई तबाही :** भारत की पारी के आखिरी हिस्से में ऋचा घोष ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने सिर्फ 22 गेंदों में 49 रन ठोककर टीम को 200 के पार पहुंचाया। भारत ने 20 ओवर में 216 रन बनाए और श्रीलंका के सामने 217 रन का लक्ष्य रखा। इस तरह भारत ने फाइनल में श्रीलंका के सामने बड़ा लक्ष्य खड़ा किया।

**भारत की बेटियों का श्रीलंका पर दबदबा :** इस जीत के साथ भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार आठवीं जीत दर्ज की। यह भारत की महिला टीम की टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे लंबी लगातार जीत की लय है। इससे पहले भारत ने 2018 में लगातार सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते थे।

**2024 एशिया कप के बाद श्रीलंका के खिलाफ लगातार आठ जीत :** श्रीलंका ने भारत को आखिरी बार 2024 महिला एशिया कप के फाइनल में हराया था। इसके बाद दोनों टीमों के बीच हुए आठों टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत ने जीत दर्ज की। यानी 2024 एशिया कप फाइनल में मिली हार के बाद भारत ने श्रीलंका को लगातार आठ मैचों में शिकस्त दी है। 2026 एशिया कप फाइनल में भी भारत ने श्रीलंका को 72 रन से हराया था। एशियन गेम्स के फाइनल में यह दबदबा और मजबूत हुआ।

**टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की सबसे लंबी जीत की लय :** भारत की महिला टीम ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार जीत का अपना नया रिकॉर्ड बनाया है। 2018 में टीम इंडिया ने लगातार सात मैच जीते थे। अब 2026 में श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स फाइनल की जीत ने भारत की लगातार जीत की लय को आठ मैचों तक पहुंचा दिया।

**टूर्नामेंट फाइनल में भारत-श्रीलंका का रिकॉर्ड :** भारत और श्रीलंका की महिला टीमें पिछले कुछ वर्षों में कई बड़े टूर्नामेंट फाइनल में आमने-सामने आई हैं। इनमें भारत ने चार फाइनल जीते हैं, जबकि श्रीलंका को एक जीत मिली है। 2026 में भारत और श्रीलंका के बीच दो बड़े टूर्नामेंट फाइनल हुए और दोनों में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की। पहले महिला एशिया कप 2026 के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 72 रन से हराया। इसके बाद एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत ने 147 रन की और भी बड़ी जीत दर्ज की।

श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स 2026 के फाइनल में स्मृति मंधाना ने 79 रन की शानदार पारी खेली। श्रीलंका की पूरी टीम 69 रन पर सिमट गई। यानी मंधाना ने अकेले ही श्रीलंका की पूरी टीम से 10 रन ज्यादा बनाए। यह पहली बार नहीं है जब भारत की किसी महिला बल्लेबाज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अकेले विपक्षी टीम के कुल स्कोर से ज्यादा रन बनाए हों। 2014 से अब तक भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा छह बार किया है। इसमें स्मृति मंधाना का 2026 में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ 124 रन का तूफानी शतक और शेफाली वर्मा का बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 100 रन भी शामिल है।

# मीराबाई चानू लगाएंगी स्वर्ण पर दांव मनु भाकर भी उतरेंगी मैदान में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आइची नागोया।** एशियन गेम्स 2026 के चौथे दिन यानी 23 सितंबर को भारतीय दल कई अहम मुकाबलों में उतरेगा। दिन की शुरुआत शूटिंग, रोइंग और इक्वेस्ट्रियन से होगी, जबकि वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू और ज्ञानेश्वरी यादव पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। बैडमिंटन में भारत चीन के खिलाफ पुरुष टीम सेमीफाइनल खेलेगा।



एशियन गेम्स 2026 में भारत के लिए बुधवार का दिन बेहद अहम रहने वाला है। भारतीय दल के पास चौथे दिन कई पदक जीतने के मौके होंगे। सबसे ज्यादा नजरें वेटलिफ्टिंग पर होंगी, जहां स्टार खिलाड़ी मीराबाई चानू महिलाओं की 49 किग्रा स्पर्धा के फाइनल में उतरेंगी। उनके पास एशियन गेम्स में अपने पहले पदक के साथ स्वर्ण जीतने का मौका होगा। वहीं, ज्ञानेश्वरी यादव भी महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। शूटिंग में भी भारत की नजरें स्वर्ण पर होंगी, जबकि इक्वेस्ट्रियन में टीम और व्यक्तिगत दोनों वर्गों में पदक दांव पर होंगे। इसके अलावा बैडमिंटन में भारतीय पुरुष टीम चीन के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगी। दिन के सबसे बड़े आकर्षणों में मीराबाई चानू का महिलाओं की 49 किग्रा वेटलिफ्टिंग फाइनल शामिल है।

# श्रीलंका के खिलाफ गरजे जो रूट, 23 हजार रन पूरे कर सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट।** श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जो रूट ने 23,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर इतिहास रच दिया और इस मुकाम तक पहुंचने वाले दुनिया के आठवें बल्लेबाज बने। रूट ने 521 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की और सचिन तेंदुलकर (522 पारियां) को पीछे छोड़कर इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।



इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। रूट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 23,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के आठवें और इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के मामले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को भी पीछे छोड़ दिया। रूट ने यह उपलब्धि अपनी 521वीं अंतरराष्ट्रीय पारी में हासिल की, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 522 पारियों में 23,000 रन पूरे किए थे। भारत के विराट कोहली इस मामले में सबसे तेज हैं, जिन्होंने 490 पारियों में यह आंकड़ा छुआ था।

रूट को 23,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने के लिए सिर्फ तीन रन की जरूरत थी। उन्होंने शानदार कलाई के फ्लिक से चौका जड़कर इस खास क्लब में अपनी जगह बनाई। 23,000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में रूट से पहले सचिन तेंदुलकर (34,357), विराट कोहली (28,359), कुमार संगकारा (28,016), रिकी पोंटिंग (27,483), महेला जयवर्धने (25,957), जैक्स कैलिस (25,534) और राहुल द्रविड़ (24,208) शामिल हैं।

जो रूट पिछले कुछ समय में टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के कई रिकॉर्ड पीछे छोड़ चुके हैं। हाल ही में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने के मामले में भी सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा था।

अब क्रिकेट जगत की नजर रूट पर टेस्ट क्रिकेट में सचिन के सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने पर है। सचिन के नाम टेस्ट में 15,921 रन हैं, जबकि रूट 14,278 रन बना चुके हैं। यानी वह इस रिकॉर्ड से 1,643 रन दूर हैं। रूट दिसंबर में 36 साल के हो जाएंगे, लेकिन उनका शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने के सचिन के रिकॉर्ड से भी 31 मैच पीछे हैं। सचिन ने अपने करियर में 200 टेस्ट खेले हैं।




# एशियन गेम्स 2026 : जुगराज के चार गोल, अभिषेक-दिलप्रीत की हैट्रिक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आइची नागोया।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन गेम्स 2026 में श्रीलंका को 16-1 से हराकर पूल-ए में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। जुगराज सिंह ने चार गोल किए, जबकि अभिषेक और दिलप्रीत सिंह ने हैट्रिक लगाकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई।



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन गेम्स 2026 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए मंगलवार को श्रीलंका को 16-1 से करारी शिकस्त दी। गिफू प्रीफेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में खेले गए पूल-ए के मुकाबले में गत चैंपियन भारत ने शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा। भारत की यह पूल-ए में लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले टीम ने अपने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया को 13-1 से हराकर की थी। भारत की ओर से जुगराज सिंह ने चार गोल दागे, जबकि अभिषेक और दिलप्रीत सिंह ने हैट्रिक लगाई। हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए, जबकि मंदीप सिंह, सुखजीत सिंह, मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने एक-एक गोल किया। इस तरह भारत के आठ अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल किए।

**पहले क्वार्टर से ही भारत का दबदबा :** भारत ने मैच के पांचवें मिनट में ही बढ़त बना ली। जरमनप्रीत सिंह के शानदार मूव के बाद मंदीप सिंह ने गेंद को गोल में पहुंचाया। इसके बाद जुगराज सिंह ने 10वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। अगले ही मिनट अभिषेक ने भारत की बढ़त 3-0 कर दी। हरमनप्रीत सिंह ने 16वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया, जबकि एक मिनट बाद अभिषेक ने अपना दूसरा गोल दाग दिया। जुगराज ने 22वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 6-0 से आगे कर दिया। 24वें मिनट में जुगराज के एक और प्रयास को वीडियो रेफरल के बाद गोल नहीं माना गया। भारत ने 29वें मिनट में सुखजीत सिंह के गोल से छह गोल की बढ़त फिर हासिल की। इसके अगले ही मिनट दिलप्रीत सिंह ने गोल कर भारत को हाफ टाइम तक 8-0 की मजबूत बढ़त दिला दी।

**तीसरे क्वार्टर में भी जारी रही गोलों की बारिश :** तीसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने आक्रामक खेल जारी रखा। मनप्रीत सिंह ने 31वें मिनट में जोरदार शॉट से गोल किया। इसके बाद विवेक सागर प्रसाद ने 36वें मिनट में बैकहैंड से शानदार गोल दागा। दिलप्रीत सिंह ने 38वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया, जबकि जुगराज सिंह ने 42वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर अपनी हैट्रिक पूरी की। 45वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह ने अपना दूसरा गोल किया और तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत 13-0 से आगे हो गया।







# महंगे रिचार्ज से छुट्टी ! ट्राई का बड़ा फैसला, टेलीकॉम कंपनियों को लॉन्च करना होगा बिना डेटा वाला सस्ता मंथली प्लान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नई दिल्ली।** ट्राई ने देश के करोड़ों मोबाइल यूजर्स को राहत देने का फैसला किया है। दूरसंचार नियामक ने अपने नियमों में संशोधन करते हुए दूरसंचार कंपनियों को बिना डेटा वाला सस्ता मंथली प्लान लॉन्च करने का निर्देश दिया है। ट्राई ने कंज्यूमर प्रोटेक्शन नियम में 13वीं बार संशोधन कर दिया है। नए नियम के मुताबिक, टेलीकॉम कंपनियों को बिना डेटा वाला सस्ता मंथली प्लान लॉन्च करना होगा। ट्राई का यह फैसला खास तौर पर कम आय वाले ग्राहकों के लिए आया है।



ट्राई ने टेलीकॉम कंज्यूमर प्रोटेक्शन नियम में 13वां संशोधन करते हुए बड़ा फैसला किया है। अब टेलीकॉम ऑपरेटर्स Airtel, Jio, Vodafone Idea और BSNL को यूजर्स के लिए बिना डेटा वाला सस्ता मंथली प्लान लॉन्च करना होगा। पहले भी TRAI के आदेश पर टेलीकॉम ऑपरेटर्स ने वॉइस और SMS ओनली प्लान पेश किए हैं, जो 84 दिन और 365 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते हैं।

**लॉन्च करना होगा सस्ता टैरिफ वाउचर :** TRAI ने TCPR 2026 के 13वें संसोधन को मंजूरी दे दी है, जिसमें टेलीकॉम ऑपरेटर्स को बिना डेटा वाले वॉइस और SMS ओनली वाले स्पेशल टैरिफ वाउचर (STV) लाने का निर्देश दिया गया है। इस नए नियम का ड्राफ्ट दूरसंचार नियामक ने 7 अप्रैल 2026 को अपनी वेबसाइट पर पब्लिश की थी। इस प्लान को खास तौर पर उन यूजर्स के लिए लाया जाएगा, जिनकी आय बहुत कम है। टेलीकॉम सर्विस लोगों के लिए एक जरूरी माध्यम बन गया है, जिसकी वजह से दूरसंचार नियामक ने टेलीकॉम ऑपरेटर्स को सस्ते मंथली प्लान लाने का आदेश दिया है। दूरसंचार नियामक ने अपने नए नियम में टेलीकॉम ऑपरेटर्स को आदेश दिया है कि हर टेलीकॉम ऑपरेटर्स को 30 दिन या इससे कम वैलिडिटी के स्पेशल टैरिफ वाउचर लॉन्च करने होंगे, जिनमें केवल वॉइस और SMS ऑफर किया जाएगा।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो०-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।